ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • चैत्र कृष्ण पक्ष 09 • विक्रम संवत 2079 • गुरुवार, 16 मार्च 2023 • वर्ष-29 • अंक-149 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 1.50

अपनी वैल्यू करना सिखाता हैं 'पॉप कौन'... पेज 10 पर




Government of Jharkhand

## बजट के मुख्य बिंदु

### कृषि

- झारखण्ड कृषि ऋण माफी योजना अंतर्गत 4.5 लाख से अधिक किसानों के ₹1,727 करोड़ के ऋण माफ
- सुखाड़ राहत हेतु 13 लाख किसानों के खाते में ₹461 करोड़ हस्तांतरित। शेष को शीघ्र राहत
- 5 एकड़ से कम क्षेत्र वाले तालाबों का गाद हटाने एवं डीप बोरिंग हेतु ₹500 करोड़
- मुख्यमंत्री पशुधन योजना से जुड़ेंगे लाखों किसान। ₹300 करोड़ का बजटीय उपबंध
- गिरिडीह और जमशेदपुर में नया डेयरी प्लांट तथा रांची में मिल्क प्रोडक्ट प्लांट की होगी स्थापना
- लाखों दुग्ध उत्पादकों को अब ₹3 प्रति लीटर की दर से मिलेगी प्रोत्साहन राशि
- मिलेट उत्पादन के प्रोत्साहन हेतु झारखण्ड राज्य मिलेट मिशन होगा शुरू

### ग्रामीण विकास


- बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन मिशन अंतर्गत 1 लाख किसानों की व्यक्तिगत भूमि पर सिंचाई कूप का निर्माण
- पीएम आवास - ग्रामीण इलाकों में घरों के निर्माण हेतु ₹3,542 करोड़ प्रस्तावित

### ग्रामीण कार्य

- पीएम ग्राम सड़क अंतर्गत 3,100 किमी सड़क तथा 143 पुल निर्माण की योजना
- सीएम ग्राम सड़क अंतर्गत सभी स्वास्थ्य उपकेंद्र, बाजार-हाट, पंचायत कार्यालय, मध्य/उच्च विद्यालय, पोस्ट ऑफिस/बैंक को पक्की सड़क से जोड़ने की योजना
- पुरानी सड़कों को चरणबद्ध तरीके से जीर्णोद्धार करने हेतु सतह नवीकरण-सह-विशेष मरम्मती योजना होगी शुरू

### स्कूली शिक्षा एवं उच्च शिक्षा

- 80 उत्कृष्ट विद्यालय तथा 325 प्रखंड स्तरीय लीडर स्कूलों के साथ-साथ 4,091 ग्राम पंचायत स्तरीय आदर्श विद्यालयों पर कार्य जारी
- नेतरहाट स्कूल की तर्ज पर चाईबासा, दुमका तथा बोकारो में आवासीय विद्यालय का होगा निर्माण
- गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री शिक्षा प्रोत्साहन योजना एवं एकलव्य प्रशिक्षण योजना अंतर्गत करीब 37,000 छात्र-छात्राओं को लाभ देने का लक्ष्य





### श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विभाग

- मुख्यमंत्री सारथी योजना अंतर्गत 1,40,000 युवक-युवतियों को मिलेगा कौशल प्रशिक्षण। प्रशिक्षण उपरांत रोजगार न मिलने पर 6 माह तक पुरुषों को ₹1,000 तथा महिलाओं और दिव्यांगजनों को ₹1,500 प्रतिमाह दिया जायेगा

### अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण

- वित्तीय वर्ष 2022-23 में प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति के तहत 22 लाख से अधिक विद्यार्थियों को ₹462 करोड़ से अधिक भुगतान
- मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना (CMEGP) अंतर्गत 5,600 युवाओं को अब तक मिला लाभ। 2023-24 में योजना अंतर्गत 2 लाख युवाओं को लाभ देने का लक्ष्य

- सभी छात्रावासों में छात्र-छात्राओं को नि:शुल्क भोजन एवं हॉस्टल में रसोईया तथा अन्य कर्मी होंगे उपलब्ध
- हॉस्टल में मॉडल लाइब्रेरी की स्थापना का लक्ष्य
- जनजातीय संस्कृति एवं कला केंद्रों में पारंपरिक वाद्य यंत्रों की आपूर्ति का प्रस्ताव
- मानकी, मुंडा, डकुआ आदि को न्यायिक, प्रशासनिक एवं वित्तीय कार्य हेतु दोपहिया वाहन सुलभ कराने का प्रस्ताव

### स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण

- बोकारो एवं रांची में मेडिकल कॉलेज की होगी स्थापना
- पलामू, चाईबासा एवं दुमका में मनोचिकित्सा केंद्र की स्थापना प्रस्तावित
- मोबाइल ग्राम क्लिनिक का होगा संचालन और प्रबंधन
- नए नर्सिंग और फार्मेसी कॉलेज की होगी स्थापना

### महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा

- सर्वजन पेन्शन योजना हेतु ₹2,131 करोड़ प्रस्तावित
- महिला एवं किशोरी कल्याण योजना होगी शुरू
- 800 नए आंगनबाड़ी भवन का होगा निर्माण

### जल संसाधन

- पटमदा तथा पलामू में मेगा लिफ्ट सिंचाई परियोजनाएं प्रस्तावित। दुमका में मसलिया-रानेश्वर तथा देवघर-जामताड़ा में सिकटिया में मेगा लिफ्ट सिंचाई परियोजना पर चल रहा काम

### पथ निर्माण

- रांची में सिरमटोली चौक से राजेंद्र चौक तक फ्लाईओवर, कांटाटोली फ्लाईओवर तथा विकास विद्यालय से नामकुम तक फोरलेन पर काम जारी
- सड़कें बनेंगी फोरलेन
  1. साहेबगंज-बरहेट-जामताड़ा- दुमका-गोविंदपुर सड़क
  2. कोडरमा-जमुआ-गिरिडीह-टुंडी-गोविंदपुर (SH-13) सड़क
  3. सतसंग-भिरखीबाद सड़क

### ऊर्जा

- 100 यूनिट नि:शुल्क बिजली योजना का 18 लाख उपभोक्ताओं को मिल रहा लाभ। वित्तीय वर्ष 2023-24 में योजना हेतु ₹2,300 करोड़ का बजट

### पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य

- खेलकूद को बढ़ावा देने हेतु ग्रास रूट ट्रेनिंग सेंटर एवं सिद्धो-कान्हू युवा क्लब की होगी स्थापना

### नगर विकास एवं आवास

- रामगढ़ एवं सिमडेगा शहरी जलापूर्ति तथा 45 तालाबों का होगा जीर्णोद्धार
- झुमरीतिलैया तथा मेदिनीनगर शहरी जलापूर्ति योजना एवं राँची इन्टेक वर्क्स का होगा निर्माण
- Jharkhand Municipal Development Project (JMDP) अंतर्गत लोहरदगा, गुमला एवं कपाली नगर निकायों में शहरी जलापूर्ति योजनाओं का निर्माण कार्य होगा प्रारंभ

### वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन

- लघु वन उत्पादों की प्रसंस्करण इकाइयाँ होंगी प्रोत्साहित
- जंगल के बीच अवस्थित गांव, जहां अबतक पक्की सड़क नहीं बनी, उन सभी गांवों को पक्की सड़क से जोड़ने का लक्ष्य

PR No. 292713 (IPRD) 2022-23

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

## NEWS इन ब्रीफ

### अखंड कीर्तन सह भंडारे का आयोजन 26 को

**हुसैनाबाद।** ग्रामीणों ने गैस गोदाम स्थित बगीचा में एक बैठक आयोजित की। जिसमें अगामी 26 मार्च को माई डोमिनियां दाई के उपलक्ष्य में अखंड कीर्तन सह भंडारे का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। साथ ही इसके लिए एक कमेटी का गठित की गई। जिसमें सरदार चौधरी को अध्यक्ष, यमुना सिंह को सचिव, रामनाथ कोषाध्यक्ष, मिथिलेश चौधरी उपाध्यक्ष, चंद्रदेव तिवारी उपसचिव मनोनीत किया गया । जबकि सदस्यों में सुधीर पटेल, लालबाबू, अनिल चौधरी,नौरंग चौधरी राजेन्द्र राम, शंभू चौधरी और अजय चौधरी आदि का नाम शामिल हैं।

### गोदाम से 30 बोरी चावल की चोरी



**हरिहरगंज।** थाना क्षेत्र के भगत तेंदुआ गांव के समीप एनएच 98 किनारे स्थित शहर के प्रसिद्ध व्यवसायी भोला प्रसाद गुप्ता के गोदाम का मंगलवार की रात ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने 30 बोरी चावल की चोरी कर ली। बुधवार की सुबह गोदाम खोलने आये मुनीब अनिल साव ने गोदाम के बाहर दो बोरी चावल गिरा हुआ पाया। बाद में देखा कि गोदाम का मेन गेट का ताला टूटा हुआ है। इसकी जानकारी उसने गोदाम मालिक को दी। वहीं सूचना के बाद थाना प्रभारी निर्भय कुमार, एसआई शिवशंकर उरांव तथा एएसआई संजय कुमार सिंह दलबल के साथ पहुंचकर गोदाम का निरीक्षण करआसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को पुलिस खंगाल रही है। इस संबंध में प्रभारी थाना प्रभारी निर्भय कुमार ने बताया कि पुलिस गहनता से छानबीन कर चोरी की घटना को अंजाम देने वाले चोर का पता करने में जुटी हुयी है।

## बाइक की टक्कर में दो घायल, रेफर



नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद में जपला दंगवार मुख्य पथ के चिरईयां खांड़ गांव के समीप दो बाइक की आमने सामने की टक्कर में बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में औरंगाबाद निवासी रोहित कुमार और मध्य प्रदेश निवासी समर्पण कुमार का नाम शामिल हैं। बताया जाता है कि दोनों जपला अपने अपने रिश्तेदार के घर आए थे। उक्त दोनों घायलों को हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया गया। जहां ऑन ड्यूटी मौजूद चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद मेदिनीनगर एमएमसीएच रेफर कर दिया गया है।

# संस्कृति से जुड़ी पहचान को मूर्त रूप देने पर हुई चर्चा



नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** जपला रेलवे स्टेशन पर सभी यात्री सुविधाओं को उपलब्ध कराने व कायाकल्प को लेकर डीडीयू के कल्याण निरीक्षक बीके सिन्हा समेत अन्य अधिकारियों ने निरीक्षण किया। जहां अधिकारियों ने रेलवे के एरिया क्षेत्रों का निरीक्षण करने से पहले विकास संबंधित तैयार रूपरेखा को लेकर बैठक की। इस दौरान अधिकारियों ने मुख्य रूप से जपला के पौराणिक,धार्मिक व ऐतिहासिक स्थल के बारे में जानकारी प्राप्त किया। मौके पर कल्याण निरीक्षक श्री सिन्हा ने बताया कि जपला स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन स्किम के तहत मॉडल स्टेशन के रूप में विकसित करने की योजना है। इस योजना के तहत अवांछित संरचनाओं को हटाकर आधुनिक रूप दिया जाएगा। इसके साथ-साथ समर्पित पैदल मार्ग,पार्किंग क्षेत्र ,समुचित प्रकाश समेत यात्रियों को आधुनिक सुविधा उपलब्ध कराना शामिल होगा। इसी कड़ी में जपला के आध्यात्मिक व सांस्कृतिक से जुड़ी पहचान को भी स्टेशन परिसर में मूर्त रूप दिया जाएगा। इसे मूर्त रूप देने के लिए आम लोगों की भी सहभागिता जरूरी है।इस दौरान वरीय भाजपा नेता रामप्रवेश सिंह,सांसद प्रतिनिधि अखिलेश्वर मेहता, उर्दवार मंडल अध्यक्ष रामराज मेहता,सुनील प्रसाद आदि ने कल्याण निरीक्षक को सात सूत्री मांग पत्र सौंपकर यात्री सुविधाओं के विस्तार की मांग की।

# विधायक के पहल पर शहीद भगत सिंह प्रतिमा का अनावरण 23 मार्च को

**पांकी मुख्य बाजार चौक को अब शहीद भगत सिंह चौक के नाम से जाना जायेगा।**



नवीन मेल संवादाता

**पांकी।** विधायक कुशवाहा डॉक्टर शशिभूषण मेहता के पहल पर पांकी मुख्य बाजार चौक पर शहीद भगत सिंह की प्रतिमा लगाई जायेगी। उन्होंने प्रेस वार्ता कर बताया कि 23 मार्च को सुबह 6:30 बजे पांकी कपूर्री चौक से प्रभात फेरी निकाली जायेगी । वहीं विधायक शशिभूषण मेहता ने प्रभात फेरी में अधिक अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है। प्रभात फेरी के पश्चात शहीद भगत सिंह के प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पांकी मुख्य बाजार चौक को अब शहीद भगत सिंह चौक के नाम से जाना जायेगा। विधायक ने यह जानकारी दर्जनों लोगों के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी। मौके पर, पांकी बजरंग दल के अध्यक्ष संस्कार सोनी, विधायक प्रतिनिधि सुनील गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि सत्य प्रकाश पांडे, मनोज सिन्हा, शंकर प्रसाद गुप्ता, श्यामनंदन ओझा, जय किशोर प्रसाद, राजदेव मेहता, रोशन सिंह, देव दिप सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## देवगन धाम को मिलेगा पर्यटन स्थल का दर्जा



**मेदिनीनगर।** पाटन छत्तरपुर विधायक पुष्पा देवी के अथक प्रयास से देवगन धाम को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जायेगा। पाटन छत्तरपुर का यह पहला चिन्हित पर्यटन स्थल होगा। जिसके लिए विधायक पुष्पा देवी ने संबंधित विभाग को कई बार पत्र लिखा है। उन्होंने कई बार विधानसभा में भी पर्यटक स्थल को लेकर आवाज उठाई। जिसके फलस्वरूप विभागीय पत्रांक 468 दिनांक03/03/2023 के द्वारा उक्त स्थल को पर्यटन स्थल घोषित करने का प्रस्ताव सरकार ने जिला पर्यटन संवर्धन समिति पलामू को भेजा है।

### छात्र- छात्राओं को दी गई विदाई

# शिक्षा के बगैर जीवन अधूरा : थाना प्रभारी

नवीन मेल संवाददाता

**मनातू।** सन साइन कोचिंग सेंटर में गुरूवार को दसवीं क्लास की छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह मनाया गया। जिसमें मनातू थाना प्रभारी कमलेश कुमार यादव, जिला परिषद प्रदीप कुमार चावला, नौडिया पंचायत के मुखिया बंधु भुइयां , नौडीहा उतरी पंचायत के पंचायत समिति नाजनी निशान,समाजसेवी अफजल खान ने सभी बच्चों का मार्गदर्शन किया। कंपटीशन पास कर अच्छे पद पर जाने की सलाह दी। वहीं अफजल खान ने कहा कि पढ़ाई का मकसद सिर्फ नौकरी पाना ही नहीं है । मौके पर थाना प्रभारी कमलेश यादव ने कहा कि सरकार द्वारा बहुत सारी सुविधाएं बच्चों को दी जा रही है जो पहले नहीं मिलती थी। आप जितना ही मेहनत करेंगे आपको उतना की याद रहेगा । जो समझ में नही आता है वो अपने शिक्षक पूछे । मेहनत करें और दिल लगाकर पढ़ाई करे । वहीं निर्देशक जाहिद हुसैन ने कहा कि आप सभी यह लक्ष्य रखें कि अच्छा नंबर लाकर आगे की पढ़ाई करें ,ताकि आप लोग आगे चलकर हमसे से भी ऊंचा पद हासिल करे। अपने माता पिता एवं गांव प्रखंड का नाम रौशन करे। प्रिंसिपल विजय ने कहा कि आपको जब हम सभी की जरूरत हो हम सभी आपके साथ है । जिस वक्त आप हमें याद करेंगे हम आपके मार्गदर्शन को तैयार रहेंगे। मौके पर रिजवान अंसारी , नूरमोहम्मद अंसारी ,अब्दुल्लाह अंसारी, समद अंसारी, नईम अंसारी ,सफीक अंसारी सहित कई अभिभावक व बच्चे उपस्थित थे।



## कांशीराम की 89 वीं जयंती मनी, लोगों ने किया माल्यार्पण



नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक कांशीराम की 89 वीं जयंती बुधवार को बसपा कार्यालय में मनाई गई। मौके पर बसपा कार्यकर्ताओं ने उनके तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। मुख्य अतिथि के रूप में शामिल बसपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व प्रत्याशी शेर अली ने कहा कि बीएसपी संस्थापक जिन्हें बहुजन नायक व साहेब के नाम से जाना जाता है। वह एक कुशल राजनेता और समाज सुधारक थे। जिन्होंने भारत मे जाति व्यवस्था के निचले भाग अछूत समूहों सहित बहुजनों,पिछड़ी यह निचली जाति के लोगों के उत्थान और राजनीतिक लामबंदी के लिए काम किया। उन्होंने कहा कि दलित, शोषित, आदिवासी और ओबीसी के अधिकारों के संघर्ष करने वाले कांशीराम ने दलितों की आवाज बुलंद की और ऊंच समुदाय के खिलाफ आवाज उठाते हुए देश मे बदलाव की लहर लायी। मौके पर उपस्थित विशिष्ठ अतिथि पुनित अम्बेडकर ने मान्यवर साहब के संघर्षों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया और कहा कि कांशीराम ने पार्टी को स्थापित करने के लिए अपना विशेष योगदान दिया। उन्होंने कहा कि 2024 में देश का गरीब मजदूर, किसान व देश हर नागरिक बदलाव चाहता है। इसके लिए पार्टी और कांशीराम के विचार धारा को अपनाना होगा। मौके पर बसपा के पूर्व जिला अध्यक्ष अजय भारती,पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष हरी यादव, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष बीरेंद्र राम,प्रणव सुमन,श्रवण राम सुमंत कुमार, नुरुल खान, जुल्फिकार अली, वकील सिद्दीकी ,सद्दाम कादरी ,रमेश प्रजापति गणेश चौधरी , सुमित पासवान , गुड्डु सिंह , अमित यादव समेत कई लोग शामिल थे।

## 13 वर्षीय गुलशन पांच दिनों से लापता



**हरिहरगंज।** सीमावर्ती बिहार के औरंगाबाद जिला अन्तर्गत माली थाना क्षेत्र के बिसाई गांव निवासी दुर्गा यादव का 13 वर्षीय पुत्र गुलशन कुमार पिछले पांच दिनों से लापता है। परिजनों ने उसकी काफी खोजबीन की। आस- पास के सभी रिश्तेदारों के यहां उसकी तलाश करते हुए हरिहरगंज के कुलहिया पंचायत के फुलवरिया गांव पहुंचे। लेकिन उसका कही कोई पता नहीं चला। इस संबंध में राजद प्रखंड अध्यक्ष दीपक कुमार यादव ने बताया कि गुलशन कुमार गत 11 मार्च को करीब 10बजे दिन में सीएसपी जाने की बात कह कर अपने घर से निकला था। लेकिन वह आज तक घर वापस नहीं लौटा।

# सरना झंडा स्थापना सह प्रार्थना सभा का आयोजन




नवीन मेल संवाददाता

**मनातू।** कुड़ूख सरना समाज के नेतृत्व में मनातू प्रखंड के भीतडीहा में सरना झंडा स्थापना सह प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। जिसमें अध्यक्ष महेंद्र उरांव, सचिव सीताराम उरांव, उपाध्यक्ष अमृता उरांव, पाहन राजमुनी उरांव, सदस्य रीता उरांव, सुनील उरांव, अरविंद उरांव, संतोष उरांव, हेवन्ति उरांव, जानेश्वर उरांव, दीपक उरांव, पिंटू उरांव, के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ प्रार्थना व भजन के साथ किया गया। मुख्य अतिथि सह अद्दी कुड़ूख सरना समाज के पलामू संयुक्त सचिव भोलानाथ उरांव ,मनातू जिला परिषद सदस्य प्रदीप कुमार चावला, पंचायत समिति सदस्य पूनम देवी, विगन पाहन,समाजसेवी सफीक अंसारी, छोटू उरांव, रामदयाल उरांव, प्रमोद सिंह भोक्ता, राजकुमार सिंह चेरो, नंदकिशोर सिंह चेरो,आदि ने उपस्थित लोंगो को सम्बोधित किया। वक्ताओं ने कहा कि आदिवासी हमेशा से प्राकृतिक की पूजा करते रहे हैं और करते रहेंगे। प्रकृति के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है। आदिवासी समाज सरना सृष्टि स्थल दर्शन यात्रा को सफल बनाने का भी मौके पर आहवान किया गया।


## कार्यालय
## समेकित जनजाति विकास अभिकरण (I.T.D.A) लोहरदगा
### (अ०ज०जा०, अ०जा०, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग)

**प्रवेशिकोत्तर पाठयक्रमों में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछडी जाति के छात्र/छात्राओं के लिए छात्रवृति योजना हेतु आवेदन से संबंधित आवश्यक सूचना**

**(P.R No.- 291211)**

**आम सूचना**

निदेशानुसार शैक्षणिक सत्र–2022–23 के लिए झारखण्ड राज्य एवं राज्य के बाहर नामांकन लेने वाले छात्र–छात्राओं हेतु शैक्षणिक संस्थानों द्वारा ई–कल्याण पोर्टल पर पंजीकरण हेतु अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/पिछड़ी जाति प्रवेशिकोत्तर छात्रवृति योजना के अन्तर्गत प्रकियात्मक कार्रवाई से संबंधित पूर्व में प्रकाशित विज्ञापन (**P.R No.- 291211**) के क्रम में पूर्व में निर्धारित तिथि को संशोधित करते हुए निम्न प्रकार तिथि विस्तारित की जाती है :–

ऑनलाईन आवेदन की समय सीमा :–

| क0 | प्रकियात्मक कार्रवाई | ई–कल्याण पोर्टल पर कार्यवाही के लिए विस्तारित अंतिम तिथि |
|---|---|---|
| 1 | शैक्षणिक संस्थानों द्वारा ई–कल्याण पोर्टल पर पंजीकरण हेतु आवेदन की तिथि | 20.03.2023 |
| 2 | शैक्षणिक सत्र–2022–23 हेतु छात्र/छात्राओं के आवेदन प्रकिया की तिथि | 24.03.2023 |
| 3 | संबंधित शैक्षणिक संस्थान के INO द्वारा छात्र/छात्राओं के आवेदन का सत्यापन की तिथि | 25.03.2023 |

अन्य दिशा निर्देश पूर्व में प्रकाशित विज्ञापन के अनुसार Website-ekalyan.cgg.gov.in पर उपलब्ध है।

ह0/–
जिला कल्याण पदाधिकारी, लोहरदगा।

PR.NO.292650 Lohardaga(22-23):D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद

**अल्पकालीन पुर्नः ई0–निविदा आमंत्रण सूचना (2nd Call)**

ई0–निविदा संख्या :– WRD/MID/HUSSAINABAD/$F_2$-39/2022-23

पत्रांक–    हुसैनाबाद, दिनांक–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | वगिया डैम का जिर्णोद्धार ग्राम –संधा – प्रखण्ड–हुसैनाबाद, जिला–पलामू |
| 2 | प्राक्कलित राशि (लाख रू0 में) | 20.413 लाख |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 माह |
| 4 | वेवसाईट पर ई0 निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | 18.03.2023 (1:00 PM) |
| 5 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 24.03.2023 (5:00 PM तक) |
| 6 | ई0 निविदा खुलने की तिथि, एवं समय | 27.03.2023 (12:30 PM) |
| 7 | ई0 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, हुसैनाबाद |
| 8 | ई0 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या एवं ई–मेल पता | 7765955362 eemidhus-cemr-jhr@nic.in |
| 9 | ई0 निविदा प्रकोष्ट का दूरभाष नं0 | 0651–2214784 |
| 10 | अग्रधन की राशि एवं निविदा का मूल्य जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 25.03.2023 (3:00 PM तक) |
| 11 | अग्रधन की राशि एवं निविदा का मूल्य जमा करने का कार्यालय | (1) कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल ,हुसैनाबाद। (2) अधीक्षण अभियंता, लघु सिंचाई अंचल, मेदिनीनगर । (3) कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई रूपांकण,प्रमंडल राँची। |

नोटः– सिर्फ ई–निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल,हुसैनाबाद

PR 292624 Minor Irrigation(22-23).D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद

**अल्पकालीन पुर्नः ई0–निविदा आमंत्रण सूचना (2nd Call)**

ई0–निविदा संख्या :– WRD/MID/HUSSAINABAD/$F_2$-40/2022-23

पत्रांक–    हुसैनाबाद, दिनांक–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | असनवाडेरा आहर का जिर्णोद्धार ग्राम –झरगड़ा – प्रखण्ड–हुसैनाबाद, जिला–पलामू |
| 2 | प्राक्कलित राशि (लाख रू0 में) | 16.528 लाख |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 माह |
| 4 | वेवसाईट पर ई0 निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | 18.03.2023 (1:00 PM) |
| 5 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 24.03.2023 (5:00 PM तक) |
| 6 | ई0 निविदा खुलने की तिथि, एवं समय | 27.03.2023 (12:30 PM) |
| 7 | ई0 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, हुसैनाबाद |
| 8 | ई0 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या एवं ई–मेल पता | 7765955362 eemidhus-cemr-jhr@nic.in |
| 9 | ई0 निविदा प्रकोष्ट का दूरभाष नं0 | 0651–2214784 |
| 10 | अग्रधन की राशि एवं निविदा का मूल्य जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 25.03.2023 (3:00 PM तक) |
| 11 | अग्रधन की राशि एवं निविदा का मूल्य जमा करने का कार्यालय | (1) कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल हुसैनाबाद। (2) अधीक्षण अभियंता, लघु सिंचाई अंचल मेदिनीनगर । (3) कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई रूपांकण प्रमंडल राँची। |

नोटः– सिर्फ ई–निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

PR.NO.292626 Minor Irrigation(22-23):D    कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद।



## झारखण्ड सरकार
## आदिवासी कल्याण आयुक्त का कार्यालय, झारखण्ड मंत्रालय, कल्याण कॉम्प्लेक्स, मोराबादी, राँची।

**सूचना**

**PR. No.-292519**

**शुद्धि–पत्र**

**मरङ गोमके जयपाल सिंह मुण्डा पारदेशीय छात्रवृति योजना**

झारखण्ड राज्य के अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग के छात्र–छात्राओं के लिए वित्तीय वर्ष–2023–24 हेतु **मरङ गोमके जयपाल सिंह मुण्डा पारदेशीय छात्रवृति योजना, 2020 (संशोधित, 2022)** अन्तर्गत पूर्व में प्रकाशित विज्ञापन (**PR. No.-292519**) में आवेदन संबंधी अंकित तिथियों को निम्नवत संशोधित किया जाता है :–

**ऑनलाईन आवेदन प्रारम्भ होने की तिथि–17 मार्च, 2023**
**आवेदन की अंतिम तिथि–15 मई, 2023**
**ऑनलाईन आवेदन निम्न लिंक पर किया जा सकता है :–**
www.mgos.jharkhand.gov.in

मरङ गोमके जयपाल सिंह मुण्डा पारदेशीय छात्रवृति की विशेष जानकारी हेतु उपर्युक्त विभागीय साईट का अवलोकन किया जा सकता है।

2. पूर्व में प्रकाशित विज्ञापन की शेष कंडिकाएँ यथावत रहेंगी।

आदिवासी कल्याण आयुक्त,
झारखण्ड, राँची।

PR 292685 (Schedule Tribe, Schedule Caste, Minority and Backward Class Welfare Department) 22-23 (D)



## पलामू समाहरणालय

प्रपत्र VI 'क'
झारखण्ड सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(जिला भू–अर्जन शाखा) या
समाहर्त्ता या समुचित सरकार
प्रारंभिक अधिसूचना
(अधिनियम–30/2013 की धारा–11 (1) के अधीन)

अधिसूचना संख्या :–158(A)/भू0अ0,    पलामू, दिनांक :–11.03.2023

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि ग्राम–सेमरी खूर्द, थाना–विश्रामपुर, थाना सं0–75, अंचल–विश्रामपुर जिला–पलामू में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना ब्रहमोरिया मोड (N.H-75 पर) रेहला से भाया लालगढ़ पथ (कुल लम्बाई 16.873 कि0मी0) में चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य हेतु अपेक्षित है।

प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम–सेमरी खूर्द, थाना–विश्रामपुर, थाना सं0–75, अंचल–विश्रामपुर जिला–पलामू में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश **0.011** एकड़ यानी **0.0445** हेक्टेयर मानक माप का भू–खण्ड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है :–

**ग्राम–सेमरी खूर्द, थाना सं0–75, कुल रकबा–0.011 एकड**

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे प्लॉट सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 12 | 174 | रैयती | टांड 1 | 0.046 | देवंती कुंवर पति स्व0 नन्दकिशोर राम | रास्ता | 286 | रास्ता | निज |
| 2 | 12 | 174 | रैयती | मकान | 0.014 | नवल कुम्हार पिता बौध कुम्हार वो शिव प्रजापति पिता चुदुर प्रजापति | रास्ता | 286 | रास्ता | निज |
| 3 | 44 | 314 | रैयती | धान 2 | 0.006 | कृष्णा मुरारी ओझा पिता आशिष ओझा, मंदोदर कुंवर पति वृज किशोर ओझा, असर्फी ओझा, बिरेन्द्र ओझा पिता अनिरूद्ध ओझा | 498 | रास्ता | 500 | रास्ता |
| 4 | 06 | 50 | रैयती | टांड 3 | 0.026 | अशोक सिंह वगै0 पिता बच्चु सिंह वो उतयोग सिंह पिता स्व0 शीतल सिंह | – | – | – | – |
| 5 | 10 | 180 | रैयती | धान 2 मकान | 0.0120 | परिखन प्रजापति पिता जोधन प्रजापति | रास्ता | 296 | रास्ता | 294 |
| 6 | 59 | 330 | बकास्त | धान 2 | 0.006 | सुरेश ओझा पिता स्व0 देवन ओझा | – | – | – | – |
| कुल :– | | | | | 0.011 ए0 | | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा–11 (1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, पलामू के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा–12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यों के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, पलामू और संबंधित राजस्व कर्मचारी अंचल विश्रामपुर को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा–11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा–15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अंतर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, पलामू के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

कानूनगो जिला भू–अर्जन कार्या0, पलामू।    जिला भू–अर्जन पदाधिकारी पलामू।    अपर समाहर्त्ता पलामू।    उपायुक्त पलामू।

PR 292595 Palamu(22-23)*D

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • चैत्र कृष्ण पक्ष 09 • विक्रम संवत 2079 • गुरुवार, 16 मार्च 2023 • वर्ष-29 • अंक-149 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 1.50

अपनी वैल्यू करना सिखाता हैं 'पॉप कौन'... पेज 10 पर



# जिंदगी संवारने की कोशिश में जुटे पलामू जेल में बंद कई कैदी

### जैक मैट्रिक इंटर की परीक्षा में पांच - विचाराधीन कैदी हुए शामिल

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू रिमांड होम में बंद दो नाबालिग मैट्रिक और इंटर की परीक्षा में शामिल हुए हैं। महाशिवरात्रि के दौरान पलामू के पांकी में हुई हिंसा का एक आरोपी भी इंटर की परीक्षा में शामिल हुआ है। जेल प्रशासन के तरफ से कैदियों को परीक्षा दिलाने के लिए सुविधाएं उपलब्ध करायी गईं हैं। इन्हें कड़ी निगरानी में परीक्षा केंद्रों तक ले जाया जाता है। परीक्षा देने के बाद सभी वापस सेंट्रल जेल लौट जाते हैं। इस संबंध में पलामू सेंट्रल जेल के अधीक्षक जितेंद्र कुमार ने बताया कि परीक्षा देने वाले विचाराधीन कैदियों को कई सुविधाएं उपलब्ध करायी गईं हैं। पुलिस की कड़ी निगरानी में इन्हें केंद्रों तक ले जाया जाता है और वापस लाया जाता है। कई विचाराधीन कैदियों को पढ़ाई की भी सामग्री उपलब्ध करायी गई है। कोर्ट से अनुमति मिलने के बाद ये सभी कैदी परीक्षा में शामिल हुए हैं।

## कौन-कौन से विचाराधीन कैदी दे रहे हैं इंटर व मैट्रिक की परीक्षा




पलामू के पांच विचाराधीन कैदी मैट्रिक और इंटर की परीक्षा दे रहे हैं। जिसमें पांकी में हुई हिंसक घटना के आरोपी दीपक कुमार और करण कुमार सिंह इंटर की परीक्षा दे रहा है। दीपक पांकी के कुरहा, जबकि कुंदन कोनवाई का रहने वाला है। दोनों पर पांकी के कांड संख्या 17/ 23 के तहत 147, 198, 149, 188, 153, 323, 324, 325, 332, 333, 357, 338, 307, 353, 295, 427, 235, 436 आईपीसी की धारा दर्ज है। पलामू के पाटन थाना में दर्ज एफआईआर 6/23 के नामजद आरोपी शिवम कुमार विश्वकर्मा और आशीष कुमार सिंह इंटर की परीक्षा दे रहा है। जबकि सुनील कुमार सिंह 10वीं की परीक्षा दे रहा है। तीनों पाटन थाना क्षेत्र सिक्की के रहने वाले हैं। वहीं रिमांड होम में बंद दो नाबालिग भी नक्सल और गंभीर अपराध में बंद हैं। इन्हें पढ़ाई के लिए जरूरी सामग्री उपलब्ध कराया गई है। परीक्षा केंद्रों पर भी सभी के लिए अलग से व्यवस्था की गई है।

# पलामू : जवान ने ट्रेनिंग के दौरान की आत्महत्या

### जैप-8 में चल रहा है प्रशिक्षण शिविर

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू नक्सल विरोधी अभियान में तैनात जगुआर का एक जवान अनीश वर्मा ट्रेनिंग के दौरान आत्महत्या कर ली है। वह पलामू के लेस्लीगंज स्थित जैप-8 के मुख्यालय में स्पेशल ट्रेनिंग कोर्स कर रहा था। वह पिछले कुछ दिनों से जैप 8 के मुख्यालय में ही ट्रेनिंग ले रहा था। ट्रेनिंग के लिए जब उसे उठाने लोग गये तो वहां संदिग्ध हालत में उसका शव मिला। साथी जवानों ने अनीश वर्मा को एमएमसीएच ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद जैप 8 और पुलिस के वरीय अधिकारी



मौके पर पहुंच गए हैं। पूरे मामले में छानबीन की जा रही है। वहीं जवानों ने जैप 8 के डीएसपी पर गंभीर आरोप लगाया है। घटना के बाद से जवानों में आक्रोश है। जैप-8 के मुख्यालय में करीब 400 जवान ट्रेनिंग ले रहे हैं। सभी जवानों को 27 जनवरी से ट्रेनिंग दी जा रही है। अनीश वर्मा मूल रूप से जमशेदपुर के बागबेड़ा के बीडी रोड का रहने वाला है। अनीश वर्मा 2015 से जगुआर में तैनात था। जगुआर में तैनात होने के बाद अनीश वर्मा बूढ़ापहाड़, सारंडा समेत कई बड़े नक्सल अभियान में शामिल रहे। इस घटना की जानकारी परिजनों को दे दी गई है। परिजन जमशेदपुर से पलामू के लिए रवाना हो गए हैं। अनीश वर्मा के शव को एमएमसीएच में रखा गया है। दंडाधिकारी की तैनाती में शव का पंचनामा और पोस्टमार्टम किया जाएगा। जवानों ने जैप मुख्यालय में तैनात डीएसपी पर जवान को प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। जवानों ने बताया कि डीएसपी ने कुछ दिनों पहले जवान को काफी प्रताड़ित किया था। जिस कारण जवान तनाव में था। जवानों ने बताया कि मुख्यालय में प्रशिक्षण देने वाले कई लोग स्थानीय हैं और वे शाम को चले जाते हैं। यहां सिर्फ बाहरी लोगों को तंग किया जाता है। परिजनों के पलामू पहुंचन ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## NEWS इन ब्रीफ

### पंकज मिश्रा से मिलने वाले कांके थाना के दारोगा को समन

**रांची।** साहिबगंज में एक हजार करोड़ के अवैध खनन के मुख्य आरोपी पंकज मिश्रा से मुलाकात के मामले में कांके थाना के दारोगा प्रयाग दास को ईडी ने समन किया है। प्रयाग दास को ईडी ने 20 मार्च को दिन के 11 बजे रांची जोनल ऑफिस में तलब किया है। ईडी ने रिम्स की सीसीटीवी फुटेज की जांच में पाया है कि प्रयाग दास ने अवैध तरीके से पंकज मिश्रा से गिरफ्तारी के बाद रिम्स जाकर मुलाकात की थी। इस मामले में ईडी ने अबतक आधा दर्जन से अधिक लोगों से पूछताछ की थी। डीएसपी राजेंद्र दूबे, प्रमोद मिश्रा, यज्ञनारायण तिवारी भी अवैध तरीके से मुलाकात करने वालों में शामिल रहे हैं।

### मैट्रिक की परीक्षा देने जा रही छात्रा को हाइवा ने कुचला, मौत

**रांची।** खेलगांव थाना क्षेत्र के बूटी मोड़ के समीप मैट्रिक की परीक्षा देने स्कूटी से जा रही छात्रा को हाइवा ने कुचल दिया। घटनास्थल पर ही छात्रा की मौत हो गई। वहीं, घटना में छात्रा के दादा घायल हो गए। घटना बुधवार सुबह की है। मृतक छात्रा सिमरन कुमार आर्मी स्कूल में पढ़ती थी। वह मैट्रिक की परीक्षा देने के लिए केंद्रीय विद्यालय जा रही थी। मृतक छात्रा के पिता सतीश कुमार सेना में हवालदार के पद पर हिमाचल प्रदेश में पदस्थापित हैं। मूलरूप से बिहार के आरा निवासी सतीश वर्तमान में बीआईटी मेसरा ओपी क्षेत्र के गेतलातू के रहने वाले हैं। मामले में पुलिस ने हाइवा ट्रक को जब्त कर उसके चालक को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी का नाम संतोष बेदिया है। घटना की सूचना मिलने के बाद खेलगांव और सदर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। वहीं, चालक को पकड़कर थाने लगी।

### खुलासा : कंपनियों से डाटा खरीद साइबर अपराधी कर रहे ठगी

**रांची।** धनबाद से गिरफ्तार तीन साइबर अपराधियों ने पुलिस के समक्ष चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। गिरफ्तार अपराधियों में छोटे लाल मंडल, राजेश मंडल और राहुल मंडल शामिल हैं। इन सभी को साइबर क्राइम ब्रांच की टीम ने धनबाद से गिरफ्तार कर रांची लाई है। साइबर अपराधियों के इस काम में कई बड़ी कंपनियां जाने-अनजाने में सहयोग कर रही हैं। पूछताछ में गिरफ्तार अपराधियों ने खुलासा किया है कि वह टेलीफोन सर्विस प्रोवाइडर कंपनी से आम लोगों का डाटा खरीदते हैं और इसके लिए ऑनलाइन पेमेंट भी करते हें। उसी डाटा के आधार पर वह लोगों को ठगी का शिकार बनाते हैं। गिरफ्तार अपराधियों ने क्राइम ब्रांच की टीम के समक्ष यह खुलासा किया कि वह लिंक भेजकर लोगों को ठगी का शिकार बनाते हैं। गौरतलब हो कि जामताड़ा, धनबाद, गिरिडीह और देवघर जिला साइबर अपराधियों का अड्डा बना हुआ है। इन शहरों से दर्जनों साइबर गिरोह का संचालन किया जा रहा है।

# नियोजन नीति पर विपक्ष के दिखे तल्ख तेवर




### विधानसभा के अंदर-बाहर जोरदार प्रदर्शन

### बिना चर्चा छह विभाग का बजट पास

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

विधानसभा के बजट सत्र के नौवें दिन बुधवार को भी विधानसभा के बाहर विपक्ष के द्वारा राज्य के ज्वलंत मुद्दों को लेकर प्रदर्शन का दौर जारी रहा। विपक्ष के कई विधायक नियोजन नीति को लेकर प्रदर्शन करते दिखे। हंगामे और भाजपा विधायकों के वॉकआउट के बीच बिना चर्चा के ग्रामीण विकास विभाग का 8166 करोड़ का बजट पास हो गया। इसके साथ ही पांच अन्य विभाग का बजट भी पास हो गया। इनमें ग्रामीण कार्य विभाग, पथ निर्माण विभाग, नगर विकास एवं आवास विभाग, पंचायती राज विभाग और भवन निर्माण विभाग का बजट शामिल है। दूसरी ओर प्रदर्शन कर रहे विपक्ष के विधायकों ने कहा कि वर्तमान झारखंड सरकार युवाओं को रोजगार के नाम पर लगातार ठगने का काम कर रही है। भाजपा विधायक रणधीर सिंह और सीपी सिंह ने कहा कि नियोजन नीति को लेकर सरकार विधानसभा मे जब तक स्पष्ट जवाब नहीं देती है तब तक विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। इधर, प्रश्नकाल के दौरान विपक्ष के बढ़ते विरोध को देखते हुए विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि सदन को मर्यादा में रहने दें। सदन की मर्यादा भंग करना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि सदन संचालन में जितनी ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## मुख्यमंत्री नियोजन नीति पर क्लियर करें अपना स्टैंड : मरांडी



भाजपा विधायक दल के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने नियोजन नीति पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर फिर निशाना साधा है। रांची में पत्रकारों से बातचीत में बाबूलाल मरांडी ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन नियोजन नीति पर आखिर क्यों नहीं कोई जवाब दे रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि नियोजन नीति को लेकर विपक्ष लगातार यह मांग कर रहा है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इस पर अपना स्टैंड क्लियर करें। स्पष्ट रूप से नियोजन नीति को समझाएं, लेकिन सरकार इस ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### अडाणी समूह पर लगे कथित आरोपों की जांच के लिए

# कांग्रेस सहित 16 दलों ने ईडी को लिखा पत्र




**एजेंसी। नई दिल्ली**

कांग्रेस सहित 16 विपक्षी दलों ने बुधवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को पत्र लिखकर अडाणी समूह पर लगे आरोपों की जांच करने की मांग की। विपक्षी नेताओं ने उद्योगपति गौतम अडाणी पर सरकार के साथ गठजोड़ कर अकूत संपत्ति अर्जित करने का आरोप लगाया है। विपक्षी दलों का कहना है कि जांच एजेंसी इन विषयों से मुंह नहीं फेर सकती और उसे अडाणी मामले की जांच करनी चाहिए। विपक्षी दलों ने एक तरफ संसद में संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) से जांच कराए जाने की मांग की, वहीं दूसरी ओर उन्होंने प्रवर्तन निदेशालय के निदेशक को पत्र लिख पूर्ण जांच की मांग की। विपक्षी पार्टियों के नेताओं ने इस मांग को लेकर विजय चौक से ईडी दफ्तर तक मार्च निकालने की योजना थी। हालांकि, पुलिस ने उन्हें बीच रास्ते में ही रोक दिया। अपने पत्र में विपक्ष के नेताओं ने अडाणी पर कई तरह से आरोप लगाए हैं। विपक्ष का कहना है कि अडाणी ने ऑफ्श और सेल कंपनियों के माध्यम से अपने शेयर की कीमतों को बढ़ाया और अपनी वित्तीय स्थिति को बेहतर दर्शाने की कोशिश की। विपक्ष ने कहा कि अडाणी समूह ने गलत तरीके और प्रभाव का ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

# राज्य कैबिनेट की बैठक में 40 प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की गयी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची में बुधवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक हुई जिसमें कुल 40 प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की गयी। कैबिनेट ने झारखंड नगर पालिका संपत्ति कर निर्धारण संग्रहण वसूली संशोधन नियमावली-2022 के नियमों में बदलाव को स्वीकृति दी है। इसके तहत ट्रस्ट के रूप में संचालित शैक्षणिक संस्थानों को अब 25 प्रतिशत होल्डिंग टैक्स देय होगा उन्हें बाकी 75 प्रतिशत की रिबेट दिया जाएगा। नेतरहाट आवासीय विद्यालय और इंदिरा गांधी बालिका विद्यालय हजारीबाग की तर्ज पर कोल्हान प्रमंडल (चाईबासा) और संताल प्रमंडल (दुमका) में दो आवासीय विद्यालय की स्थापना की जाएगी इसमें 195.15 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसके अलावा कैबिनेट ने झारखंड नॉलेज कॉरपोरेशन लिमिटेड के गठन को स्वीकृति दी है। राज्य के श्रेष्ठ और वृद्ध कलाकारों को मासिक मानदेय पहले जिन्हें 1000 मिलता था अब 4000 मिलेगा, जिन्हें 4000 मिलता था अब उन्हें 8000 मिलेगा। मनरेगा मद से बिरसा सिंचाई उपसंवर्धन योजना शुरू करने की स्वीकृति दी गई है जिसके तहत 1 साल में एक लाख कूप बनाने का लक्ष्य रखा गया। राज्य के सेवा संवर्ग के कर्मचारियों के प्रोन्नति को स्वीकृति दी गई है। पंचायत सचिवालय में अब प्रज्ञा केंद्र व लाइब्रेरी खोले जाएंगे। जिलावार नियुक्ति के लिए आरक्षण के संशोधन को स्वीकृति दी गई है। ईडब्लूएस को 10 प्रतिशत आरक्षण देने की स्वीकृति दी गई है। 1000 प्राथमिक केंद्रों में टेलीमेडिसिन सेवा उपलब्ध कराने के लिए अपोलो का चयन किया गया। रांची के पंडरा से कांके तक 5.5 किलोमीटर सड़क के 4 लेन पुनर्निर्माण कार्यों को स्वीकृति दी गई। इस काम में 253 करोड़ 83 लाख 37 हजार 500 सौ रुपये खर्च होंगे। इसके अलावा कई अन्य प्रस्तावों पर भी कैबिनेट ने मुहर लगाई।

# केंद्र सरकार ने 100 नए सैनिक स्कूल खोलने का किया समझौता

### 18 के साथ सैनिक स्कूल सोसायटी ने समझौता ज्ञापन पर किए हस्ताक्षर

### भारत सरकार गैर सरकारी संगठनों, निजी स्कूलों को पीपीपी मोड करने की ओर अग्रसर

**ब्यूरो। नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने संघ के विद्या मंदिरों सहित 18 निजी स्कूलों के साथ भागीदारी में 100 नए सैनिक स्कूल खोलने का समझौता किया है। इसके लिए सैनिक स्कूल सोसायटी ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह के एक सवाल पर केंद्र सरकार के जवाब से यह उजागर हुआ। सांसद दिग्विजय सिंह ने सवाल पूछा था कि क्या भारत सरकार द्वारा गैर सरकारी संगठनों व निजी स्कूलों को निजी सार्वजनिक भागीदारी (पीपीपी) मोड में देश में सैनिक स्कूल प्रारंभ किए जाने की मंजूरी दी गई है? इनके इस सवाल पर राज्यसभा में लिखित जवाब में रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने जानकारी दी है कि गैर सरकारी संगठनों, निजी स्कूलों व राज्य सरकार के स्कूलों के साथ भागीदारी में 100 नए सैनिक स्कूल स्थापित करने को अनुमति प्रदान की गई है। इनमें से 18 के साथ सैनिक स्कूल सोसायटी ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। उनमें आंध्र प्रदेश के नेल्लोर स्थित 'अडाणी वर्ल्ड स्कूल' भी शामिल है। अन्य स्कूलों में बिहार के समस्तीपुर स्थित सुंदरी देवी सरस्वती विद्या मंदिर और पटना स्थित सरस्वती विद्या मंदिर भी शामिल हैं।

रक्षा राज्य मंत्री की ओर से प्रदान की गई स्कूलों व संस्थानों की सूची में आंध्र प्रदेश के नेल्लोर स्थित अडाणी वर्ल्ड स्कूल, अरुणाचल प्रदेश के तवांग स्थित तवांग पब्लिक स्कूल, बिहार के समस्तीपुर स्थित सुंदरी देवी सरस्वती विद्या मंदिर और पटना स्थित सरस्वती विद्या मंदिर, गुजरात के जूनागढ़ स्थित ब्रह्मानंद विद्या मंदिर और मेहसाणा स्थित मोती भाई आर चौधरी सागर सैनिक स्कूल, हरियाणा के फतेहाबाद स्थित रॉयल इंटरनेशनल रेजिडेंशियल स्कूल और रोहतक स्थित बाबा मस्तनाथ आयुर्वेदिक एवं संस्कृत शिक्षण संस्थान, हिमाचल प्रदेश के सोलन स्थित राजलक्ष्मी समविद गुरुकुलम, कर्नाटक के बेलगावी स्थित संगोल्ली रायन्ना सैनिक स्कूल (राज्य सरकार संचालित स्कूल) और मैसुरु स्थित विवेका स्कूल ऑफ एक्सीलेंस शामिल हैं। इनके अलावा इस सूची में केरल के कोझिकोड स्थित वेदव्यास विद्यालयम सीनियर सेकेंडरी स्कूल, मध्य प्रदेश के मंदसौर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर हाई सेकेंडरी स्कूल, महाराष्ट्र के अहमदनगर स्थित पीडी डॉ. विखे पाटील सैनिक स्कूल और सांगली स्थित एस के इंटरनेशनल स्कूल, पंजाब के पटियाला स्थित दयानंद पब्लिक स्कूल सिल्वर सिटी नाभा, तमिलनाडु के तूतीकोरिन स्थित द विकासा स्कूल और दादर एवं नगर हवेली के सिलवासा स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस मिलिट्री एकेडमी शामिल हैं।

## सुशासन

## सुशासन वाली पंचायत अवार्ड के लिए नॉमिनेट हुआ 'कुदलूम'

# ना पलायन व ना ही बेरोजगार, ग्रामीण बन रहे आत्मनिर्भर

### राज्य सरकार संचालित प्राय: सभी योजनाओं का लाभ पंचायत को हो रहा प्राप्त

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पंचायती राज व्यवस्था का प्रतिफल है कि आज इस पंचायत के गांव से कोई पलायन नहीं करता और ना ही बेरोजगारी है। यहां के अधिकांश ग्रामीण आत्मनिर्भर बन जीवन यापन कर रहें हैं। यहां ग्राम सभा ही सर्वोपरी है। तभी तो खूंटी का यह पंचायत भारत सरकार द्वारा दिए जाने वाले राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार के तहत बेहतर सुशासन वाली पंचायत अवार्ड के लिए नॉमिनेट हुआ है। हम बात कर रहें



हैं। खूंटी के कुदलूम पंचायत की। खूंटी के कर्रा प्रखंड में अवस्थित इस पंचायत में कुल 11 गांव एवं 13 वार्ड है। यहां की कुल जनसंख्या 6337 है। यह एक आदिवासी बहुल क्षेत्र है, जहां अनुसूचित जनजाति की संख्या 90 प्रतिशत, अनुसूचित जाति 2 प्रतिशत एवं अन्य 8 प्रतिशत हैं। पंचायत अन्तर्गत शिक्षा संस्थान में एक उच्च विद्यालय, चार मध्य विद्यालय एवं 5 प्राथमिक विद्यालय है। 13 आंगनबाड़ी केंद्र एक स्वास्थ्य उप केन्द्र एवं तीन प्रज्ञा केंद्र संचालित है।

**एक ही परिसर में सभी का पूजा स्थल :** सोनमेर गांव में सभी जाति, धर्म, समुदाय के लोग रहते हैं। यहां एक ही परिसर में मंदिर, सरना स्थल एवं गिरजाघर अवस्थित है। यह अनेकता में एकता का एक उदाहरण है। सोनमेर मंदिर के निर्माण में सभी समुदाय के लोगों का बराबर ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### बेहतर सुशासन के लिए नामित

कुदलूम पंचायत अंतर्गत सुशासन की व्यवस्था स्पष्ट परिलक्षित होती है। यहां पर प्रत्येक गांव में साप्ताहिक बैठक का आयोजन ग्राम प्रधान की अध्यक्षता में होती है। जिसमें गांव के प्रत्येक परिवार के सदस्यों की सहभागिता होती है। ग्राम सभा द्वारा ही सर्वसहमति से सभी समस्याओं का निष्पादन किया जाता है। पंचायत अन्तर्गत सर्वाधिक आबादी वाला गांव सोनमेर है। यहां एक हजार से अधिक की जनसंख्या है, लेकिन यहां की ग्राम सभा इतनी सुशासित है कि यह अपने आप में एक मिशाल है। इस ग्राम सभा की सबसे बड़ी देन है सोनमेर मंदिर।

# 75 प्रतिबंधित उग्रवादियों पर नए सिरे से इनाम घोषित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड में प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन भाकपा माओवादी, पीएलएफआई, टीपीसी, जेजेएमपी के शीर्ष फरार उग्रवादियों के खिलाफ नए सिरे से इनाम की घोषणा की गई है। राज्य सरकार के गृह विभाग ने पुलिस मुख्यालय के द्वारा फरार उग्रवादियों पर इनाम की राशि से जुड़ी अनुशंसा पर अपनी मुहर लगाई है। राज्य सरकार ने नए सिरे से भाकपा माओवादियों के तीन पोलित ब्यूरो सदस्य मिसिर बेसरा उर्फ भास्कर, सेंट्रल कमिटी मेंबर असीम मंडल उर्फ तिमिर व पतिराम मांझी उर्फ अनल दा पर एक करोड़ का इनाम जारी किया है। ईनामी उग्रवादियों की सूची में पीएलएफआई के जोनल कमांडर

### गृह विभाग ने किया पुरस्कार राशि का ऐलान

### माओवादियों के तीन पोलित ब्यूरो सदस्यों पर एक करोड़ का इनाम

### गिरफ्तार हो चुके पीएलएफआई उग्रवादी तिलकेश्वर गोप पर भी 10 लाख का इनाम

तिलकेश्वर गोप का भी नाम शामिल है। गृह विभाग ने तिलकेश्वर पर 10 लाख का इनाम घोषित किया है। हालांकि, जनवरी महीनें में ही उसकी गिरफ्तारी हो चुकी है। वर्तमान में वह जेल में बंद है। पूर्व ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

NEWS इन ब्रीफ

## कार पलटने से दो युवती सहित 3 घायल

**मेराल।** मेराल थाना क्षेत्र के पिंडरा गांव में अनियंत्रित कार पलटने से दो युवती सहित तीन लोग घायल हो गए हैं। घायल में कांडी थाना क्षेत्र के हरिहरपुर गांव निवासी अमरदेव प्रजापति का पुत्र नितिन पटेल मेरौनी गांव निवासी अनु कुमारी छत्तीसगढ़ के वाड्रफनगर नगर थाना क्षेत्र के वाड्रफनगर गांव निवासी प्रीति पटेल का नाम शामिल है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि उक्त लोग केतार थाना क्षेत्र के मैरोनी गांव में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम में गए हुए थे। कार्यक्रम समापन के बाद वापस लौट रहे थे। उसी दौरान पिंडरा गांव के पास अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई। जिसमें सवार दो युवती सहित तीन लोग घायल हो गए। घायल अवस्था में आसपास के लोगों के सहयोग से सभी को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां सभी का इलाज चल रहा है। घटना में घायल के शरीर के विभिन्न हिस्सों में गंभीर चोट आई है।

## गढ़वा : महिला ने खाई कीटनाशक दवा

**मझिआंव।** थाना क्षेत्र के सरकोनी गांव निवासी अजय चौहान की पत्नी सुशीला देवी ने कीटनाशक खाकर आत्महत्या का प्रयास की। उसे इलाज के गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि सास और बहू के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। उसी से आक्रोशित होकर सुशीला ने कीटनाशक वाली स्थिति बिगड़ने पर उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## घरेलू विवाद में हुई मारपीट में एक घायल

**गढ़वा।** गढ़वा थाना क्षेत्र के दरमी नवाडीह गांव में घरेलू विवाद को लेकर हुई। मारपीट में अशर्फी भुईयां घायल हो गया। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि घर पर एक फेंकने को लेकर जब हम लोगों ने विरोध किया तो गांव के ही लालजी भुइया, अरुण भुइया मारपीट करने लगा स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## मृतक का श्राद्धकर्म के लिए मुखिया ने किया सहयोग



**केतार।** केतार प्रखंड क्षेत्र के मुकुन्दपुर पंचायत के मुखिया मुंगा साह ने बुधवार को सिंहपुर गांव निवासी मृतक स्वः राजेश्वर राम के घर जाकर उनकी मृत्यु पर शोक व्यक्त किया। परिजनों को इस दुःख की घड़ी से उबरने के लिए ढांढस बढ़ाया। उन्होंने मृतक का श्राद्धकर्म के लिए नगद राशि देकर सहयोग किया। मुखिया मुंगा साह ने कहा की मृतक के आश्रितों को परिवारिक लाभ योजना दिलाया जायेगा। गौरतलब है की राजेश्वर राम की मौत कुछ दिन पूर्व बीमारी से हो गया था।

## पति-पत्नी पर मारपीट की प्राथमिकी हुई दर्ज



**मेराल।** मेराल थाना क्षेत्र के बाना गांव निवासी गुड्डू पासवान की पत्नी रीना देवी ने अपने पति पर ही मारपीट करने को लेकर मेराल थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। उक्त मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए मेराल पुलिस ने बुधवार को गुड्डू पासवान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है ।14 मार्च को गुड्डू पासवान की पत्नी रीना देवी के आवेदन के आधार पर पुलिस द्वारा धारा 307, 324, 498, 504 / 34 भादवी के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। रीना का आरोप है कि गुड्डू उसके साथ हमेशा मारपीट, प्रताड़ना तथा दुर्व्यवहार करता रहता था।

# भवनाथपुर : एक दिवसीय निःशुल्क मेडिकल शिविर का आयोजन




**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**
बीएसएल माइंस अस्पताल भवनाथपुर के द्वारा सीएसआर के तहत राजकीय प्राथमिक विद्यालय गुड़गांवा झोपड़पट्टी में एक दिवसीय निःशुल्क मेडिकल शिविर का आयोजन किया गया।

जिस का उद्घाटन अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ विजय कुमार राम, सहायक प्रबंधक (कार्मिक) बुलु दीगल, असिस्टेंट मैनेजर श्यामाल गांगुली, डॉ एस जे कुल्लू ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर श्री डॉ राम ने कहा की सीएसआर के तहत सेल के द्वारा कई सामाजिक कार्य किए जाते हैं जिस कई तहत निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है इसमें निःशुल्क चिकित्सा जांच और दवाइयां दीया जायेगा। वहीं 22मार्च से 29 मार्च तक माइन्स अस्पताल में निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का भी आयोजन किया जा रहा है।

जिस में 22 से आंख जांच की प्रक्रिया शुरू होगी और 24 से ऑपरेशन शुरू किया जायेगा। उसमें अधिक से अधिक बुजुर्ग असहाय लोगों को आंख का ऑपरेशन किया जाएगा।

शिविर में कुल 225 मरीजों का इलाज किया गया और दवाइयां भी निःशुल्क वितरित की गई। इस मौके पर उपमुखिया वैश खान अस्पताल कर्मी अनीला मिंज, मुकेश दुबे, संपूणानंद मिश्रा, नजमुद्दीन अंसारी, सरोज कुमारी, अनीता कुमारी, दिलीप कुमार, ओम प्रसून सहित लोग उपस्थित थे।

### 35 मरीजों का नेत्र की जांच

**सामुदायिक** स्वास्थ्य केंद्र की नेत्र सहायक सोनी कुमारी ने बुधवार को अस्पताल परिसर में 35 मरीजों का नेत्र की जांच कर निःशुल्क चश्मा और दवा दी। इस कार्यक्रम में भवनाथपुर ब्लॉक में कार्यरत कर्मियों के अलावे जरूरतमंद लोगों ने इस योजना से लाभान्वित हुए। नेत्र सहायक ने बताया कि विभाग मरीजों की सुविधा को ध्यान में रखकर यह कार्यक्रम चला रही है। क्योंकि प्रायः देखा जाता है कि गरीबी के कारण बहुत लोग आंख की जांच कराने के पश्चात अस्पताल से मिलने वाली दवा को ले लेते हैं,पर जरूरी के मुताबिक चश्मा बनवाने नहीं पाते हैं, जिसे देखते हुए यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है, ताकि जरूरतमंद लोग लाभान्वित हो सकें। उन्होंने बताया कि इससे अंधापन पर नियंत्रण आयेगा।

# चिनियां पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान



**नवीन मेल संवाददाता। चिनियां**
वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर बुधवार को चिनीया थाना प्रभारी राजबल्लभ कुमार के नेतृत्व में चीनिया के चपकली मोड़ पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें वाहन के सभी कागजात ड्राइविंग लाइसेंस ऑनर बुक हेलमेट ओवरलोड ट्रिपल सवारी सहित कई चीजों की जांच की गई। वही फोर व्हीलर गाड़ियों एवं थ्री व्हीलर गाड़ियों के डिक्की बाइक की डिक्की जांच किये गये। पूछे जाने पर थाना प्रभारी राजबल्लभ कुमार ने बताया कि सड़क सुरक्षा एवं एंटी क्राइम के तहत वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इस तरीके की जांच आगे भी चलता रहेगा ताकि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी रहे व लोग सड़क सुरक्षा के प्रति सचेत रहें। उधर बताते चले कि वाहन चेकिंग में दर्जनों वाहनों के चालान काटे गए हैं। वहीं वाहन चेकिंग अभियान से कई बाइक चालक एवं गाड़ी इधर-उधर भगाते दिखे। वाहन चेकिंग अभियान में पुलिस सब इंस्पेक्टर दयानंद कुमार यादव तथा चिनिया पुलिस बल के जवान मौके पर उपस्थित थे।

## वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन, बीडीओ बोले

# महिलाओं को जागरूक करें



**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**
प्रखंड कार्यालय के सभागार में बुधवार को जेएसएलपीएस के द्वारा वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बीडीओ जयपाल महतो एवं प्रमुख शोभा देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कर किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीडीओ एवं प्रमुख को जेएसएलपीएस की महिलाओं ने गुलदस्ता देकर स्वागत किया।इस कार्यक्रम में जेएसएलपीएस की महिलाओं को डिजिटल लेनदेन की प्रति जागरूक किया गया। इस मौके पर वीडियो जयपाल महतो ने कहा कि वित्तीय साक्षरता का अर्थ है धन का सही ढंग से उपयोग को समझने की क्षमता और वित्तीय शिक्षा से विचारों में बदलाव आएगा तथा परिणाम बदलेगा। कहा कि महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए पंचायत के प्रत्येक गांव में महिला सखी मंडल का गठन जेएसएलपीएस के माध्यम से किया गया है।

इस महिला समूह के देखरेख के लिए पंचायत स्तर पर बैंकिंग करेस्पोंडेट (बीसी) सखी का चयन किया गया है, ये महिला वित्तीय साक्षरता के साथ-साथ आयुष्मान भारत, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, प्रधानमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना, पैसा जमा यम निकासी, पैसा ट्रांसफर, बीमा अनुदान भुगतान, बिल भुगतान सहित से जोड़ने का प्रशिक्षण देगी। कार्यक्रम में महिलाओं को फ्रॉड कॉल तथा साइबर क्राइम से बचने की सलाह दी गई। इस मौके पर प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक नीरज कुमार, बीपीओ दयानंद प्रजापति, जेइ प्रेमचंद गुप्ता, विष्णु देव, महेश कुजुर, रोशन लाल जायसवाल, मारवाड़ी उरांव, रंजीता कुजुर, कंचन देवी, अंजू देवी, रीता देवी,किरण प्रजापति सावित्री देवी, रेखा कुमारी,देवंती देवी, सुमन देवी, सरस्वती देवी सहित कई लोग उपस्थित थे।

# वार्ड सदस्यों ने रोजगार सेवक पर लगाया पैसा मांगने का आरोप



**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**
प्रखंड के हुलहुला खुर्द पंचायत के सभी वार्ड सदस्यों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को आवेदन देकर ग्राम रोजगार सेवक श्रवण राम हर काम के लिये पैसे मांगने का आरोप लगाते हुये रोजगार सेवक को पंचायत से हटाने की मांग किया है। आवेदन में कहा गया है कि रोजगार सेवक श्रवण राम हर काम के लिये पैसे की मांग करते हैं। वार्ड सदस्यों की बात भी नही सुनते हैं। इसलिये ऐसे रोजगार सेवक को अविलंब पंचायत से हटाते हुये दूसरे रोजगार सेवक को पंचायत में भेजने की मांग किया है। आवेदन पर हस्ताक्षर करने वालो में पंचायत समिति सदस्य राधा देवी, उपमुखिया प्रदीप राम, बसंत प्रसाद, फूलकुमारी देवी, मुन्ना मेहता, गयासुद्दीन अंसारी, सविता देवी, मंजू देवी के नाम शामिल है।

## चतुर्थवर्गीय कर्मचारी का हृदय गति रुकने से मौत

**नवीन मेल संवाददाता। मेराल**
मेराल प्रखंड के सेवानिवृत्त चतुर्थवर्गीय कर्मचारी तथा लातदाग गांव निवासी विशेश्वर दुबे, उर्फ बच्चन दुबे उम्र करीब 75 वर्ष का निधन बुधवार को हृदय गति रुक जाने से हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार विशेश्वर दुबे कुछ महीनों से बीमार थे। जिनका इलाज परिवार वालों द्वारा कराया जा रहा था। विशेश्वर दुबे वर्तमान में गढ़वा नवादा मे रहा करते थे। परिवार वालों द्वारा बुधवार को उनकी अस्वस्थता को देखते हुए इलाज के साथ-साथ भागवत कथा भी सुनाया गया। कथा समाप्ति के बाद उन्होंने अपनी अंतिम सांस ली। उनके निधन पर डॉक्टर लाल मोहन मिश्र, धर्मराज दुबे, रामनारायण दुबे, अवध किशोर दुबे, मनोरंजन दुबे, संतोष दुबे, बचरू पांडे, प्रोफेसर विनोद कुमार द्विवेदी, प्रमोद गुप्ता, विकाश दुबे इत्यादि ने शोक व्यक्त किया है।

# भंडरिया : तालाब में डूबने से एक महिला की मौत

**नवीन मेल संवाददाता। भंडरिया**



भंडरिया थाना क्षेत्र के सिंजो गांव निवासी कामेश्वर सिंह की पत्नी कर्मी देवी की मौत तालाब में डूबने से हो गई। भंडरिया पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेज दिया है। शव को देखने से प्रतीत होता है कि किसी ने कर्मी देवी की हत्या कर तालाब में फेंक दिया है। इधर परिजनों ने का कहना है की मंगलवार की रात्रि में करमी देवी खाना खाकर घर में सो गई थी। रात्रि में वे घर से गायब हो गई। सुबह में घर के थोड़ी दूर में एक तालाब में इसका शव लोगों ने देखा। इस की खबर लोगों ने पुलिस को दी। भंडरिया पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। मृतिका कर्मी देवी के शरीर में कई जगह मारपीट के निशान हैं। इसे लोग क्यास लगा रहे हैं कि किसी ने उसे मारपीट कर तालाब में डाल दिया है। भंडरिया पुलिस मामले दर्ज कर छानबीन में जुट गई है।

# गढ़वा में भाकपा का आम सभा आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता। रमुना**
भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के गढ़वा जिला परिषद ने वन विभाग के मैदान में आम सभा किया। सभा से पहले सुनील मुखर्जी नगर से जुलुस निकाला गया। सभा की अध्यक्षता गणेश सिंह ने किया सभा में मुख्य रूप से हजारीबाग के पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता, राज्य सचिव महेंद्र पाठक, वरिष्ठ नेता सूर्यपत सिंह, राज्य परिषद सदस्य सुरेश ठाकुर और पलामू जिला सचिव उपस्थित थे। मौके पर गढ़वा जिला सचिव राजकुमार राम, रामेश्वर प्रसाद अकेला सहित सभी साथियों ने भूमि माफिया के खिलाफ रोष व्यक्त किया। आम सभा को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद भुनेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि पार्टी ने इलाका में जमींदारों से जमीन छीनकर गरीब भूमिहीन और दलितों के बीच में बांटा था आज भूमाफिया की नजर उस पर पड़ी है और यह सरकार और पदाधिकारियों की मिलीभगत के कारण ही हो रहा है। लेकिन किसी भी कीमत पर बसे हुए लोगों को उजड़ने नहीं दिया जाएगा जमीन पर उनको उनका मालिकाना हक



कम्युनिस्ट पार्टी दिलवा कर रहेगी राज्य सचिव महेंद्र पाठक ने कहा कि हम ने नारा दिया है कि जमीन बचाओ खेती बचाओ गांव बचाओ उसी के तहत 14 अप्रैल से पूरे झारखंड के गांव-गांव का दौरा होगा और गरीब मजदूरों को गोलबंद किया जाएगा। मौके पर जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी ने कहा कि आज पुरे जिला में जमीन माफियाओं की लूट मची हुई जमीन माफिया का जमींदार परिवार और पुलिस प्रशासन की सांठगांठ बनी हुई है और उसी के तहत 40 वर्ष से बसे दलित एवं गरीब परिवार को रमना के सुनील मुखर्जी नगर से उजाड़ने का प्रयास किया जा रहा है उनके इस मंसूबे को भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी कभी पूरा नहीं होने देगी।

यहां के स्थानीय विधायक भानु प्रताप शाही अपना वेतन बढ़ाने के लिए मंगहाई का हवाला देकर विधानसभा में गुहार लगा रहे वहीं दूसरी ओर केंद्र के मोदी सरकार महंगाई बढ़ाकर आराम के लिए दो जून का रोटी भी खाना दुर्लभ कर दिया। नई शिक्षा नीति लाकर देश के छात्र नौजवानों को पढ़ाई करने से भी वंचित रखा जा रहा है आज अमीरों की संपत्ति बढ़ती जा रही है और गरीबों की कम होती जा रही है इसका कारण भाजपा की कॉर्पोरेट पक्षी नीति है। रोजगार देने के नाम पर केंद्र और राज्य दोनों की सरकार असफल साबित हो रही है आज पूरे देश में बेरोजगारों की लंबी फौज खड़ी हो गई है ऐसी परिस्थिति में जल जंगल जमीन की रक्षा के लिए संपूर्ण संकल्प होकर उलगुलान करना होगा। और किसी भी कीमत में जान देंगे परंतु जमीन नहीं देंगे के नारा के साथ संघर्ष को तेज करेंगें।

## मई माह में होना था युवक की शादी सड़क दुघर्टना में मौत

**केतार।** केतार थाना क्षेत्र के नावाडीह गांव निवासी रघुनाथ बैठा का 26 वर्षीय पुत्र अखिलेश बैठा का मंगलवार की देर रात्रि में इलाज के लिए रांची रिम्स अस्पताल ले जाने के क्रम में रास्ते में ही मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार अखिलेश मोटरसाइकिल से रमूना से वापस नावाडीह (केतार)अपने घर आ रहा था। इसी क्रम में बंशीधर नगर में अज्ञात वाहन ने पिछे से जोरदार धक्का मार दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। घायलावस्था में इलाज के लिए सदर अस्पताल गढ़वा में भर्ती कराया गया था जहां से डाक्टर ने प्राथमिकी इलाज के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रिम्स अस्पताल के लिए रेफर कर दिया था। युवक की रास्ते में ही मौत हो गई। इधर घटना की जानकारी नावाडीह गांव में मिलते ही परिजनों की रोने बिलखने की गुंज से गांव का माहौल गमगीन हो गया। युवक का शव देर रात्रि में पंडा नदी के तट पर अंतिम संस्कार किया गया। मृतक युवक अखिलेश का मई माह में शादी होने वाला था लेकिन शादी से दो माह पुर्व ही उसकी मौत हो गई।

**जागरूक** स्वछोत्सव 2023 को सफल बनाने को ले सहायता समूह के सदस्यों को दिया प्रशिक्षण

# 7 से 30 मार्च तक चलेगा अभियान




**नवीन मेल संवाददाता। मझिआंव**
मंझिआंव नगर पंचायत कार्यालय में स्वछोत्सव 2023 मनाने को लेकर आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार के आदेशानुसार स्वच्छता के क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी और नेतृत्व को मजबूत करने के लिए नगर प्रबंधक महोदय राकेश कुमार पाठक के द्वारा दर्जनों की संख्याओं में महिलाओं को प्रशिक्षण दिया गया। बताते चले कि केंद्रीय मंत्री आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा यह कार्यक्रम 7 मार्च 2023 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर स्वच्छ उत्सव 2023 का आरंभ किया गया है जो पिछले 8 वर्षों से महिलाएं जन आंदोलन में आगे रही हैं। ओमेन इन सैनिटेशन से लेकर ओमेन लेड सैनिटेशन में हुए परिवर्तन के उत्सव को मनाने और महिलाओं को प्रेरित करने हेतु यह अभियान 7 मार्च 2023 से 30 मार्च 2023 तक आयोजित की जाएगी जिसमें स्वच्छता और अपशिष्ट प्रबंधन में महिला चैंपियन को पहचानने और पुरस्कृत करने के लिए विंस अवार्ड 2023, स्वक्षता यात्रा एसबीएमयू 2.0 और डे एनयूएलएम द्वारा संयुक्त रूप से महिला समूह के सदस्यों द्वारा बेस्ट प्रैक्टिसेज के अंतर राज्य क्रॉस लर्निंग को बढ़ावा देना, संयुक्त राष्ट्र महासभा 30 मार्च को इंटरनेशनल डे फॉर जीरो वेस्ट दिवस घोषित करना और इस दिन महिलाओं के नेतृत्व में वार्ड स्तरीय जन जागरूकता अभियान के अंतर्गत स्वच्छ मशाल मार्च का आयोजन करना, गार्बेज फ्री सिटीज को बढ़ावा एवं जन आंदोलन को आगे ले जाने के लिए महिला स्वयं सहायता समूह को मुख्यधारा में लाने हेतु एयरवेज फ्री सिटी इनफॉरमेशन नेटवर्क की शुरूआत करना है शामिल किया गया है। वही इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में नगर प्रबंधक राकेश कुमार पाठक, नगर स्वक्षता प्रभारी राकेश कुमार सहित दर्जनों की संख्या में महिलाऐं सामिल थी।

# आईजी ने भंडरिया थाना का किया दौरा



**नवीन मेल संवाददाता। भंडरिया**
आईजी राजकुमार लकड़ा ने बुधवार को भंडरिया थाना का दौरा कर पुलिस अधिकारियों से मिले तथा पुलिस जवानों का हौसला अफजाई किया। भंडरिया आने के बारे में पुछे जाने पर उन्होंने कहा कि भंडरिया मेरा लगातार विजिट होते रहता है। इसी क्रम में आज भंडरिया आए हुए हैं। ऐसे इलाकों में विजिट करने से पुलिसकर्मियों और पुलिस पदाधिकारियों का हौसला बढ़ता है। अभियान एसपी विवेकान्द कुमार, इस्पेक्टर सह थाना प्रभारी संजय कुमार खाखा, सब इंस्पेक्टर रंजीत कुमार महतो आदि उपस्थित थे।

## NEWS इन ब्रीफ

### 20 मार्च से संसद कार्यक्रम का आयोजन

**मेदिनीनगर।** नेहरू युवा केंद्र पलामू के तत्वावधान में 20 मार्च को युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा 20 मार्च को जिला स्तरीय पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम की जानकारी देते हुए प्रभारी जिला युवा अधिकारी कंचन कुमारी ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन शहर के पं. दीनदयाल उपाध्याय सभागार (न्यू टाउन हॉल) में होना तय हुआ है। इस कार्यक्रम में जिले के सभी प्रखंडों से कुल 1600 युवा भाग लेंगें। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को जी 20,वाई 20, इंटरनेशनल ईयर ऑफ मिलेट्स, समकालीन सामाजिक-आर्थिक विकास के मुद्दों के बारे में शिक्षित करने के लिए स्थानीय और वैश्विक समुदायों का सामना करना और उन्हें ऐसे मुद्दों पर मन्तव्य रखने का मौका देना है। इस कार्यक्रम में प्रत्येक प्रखण्ड से दो युवाओं को उपरोक्त विषयों पर अपना मन्तव्य रखने का मौका भी दिया जायेगा। साथ ही इस कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाना है।

### लीज की बाबत भाकपा ने की प्रेसवार्ता

**मेदिनीनगर।** स्थानीय परिसदन भवन में गुरूवार को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के हजारीबाग के पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता, राज्य सचिव महेंद्र पाठक, जिला सचिव रुचिर कुमार तिवारी, वरिष्ठ वामपंथी नेता सूर्यपत सिंह ने प्रेस वार्ता किया । उन्होंने बताया कि पूरे झारखंड में खनिज संपदाओं की लूट मची हुई है । जिसमें पलामू जिला सबसे एक नंबर में है । यहां पत्थर खनन की लूट मची हुई है । जिसमें सरकारी भूमि वन विभाग की भूमि , गैरमजरूआ भूमि, गरीबों की खतियानी भूमि को भी बिना ग्रामसभा किए लीज पर दे दिया जा रहा है। पलामू जिला के नौडीहा बाजार अंचल के ग्राम कुहकू कला में खतियानी रैयत के भूमि पर लीज दे दिया है । जिस पर अभी मुकदमा भी चल रहा है । लीज धारण करने के लिए ग्राम सभा करने के बाद 80% ग्रामीणों की सहमति होना आवश्यक है । लेकिन ऐसा कहीं भी नहीं हुआ। हाईकोर्ट पलामू जिला में अवैध लीज पर खनन की जांच करने के लिए सरकारी पदाधिकारियों को प्रतिनिधि बनाया है । हम हाईकोर्ट का सम्मान करते हैं कि वह जांच करें और उत्खनन को रद्द कर दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई करें । झारखंड में बालू की भी लूट मची हुई है। बालू का टेंडर सरकार अभिलंब करें या ग्रामसभा को उसकी जिम्मेदारी दे । पलामू एसपी नौडीहा बाजार मामले में अभिलंब लीजधारक अपराधियों पर एफआईआर दर्ज कर परिवार को उचित मुआवजा प्रदान करें। उपायुक्त पलामू अवैध तरीके से लिया गया लीज को रद्द करे ,अन्यथा 18 तारीख के बाद उपायुक्त पलामू के समक्ष आमरण अनशन पर बैठेंगे। वहीं 14 अप्रैल से पूरे झारखंड में भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी गांव गांव घूम घूम कर लोगों को गोलबंद कर आंदोलन को तेज करेगी। मौके पर राज्य कार्यकारिणी सदस्य जितेंद्र सिंह, नगर सचिव सुरेश ठाकुर, नौजवान संघ के उपाध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी,नसीम राइन, सोनू अहमद,बिजय कुमार ठाकुर,आदि मौजूद थे।

### किरण सिंह ने लोकेंद्र सिंह के निधन पर शोक जताया

**मेदिनीनगर।** राजपूतों के नेता व करणी सेना के संस्थापक लोकेंद्र सिंह कालवी का निधन 14 मार्च दिन मंगलवार को दिल का दौरा पड़ने से हो गया। वे बहुत दिनों से बीमार चल रहे थे। उनका इलाज जयपुर स्थित सवाईमान सिंह अस्पताल में चल रहा था। वे राजपूत करणी सेना के संरक्षक थे। उन्होंने समाज के लोगों को सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। उनके निधन से राजपूत समाज को काफी क्षति हुई है। उनकी मौत पर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के प्रवक्ता सह भोजपुर हाउस के किरण सिंह ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

# ऐतिहासिक होगा रामनवमी : जुगल किशोर

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पूरे देश की तरह पलामू जिला में भी रामनवमी पर्व मनाया जा रहा है। इस अवसर पर पलामू जिला में श्री महावीर नवयुवक दल जनरल पूरी तैयारी के साथ रामनवमी पर्व को ऐतिहासिक बनाने के लिए लगी हुई है। रामनवमी पर्व का इस वर्ष आगाज हो चुका है। जिसकी शुरूआत प्रथम मंगलवारी से शोभा यात्रा निकालकर किया गया। पूरे धूम धाम के साथ पलामू जिला मुख्यालय मेदिनीनगर के शिवाला घाट स्थित शिव मंदिर के प्रांगण से रामनवमी पर्व के अवसर पर निकलने वाले मंगलवारी जुलूस का आगाज किया गया। इस अवसर पर मेदिनीनगर के कई रामनवमी समितियों ने भव्य एवं आकर्षक शोभायात्रा निकाला। मौके पर श्री महावीर नवयुवक दल जनरल के अध्यक्ष जुगल किशोर के अलावा काफी संख्या में श्री महावीर नव युवकदल जनरल



के पदाधिकारी व सदस्य सहित सैकड़ों की संख्या में राम भक्तों उपस्थित थे। ढोल नगाड़े, बैंड बाजा, तरसा, लाइट साउंड एवं गाजे-बाजे के साथ आकर्षक तरीके से मंगलवारी जुलूस निकाला गया। जिसका नेतृत्व श्री महावीर नवयुवक दल जनरल के अध्यक्ष जुगल किशोर चंद्रवंशी ने किया। इस अवसर पर जुगल किशोर चंद्रवंशी ने कहा कि पलामू हर बार रामनवमी पर्व के अवसर पर मिसाल कायम किया है। इस वर्ष भी कुछ ऐसा ही यहां के राम भक्तों के सहयोग से कर दिखाया जायेगा। जिसे लोग बरसो बरसो तक याद रखेंगे। मंगलवारी जुलूस मेदिनीनगर शहर के विभिन्न मार्गो से गुजरता हुआ मेदिनीनगर बाजार स्थित महावीर मंदिर के पास पहुंच कर वहां पर पूजा अर्चना के साथ समाप्त किया गया। पूरे शोभा यात्रा के दौरान जय श्री राम, बजरंगबली के उद्घघोष से पूरा आसमान गूंजता रहा। इस अवसर पर विजय ओझा, दुर्गा जौहरी, बबलू गुप्ता, प्रभात उदयपुरी, नागेंद्र प्रसाद नागिन, संजय सिंह उमेश, सोमेश सिंह, प्रभात कुमार अग्रवाल सुरेश कुमार टाम, अजीत सिन्हा , मुकेश अग्रवाल , राजू चंद्रवंशी , कमल गुप्ता , श्याम जी चौधरी, आशीष भारद्वाज , कुंवर अग्रवाल,अरविंद अग्रवाल, अमन कुमार, पंकज शर्मा, राजकुमार बर्मन, गुड्डू बर्मन, संजय बर्मन, अमृत अग्रवाल, अरविंद गुप्ता, चंद्रभूषण चंद्रवंशी, श्वेतांग गर्ग सत्यवान तिवारी ,अमित आनंद छोटू त्रिपाठी , शंभू अग्रवाल, मुन्ना कुमार लल्लू श्रावण अग्रवाल, अमित कुमार टूटू, निकू सिंह, एवं काफी संख्या में राम भक्त मौजूद थे।

# जमीनी विवाद के मारपीट में दो घायल



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** मनातू थाना क्षेत्र के ग्राम मध्या निवासी नईमुद्दीन अंसारी और फैयाज अंसारी के बीच जमीनी विवाद को लेकर हुए मारपीट में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसके बाद परिजनों के द्वारा दोनों घायलों को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के बाद भी उन दोनों की स्थिति गंभीर बनी हुई है। इस घटना के बारे में फैयाज अंसारी के पुत्र अशरफ अंसारी ने बताया कि गांव के पूर्व मुखिया शांति देवी,रामलाल भुइयां, अनिल भुइयां अनुज भुइयां और श्यामलाल भुइयां के द्वारा हमारे जमीन पर अवैध कब्जा किया जा रहा था। इसी विवाद को लेकर बुधवार की सुबह इन सभी लोगों के द्वारा मेरे पिता फैयाज अंसारी और मामा निजामुद्दीन अंसारी के साथ मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया। इसकी सूचना मनातू थाना प्रभारी कमलेश कुमार को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन में जुट है।

# इप्टा के राष्ट्रीय सम्मेलन में आगे आने की जरूरत: शत्रुघ्न




नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** भारतीय जन नाट्य संघ के टाउन हाल में 17,18 एवं 19 मार्च को आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन को सफल बनाने के लिए ईप्टा का प्रचार वाहन समाहरणालय परिसर में राष्ट्रीय लोक गायक लक्ष्मी प्रसाद यादव के नेतृत्व में पहूंचा। इस अवसर पर संगीतमय कार्यक्रम का संचालन इप्टा के वरिष्ठ रंगकर्मी प्रेम प्रकाश ने आम आवाम को कार्यक्रम में भाग लेने की अपील किया। राष्ट्रीय लोक गायक लक्ष्मी प्रसाद यादव ने इप्टा के कलाकारों के साथ सामयिक जन मुद्दों पर आधारित लोक गीतों की जानदार प्रस्तुति कर उपस्थित जनों से राष्ट्रीय सम्मेलन को सफल बनाने की संगीतमय अपील की।

### कंडा घाटी से अवैध शराब लदा कंटेनर जब्त

**मेदिनीनगर।** नावा बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत कंडा घाटी एनएच 98 मुख्य मार्ग औरंगाबाद-मेदिनीनगर पथ पर गुप्त सूचना के आधार पर नावा बाजार की पुलिस अवर निरीक्षक नंदकिशोर दास, मुकेश कुमार, एएसआई प्रदुमन पासवान एवं सशस्त्र पुलिस बल के द्वारा छापामारी अभियान के तहत अवैध शराब लदा एक कंटेनर को जब्त किया है। जानकारी के अनुसार शराब लदा कंटेनर को लेकर चालक उत्तर प्रदेश की ओर से बिहार जा रहा था। जिसमें ब्लेंडर एवं मैकडोल ब्रांड की अवैध शराब लदा था। ज्योंही चालक की नजर पुलिस पड़ी वह वाहन छोड़कर भाग निकला। मौके पर अपकारी विभाग पलामू एवं पुलिस के जवान वाहन को जब्त कर नावा बाजार थाना ले आयी।

## जिले में शांतिपूर्ण व कदाचार मुक्त परीक्षा संपन्न

# पलामू उपायुक्त रख रहे हैं निगरानी, किया निरीक्षण



**परीक्षा पैटर्न में किया गया है बदलाव**

शिक्षिका अनु कुमारी ने बताया कि इस वर्ष जैक बोर्ड के एग्जाम पैटर्न में बदलाव किया गया है। टर्म-1 और टर्म-2 प्रारूप में विषय के पूरे सिलेबस से प्रश्न पूछे जा रहे है। ऐसे में 100 अंक के पेपर में ऑब्जेक्टिव और सब्जेक्टिव प्रश्नों की संख्या 40-40 होगी।

**मैट्रिक परीक्षा तीन अप्रैल तक प्रथम पाली में सुबह 09:45 बजे से दोपहर 01:05 बजे तक होगी**

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू में मैट्रिक और इंटर की परीक्षा चल रही है। पलामू में मैट्रिक के 74 एवं इंटर की 37 सेंटर पर परीक्षा हो रही है। जिसमें मैट्रिक के 41,320 एवं इंटर के 34,318 विद्यार्थी भाग ले रहे है। 14 मार्च से शुरू हुए परीक्षा में पलामू के सभी केंद्रों में कदाचार मुक्त परीक्षा सम्पन्न हुई। वही, बुधवार को मैट्रिक के प्रथम पाली में वाणिज्य और गृह विज्ञान की परीक्षा रही। वही इंटर की दूसरी पाली में हिंदी और इंलिश भाषा की परीक्षा रही। मैट्रिक परीक्षा तीन अप्रैल तक प्रथम पाली में सुबह 09:45 बजे से दोपहर 01:05 बजे तक होगी। वहीं, इंटर की परीक्षा पांच अप्रैल तक दूसरी पाली में दोपहर बाद 02 बजे से शाम 05:20 बजे तक होगी। पलामू के स्थानीय जिला स्कूल, गिरिवर स्कूल, केजी स्कूल, ब्राह्मण स्कूल, गणेश लाल अग्रवाल स्कूल, सहित कई विद्यालयों में परीक्षा का सफल संचालन हो रहा है।

**पलामू उपायुक्त ने किया निरीक्षण** :पलामू उपायुक्त जैक द्वारा आयोजित मैट्रिक एवं इंटर परीक्षा का सफल संचालन को लेकर गिरिवर+2 उच्च विद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने पूरे पलामू जिला में परीक्षा कदाचारमुक्त एवं शांतिपूर्ण संचालन के लिए संबंधितों अधिकारियों को निर्देशित भी किया।

**इस बार आसान रहा प्रश्न पत्र :** परीक्षा दे रहे सपना कुमारी में बताया कि इस बार परीक्षा में ऑब्जेक्टिव यानी मल्टीपल च्वाइस क्वेश्चन और सब्जेक्टिव प्रश्न पूछे जा रहे है। जो विद्यार्थियों के लिए आसान है। इसके लिए समय भी बांटा गया है। वही मुकेश कुमार ने बताया कि एमसीक्यू प्रश्नों को ओएमआर शीट पर हल करने के लिए समय भी दिया जा रहा है। गौरतलब है कि मैट्रिक के विद्यार्थियों को 09:45 से 11:20 बजे तक और इंटर के विद्यार्थियों को 02 से 03:35 बजे तक का समय दिया जा रहा है।

**परीक्षा कदाचार मुक्त हो रही है :** परीक्षा कदाचार मुक्त हो, इसके लिए विद्यार्थी सीसीटीवी की निगरानी में परीक्षा दें रहे है।। इसको लेकर परीक्षा केंद्रों में सीसीटीवी लगाये गये हैं। इसके अलावा केंद्र के प्रत्येक कमरे में दो-दो परीक्षक विद्यार्थियों की निगरानी कर रहे है। पलामू उपायुक्त ने स्वच्छ एवं कदाचार मुक्त परीक्षा संपन्न कराने के लिए कई दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने परीक्षा के लिए प्रतिनियुक्त स्टैटिक एवं उड़नदस्ता दंडाधिकारियों को कई दिशा निर्देश दिया है। उपायुक्त ने परीक्षा केंद्रों में समय पर प्रश्न पत्र एवं उत्तर पुस्तिका पहुंचाने के लिए सभी तैयारी पूर्व में ही पूरी कर लेने का निर्देश दिया है।

# वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नावाटोली स्थित प्रतिष्ठित स्कूल संत मरियम छात्रावास के बच्चों का बुधवार को वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य कुमार आदर्श ने कहा कि आज गरूवार को छात्रावास परिसर का परिणाम घोषित किया गया है । कल कजरी और नावाहाता परिसर का परीक्षा परिणाम घोषित किया जायेगा । सभी अभिभावक प्राप्त सूचना के आधार पर तय की गई समय में विद्यालय आकर अपने बच्चों का रिजल्ट प्राप्त कर लें। साथ ही प्राचार्य ने सभी अभिभावकों को सूचित किया कि स्कूल के नए सत्र की शुरूआत 20मार्च से होगी । सभी अभिभावक अपने बच्चों को स्कूल भेजने से पहले संबंधित यूनिफॉर्म और पुस्तक ससमय ठीक कर ले। उक्त मौके पर विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने कहा कि अपने अथक परिश्रम और असीमित ऊर्जा का प्रयोग करते हुए विद्यार्थियों ने पूरे दमखम के साथ वार्षिक परीक्षा में बेहतर परिणाम हासिल की है । विद्यार्थियों को अपनी ऊर्जा को बरकरार रखते हुए लक्ष्य प्राप्ति तक अनवरत मेहनत करने की आवश्यकता है । बेहतर मार्गदर्शन और शिक्षकों के सफल सामूहिक प्रयास से स्कूल के बच्चे पढ़ाई के साथ साथ विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर परिणाम हासिल कर रहे हैं। मौके पर उपस्थित अभिभावकों ने भी उत्कृष्ट शिक्षा के लिए स्कूल का आभार प्रकट किया।

# सड़क दुर्घटना की रोकथाम के लिए लगा डिवाइडर

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू एसपी चंदन सिन्हा के निर्देशानुसार ट्रैफिक प्रभारी रामजीत सिंह के नेतृत्व में रांची रोड डीएवी स्कूल,रेड़मा ओवर ब्रिज और रिलायंस पेट्रोल पंप के पास वाहन की गति सीमा को कंट्रोल करने के लिए ड्रम डिवाइडर लगाया गया। ड्रम डिवाइडर लगाने के पश्चात उसमें रिफ्लेक्टर स्टीकर भी चिपकाया गया। ताकि रात्रि में भी वाहन चालकों को डिवाइडर आसानी से दिख सके। मौके पर उपस्थित



ट्रैफिक प्रभारी रामजीत सिंह ने वाहन चालकों से आग्रह करते हुए कहा है कि भीड़ भाड़ और रास्ते में वाहन चलाते समय लोग स्पीड पर कंट्रोल रखें। उन्होंने कहा कि आए दिन तेज गति की वजह से लोग सड़क दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। उन्होंने लोगों से अपील किया है कि वाहन चलाते समय हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग जरूर करें, ताकि दुर्घटना होने के बाद भी आप सुरक्षित रह सके। उन्होंने कहा कि आए दिन रांची रोड में सड़क दुर्घटनाओं की संख्या बढ़ती जा रही है। इसी के मद्देनजर पलामू एसपी के निर्देशानुसार रांची रोड में ड्रम डिवाइडर लगाया गया है। ताकि लोग सड़क दुर्घटना से बच सके। ट्रैफिक प्रभारी रामजीत सिंह ने कहा कि एसपी के आदेश पर डाल्टेनगंज छह मुहान चौक से लेकर रांची रोड,पांकी रोड रेड़मा ओवर ब्रिज सहित अन्य जगहों पर डिवाइडर लगाया गया है ताकि दुर्घटना ना हो।

# जनरल अध्यक्ष बनने पर पूर्व जिला परिषद ने दी बधाई



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** चैनपुर के पूर्व जिला परिषद शैलेंद्र कुमार शैलू ने मेयर प्रत्याशी जुगल किशोर को पुनः रामनवमी पूजा कमेटी के जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर खुशी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि पलामू के राम भक्तों ने सही निर्णय लेते हुए एक बार फिर मेयर प्रत्याशी जुगल किशोर को रामनवमी कमेटी का अध्यक्ष बनाया है। जुगल किशोर पलामू में 12 वीं बार रामनवमी कमेटी के जनरल अध्यक्ष रह चुके हैं। इस दौरान उन्होंने मेदिनीनगर शहर में रामनवमी पूजा के अवसर पर बेहतर ढंग से शहर को सजाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि रामनवमी का त्योहार पूरे झारखंड में हजारीबाग को ही प्रसिद्ध माना जाता था। परंतु जुगल किशोर जब से रामनवमी कमेटी के अध्यक्ष पद पर रहे हैं,तब से पलामू पहला स्थान पर है। यहां रामनवमी का पर्व काफी धूमधाम से मनाया जाता रहा है। पलामू में रामनवमी पर्व पर झांकी और राम रथ को देखने के लिए बाहर से लोग यहां आते हैं। शैलु ने कहा कि जुगल किशोर राम नवमी पूजा के अवसर पर तन मन और धन से लोगों के साथ मिलजुल कर राम नवमी पूजा को बेहतर तरीके से मनाने में जुट गए है। वही राम नवमी पूजा जनरल कमेटी के अध्यक्ष जुगल किशोर का कहना है कि इस बार रामनवमी पूजा के अवसर पर शहर को और भी बेहतर ढंग से सजाया जायेगा। उन्होंने कहा कि इस पूजा में सभी लोगों का सहयोग अनिवार्य है।

# सरहुल की छुट्टी अब 24 मार्च को



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू सहित राज्य में सरहुल की छुट्टी अब 24 मार्च को होगी। इसका आदेश कार्मिक विभाग के अवर सचिव ने जारी कर दिया है। अब 24 मार्च को राज्य के सभी सरकारी कार्यालयों में सार्वजनिक अवकाश रहेगा। 24 मार्च को मैट्रिक और इंटर की परीक्षा भी होनी है। लेकिन अब जैक के द्वारा इन तिथि की परीक्षा को आगे बढ़ा देगी। 24 मार्च को मैट्रिक में पहली पाली के गणित की परीक्षा होनी थी। जबकि दूसरी पाली में इंटर की जियोलॉजी,मनोविज्ञान और बिजनेस स्टडी का परीक्षा है। गौरतलब है कि इससे पहले राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित सरकारी छुट्टियों की सूची में सरहुल का अवकाश 23 मार्च को घोषित था। लेकिन रामदयाल मुंडा जनजाति केंद्र से सरकार को यह जानकारी मिली कि पूरे राज्य में 24 मार्च दिन शुक्रवार को ही सरहुल मनाया जा रहा है। कार्मिक विभाग में अवकाश संबंधित आदेश में संशोधन किया गया है।

# दलितों को उजाड़ने का किया जा रहा है प्रयास : रूचिर

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के गढ़वा जिला परिषद ने गढ़वा के रमुना वन विभाग के मैदान में आम सभा की। इससे पहले सुनील मुखर्जी नगर से जुलुस निकाला गया। जिसकी अध्यक्षता गणेश सिंह ने किया । सभा में मुख्य रूप से हजारीबाग के पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता, राज्य सचिव महेंद्र पाठक, वरिष्ठ नेता सूर्यपत सिंह, राज्य परिषद सदस्य सुरेश ठाकुर और पलामू जिला सचिव उपस्थित थे। मौके पर गढ़वा जिला सचिव राजकुमार राम,रामेश्वर प्रसाद अकेला सहित सभी साथियों ने भूमि माफिया के खिलाफ रोष व्यक्त किया। मौके पर जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी ने कहा कि आज गढ़वा जिला में जमीन माफियाओं की लूट मची हुई है। जमीन माफिया ,जमींदार परिवार और पुलिस प्रशासन की सांठगांठ बनी हुई है।उसी के तहत 40 वर्ष से बसे दलित एवं गरीब परिवार को गढ़वा के सुनील मुखर्जी नगर से उजाड़ने का प्रयास किया जा रहा है । भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी इसे कभी पूरा नहीं होने देगी। आज अमीरों की संपत्ति बढ़ती जा रही है और गरीबों की कम होती जा रही है। इसका कारण भाजपा की कॉर्पोरेट पक्षी नीति है । रोजगार देने के नाम पर केंद्र और राज्य दोनों की सरकार नाकाम साबित हो रही है । पूरे देश में बेरोजगारों की लंबी फौज खड़ी हो गई है। ऐसी परिस्थिति में जल जंगल जमीन की रक्षा के लिए संपूर्ण संकल्प होकर उलगुलान करना होगा।

**पहल** 600 फीट ऊंचे मंदिर का निर्माण कार्य शुरू

# गोवर्धन पर्वत पर विराजमान होंगे भगवान कृष्ण

**मंदिर नहीं रहने के कारण ग्रामीण कृष्ण जन्माष्टमी के दिन पर्वत पर फोटो रखकर पूजा करते थे।**

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** छतरपुर नगर पंचायत अंतर्गत ग्राम लोहराही के वार्ड नंबर 14 में ग्रामीणों की सहायता से गोवर्धन पर्वत पर राधेश्याम यानी भगवान कृष्ण का 600 फीट ऊंचा मंदिर बनाया जायेगा। मंदिर निर्माण कार्य ग्रामीणों की ओर से चंदा संग्रह का गाजे बाजे और पूजा अर्चना कर शुरू किया गया। ग्रामीणों के अनुसार इस मंदिर को बनाने को लेकर कई साल से चर्चा हो रही थी। मंदिर नहीं रहने से ग्रामीण कृष्ण जन्माष्टमी के दिन पर्वत पर फोटो रखकर पूजा करते थे। वहीं,



इस क्षेत्र के कुछ खनन माफियों की ओर से गोवर्धन पर्वत को माइंस लीज कराने की तैयारी चल रही थी। ग्रामीणों ने इसका पुरजोर विरोध किया और मंदिर की नीव रख मंदिर निर्माण कार्य प्रारंभ किया। वार्ड पार्षद सुनील यादव और रामजी यादव ने बताया कि यह सदियों के संघर्ष का परिणाम है। मन की पवित्रता हो तो परमात्मा की कृपा मिल जाती हैं। पुण्य उदय हो तो छोटा सा व्यक्ति भी भगवान का अभिषेक कर पाता है। यह मंदिर छतरपुर के देवगन में स्थित कई साल पुराने राधा कृष्ण के मंदिर की तर्ज पर बनाया जायेगा। लेकिन अब तक मंदिर का प्रारूप नहीं बनाया गया है। मंदिर के गुम्बद में विशेषकर कला आकृति कर आकर्षक बनाने की तैयारी है। 400 स्क्वायर फिट में मंदिर बनाया जायेगा। मंदिर की ऊंचाई 600 फिट होगी। इसके लिए 50 लाख रुपए की राशि मंदिर कमिटी की ओर से संलग्न कर निर्माण कार्य कराया जायेगा। मंदिर का निर्माण कार्य तेजी से कराकर जन्माष्टमी तक मंदिर बनाने की तैयारी है।

# पलामू में इप्टा का राष्ट्रीय सम्मेलन सौभाग्य की बात : परशुराम

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** सदर मेदिनीनगर प्रखंड अंतर्गत रजवाडीह मध्य विद्यालय में भारतीय जन नाट्य संघ 'इप्टा' की सांस्कृतिक टीम ने अपनी प्रस्तुतियों से विद्यालय परिवार का मन मोह लिया। ज्ञात हो कि है कि भारतीय जन नाट्य संघ 'इप्टा' का 15 वां राष्ट्रीय सम्मेलन 'नीलाम्बर-पीताम्बर लोक महोत्सव' के नाम से पलामू जिला में 17 से 19 मार्च-2023 तक होना निर्धारित है। इसकी सफलता के लिए सांस्कृतिक टीम भ्रमण कर लोगों को आमंत्रित कर रही है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक परशुराम तिवारी ने कहा कि यह पलामूवासियों के लिए सौभाग्य की बात है 'इप्टा' का राष्ट्रीय सम्मेलन पलामू जिला में हो रहा है। यह वही 'इप्टा' है जो न्याय,प्रगति एवं निडर अभिव्यक्ति के लिए अपनी अखंड प्रतिबद्धता को लेकर दुनिया भर में विख्यात है। इसने कला,लेखन व इंकलाब के क्षेत्र के सैकड़ों अजीम शख्शियतों को तराशा है। कहा कि 'इप्टा' के विद्यालय प्रांगण में पहुंचने से हम सब गदगद हैं तथा सफलता के लिए शुभकामनाएं देते हैं। बताते चलें कि बिहार के बेगुसराय से आये राष्ट्रीय स्तर के कलाकार लक्ष्मी प्रसाद यादव ने एक के बाद एक तीन प्रेरक गीत प्रस्तुत कर शमां बांध दिया। 'ये सितारों आओ गायें अमन छा जाने के गीत' के संदेश ने सबको झूमा दिया। हारमोनियम पर निर्भय सिंह,नाल पर श्रीराम व कोरस में उमेश साह, हरिओम, लक्ष्मण तथा पलामू इप्टा के प्रेम प्रकाश, सुरेश सिंह व मनीष खूब जमे।

NEWS इन ब्रीफ

## विधायक बाड़ा ने दो सड़कों को दुरुस्त कराने की रखी मांग

**सिमडेगा।** विधायक भूषण बाड़ा ने विस सत्र में जिले के दो सड़कों को दुरुस्त कराने की मांग की है। सत्र के माध्यम से विधायक ने केरसई ठेसुटोली से आरसी उवि टैंसेर तक जर्जर सड़क एवं कोचेडेगा के बांसपहाड़ होते हुए कायोटोली तक के पथ को दुरुस्त कराने की मांग की है। विधायक ने कहा है कि दोनों पथ में केवल ग्रेड-1 का कार्य हुआ है। सड़क में बिछाए गए बोल्डर भी उखड़ने लगा है। बोल्डर उखड़ जाने से लोगों को अवागमण में काफी परेशानी हो रही है। बोल्डर उखड़ने से सड़क दुर्घटना भी बढ़ गई है।

## आगजनी पीड़ित परिवार को जिप सदस्य ने पहुंचाई सहायता



**बानो।** प्रखंड के ग्राम कनारोइयां में मंगलवार रात्रि में अनिल लुगुन के अपने घर को ही आग के हवाले करने से घर सहित घर में सभी सामान जल कर नष्ठ हो गया। घर सहित अन्य सामानों के जल जाने से विक्षित अनिल लुगुन की पत्नी सालोमी लुगुन परेशान थी। कपड़े लत्ते पहनने के लिये नही थे। खाने के लिए अनाज नही थे। अपनी समस्या किससे कहते। एक बेटा 17 मार्च से मैट्रिक की परीक्षा देने वाला है। एक अन्य बेटी स्कूल में पढ़ती है जिसके किताब व स्कूल यूनिफार्म जल गये। बुधवार को जीप सदस्य ने अपने सहयोगियों के साथ मिल कर पीड़ित परिवार को सहायता के लिये आगे आए। जिला परिषद सदस्य बिरजो कंडुलना, बीससूत्री अध्यक्ष बिदेशिया बड़ाईक, बीस सूत्री उपाध्यक्ष बानो मनीर खान, कनारोइयां के प्रचारक ने मिल कर पीड़ित परिवार को कपड़े, चावल आदि सामान दिये।

## लैब टेक्नीशियन का पांच दिवसीय प्रशिक्षण का उद्घाटन

**गुमला।** जिला यक्ष्मा केंद्र गुमला में लैब टेक्नीशियन का पांच दिवसीय प्रशिक्षण का उद्घाटन अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर पी के सिन्हा के द्वारा की गई। जिसमे उन्होंने टीबी उन्मूलन कार्यक्रम में लैब टेक्नीशियन की भूमिका पर विस्तार से जानकारी दी गई। डॉक्टर सिन्हा ने बताये कि किस तरह से प्रधानमंत्री द्वारा 2025 में भारत से टीबी को उन्मूलन करना है। इसमें टीबी जांच माइक्रोस्कोपी तथा ट्रूनेट दोनो विधि द्वारा विस्तार से प्रशिक्षण एसटीएलएस राजेश उरांव, एहसान अहमद तथा पवन कुमार द्वारा दिया गया। इस अवसर पर संजय प्रियदर्शी, विधुर भगत, ममता कुमारी तिर्की, रुबिला सोरेन, अनूपा कुमारी सहित एलटी ने भाग ले लिया।

## लोकपाल ने बैठक कर विभिन्न योजनाओं की ली जानकारी

**बानो।** बानो पंचायत भवन में मनरेगा लोकपाल पुष्पा कुमारी ने मनरेगा के लाभुकों व प्रखंड कर्मियों से बैठक कर विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी ली। मनरेगा लोकपाल पुष्पा कुमारी ने कहा कि कार्य समय पूर्ण करे। जो लाभुक योजना का कार्य नही कर रहा है उसकी जानकारी समय पर अपने मुखिया व पंचायत सेवक को दे। एक परिवार से एक ही जॉब कार्ड बनाया जा सकता है। कोई परिवार में शादी कर अलग रहता हो ऐसे परिस्थिति में दूसरा जॉब कार्ड बन सकता है। इसी तरह कोई शादी करके दूसरे जगह चल गई हो गया मृत व्यक्ति का नाम जॉब कार्ड से जल्द हटा लें। जॉब कार्ड में वही नाम हो जो आपके आधार कार्ड, बैंक पास बुक हो। मनरेगा कार्य मे 60 वर्ष से अधिक उम्र को न कराए। मनरेगा लोकपाल ने कार्य क्षेत्र का भर्मण कर मनरेगा लाभुकों से मिल कर योजना के बारे में जानकारी लिया। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा, बानो मुखिया विश्वनाथ बड़ाईक, उपस्थित थे।

## नगर परिषद के 'स्वच्छ उत्सव 2023' कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत

# एक दर्जन महिलाओं को उपायुक्त ने किया सम्मानित

### समाज को नशा मुक्त बनाना भी एक प्रकार का स्वच्छता अभियान है, इस अभियान का नेतृत्व महिलाओं को करना होगा : उपायुक्त

### माताएं-बहनें स्वच्छता की सबसे बड़ी अभिकर्ता हैं : ईओ

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

नगर परिषद के तत्वाधान में बुधवार को टाउन हॉल सभागार में राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन एवं स्वच्छ भारत अभियान टीम के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय स्वच्छ उत्सव 2023 आयोजन किया गया। आयोजन की विधिवत शुरूआत उपायुक्त सुशांत गौरव, नगर परिषद अध्यक्ष दीप नारायण उरांव तथा उपाध्यक्ष कलीम अख्तर द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस दौरान नगर परिषद की महिला वार्ड पार्षदगण, लगभग 700 से अधिक स्वयं सहायता समूह की महिलाएं तथा नगर परिषद के कर्मचारी गण मौजूद थे।

कार्यक्रम का उद्देश्य स्वच्छता अभियान में महिलाओं को नेतृत्वकर्ता की भूमिका में लाने के लिए उन्हें प्रेरित करना था। साथ ही नगर परिषद क्षेत्र की ऐसी महिलाओं को सम्मानित करना जिन्होंने हड़िया दारू की जीविका को छोड़कर नगर परिषद के बैनर तले शहर के स्वच्छता अभियान से जुड़कर झाड़ू थामी है। इस अवसर पर उपायुक्त ने नगर परिषद द्वारा शहर में सकारात्मक माहौल बनाने को लेकर किए जा रहे प्रयासों की सराहना की, साथ ही एक दर्जन उन महिलाओं को शॉल प्रदान कर सम्मानित किया जिन्होंने नशे का कारोबार छोड़कर स्वच्छता अभियान को अपनाया है।




### क्या है स्वच्छ उत्सव 2023

कार्यपालक पदाधिकारी संजय कुमार ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर भारत सरकार द्वारा महिलाओं के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान की श्रंखला को स्वच्छोत्सव 2023 के नाम से शुरू किया गया है। इस अभियान के तहत देश भर की वैसी महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा जिन्होंने स्वच्छता के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य किया है, या उनके नेतृत्व में सामाजिक संगठनों ने अच्छा काम किया है। बताया कि 31 मार्च को स्वच्छता मशाल यात्रा भी निकाली जाएगी। कहा कि महिलाएं हमेशा से स्वच्छता की सर्वश्रेष्ठ अभिकर्ता रही हैं, किंतु उन्हें स्वच्छता के नेतृत्वकर्ता की भूमिका में लाने हेतु उक्त आयोजन किया जा रहा है।

### इन्हें किया गया सम्मानित

जिन महिलाओं को उपायुक्त, नगर परिषद अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष द्वारा संयुक्त रूप से सम्मानित किया गया उनमें मंजू देवी, डहरी उरांव, पाल्हो उरांव, बिगनी देवी, सुखमणि उरांव, सामिल तिग्गा, सुनीता तिग्गा, सावित्री देवी, चंपू उरांव, चरिया उरांव, सोमारी हो, तेतरी उराइंन, धनची उराइंन आदि शामिल हैं।

इस दौरान 10 अन्य महिलाओं ने विभिन्न कोटियों हेतु पुरस्कार के लिए अपना नामांकन दावा भी प्रस्तुत किया। उपरोक्त महिलाएं 'वेस्ट टू वेल्थ' प्रयासों से जुड़ी हैं। कार्यक्रम के आयोजन में नगर मिशन प्रबंधक श्रीमती राहिल डुंगडुंग, नगर प्रबंधक हेलाल अहमद, नगर प्रबंधक हिमांशु मिश्रा, अरशद अली, रौनक पांडे सीओ विमला देवी तथा सभी सीआरपी सदस्यों एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की भूमिका सराहनीय रही।

## जिला स्तरीय मध्याह्न भोजन स्टीयरिंग कम मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक



**उपायुक्त** सभाकक्ष में बुधवार को उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में जिला स्तरीय मध्याह्न भोजन स्टीयरिंग कम मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारी, जि शिक्षा अधीक्षक व सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारियों मध्याह्न भोजन के संचालन के दौरान खाद्य पदार्थों से संबंधित रोस्टर का पालन करने का निर्देश दिया गया। मौके पर उपायुक्त ने अधिकारियों को नियमित रूप से विद्यालयों का औचक निरीक्षण करने और मध्यान भोजन हेतु सरकार की जारी दिशा निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने सभी विद्यालयों में 31 मार्च से पूर्व मध्याह्न भोजन के मेनू का दीवाल लेखन कराने का निर्देश दिया । जिन विद्यालयों में दिए गए फॉर्मेट के आधार पर मेनू का दीवाल लेखन नही कराया जाएगा वैसे विद्यालय के संबंधित जिम्मेदार कर्मी पर कार्यवाही की जाएगी। उपायुक्त ने अंकुरित आलू का विद्यालयों में मध्याह्न भोजन में उपयोग करने पर सख्त मना किया उन्होंने कहा कि अंकुरित आलू के सेवन कैंसर को पैदा करने में जिम्मेदार होता है। सभी विद्यालयों द्वारा मध्याह्न भोजन के पश्चात एक एसएमएस के माध्यम से पोर्टल पर भोजन के नियमितता के संबंध में एंट्री की जाती है। जिसपर उपायुक्त ने प्रति दिन सभी विद्यालयों को मध्याह्न भोजन से संबंधित एसएमएस अनिवार्य रूप से भेजने का निर्देश दिया। इन सबके अलावा बैठक के दौरान उपायुक्त ने विद्यालयों में मध्याह्न भोजन हेतु उपलब्ध राशन सामग्रियों, आवंटन की उपलब्धता आदि की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## रोजगार सह विकास मेला 17 मार्च को समाहरणालय मैदान में

# उपायुक्त ने की पदाधिकारियों के साथ बैठक, दिये निर्देश




**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में बुधवार को 17 मार्च को आयोजित होने वाले रोजगार-सह-विकास मेला को लेकर जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक हुई। बैठक में पदाधिकारियों द्वारा अपने-अपने स्टॉल व अन्य प्रेजेंटेशन की जानकारी दी गयी। मेला में जिला पशुपालन कार्यालय की ओर से स्टॉल व प्रेजेंटेशन में विभाग से सम्बंधित योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। सहकारिता विभाग द्वारा सहकारिता समितियों के गठन व लाभ की जानकारी दी जाएगी। इसी प्रकार जिला उद्योग केंद्र द्वारा पीएमईजीपी, नाबार्ड द्वारा किसान समितियों के गठन व कार्य, समाज कल्याण विभाग द्वारा विभागीय योजनाओं व तेजस्विनी परियोजना, आपूर्ति कार्यालय द्वारा एनएफएसएम व अन्य योजना की जानकारी दी जाएगी। कौशल और नियोजन कार्यालय द्वारा रोजगार के लिए ऑन द स्पॉट युवक-युवतियों के रजिस्ट्रेशन किया जाएगा। जिला खेल कार्यालय द्वारा डे-बोर्डिंग कोच के 03 पदों (फुटबॉल-01, एथलेटिक्स के 02) लिए आवेदन लिए जाएंगे। विभिन्न खेल प्रतियोगिता के लिए तकनीकी स्टाफ व वोलेंटियर का रजिस्ट्रेशन किया जाएगा। उपायुक्त द्वारा डॉ एपीजे अब्दुल कलाम कम्प्यूटर सेंटर में नए बैच के लिए एनरोलमेंट का कार्य जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी को कराये जाने का निदेश दिया गया। मेला के लिए तय विभिन्न सेशन के बीच में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन करने का निदेश दिया गया। अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल ने बताया कि रोजगार-सह-विकास मेला का आयोजन समाहरणालय मैदान परिसर लोहरदगा में दिनांक 17.03.2023 को पूर्वाहन 10.30 बजे से अपराह्न 4.30 बजे तक किया जाएगा। मेला में कृषि, किसान उत्पादक समूहों, उद्यान, पशुपालन एवं गव्य विकास, कौशल विकास (श्रम), नियोजनालय, मत्स्य, सहकारिता, उद्योग, समेकित जनजाति विकास अभिकरण, समाज कल्याण, झारखंड शिक्षा परियोजना, खेल, आपूर्ति कार्यालय के साथ-साथ, नाबार्ड, आरसेटी, युवा सद्भावना मंच, आईएचएम , झारखंड टूल रूम द्वारा स्टॉल लगाया जाएगा। पुस्तक पब्लिशर्स द्वारा पुस्तकों का भी एक स्टॉल में मेला में लगाया जाएगा जिसमें प्रतियोगी परीक्षाओं समेत अन्य तरह की किताबें उपलब्ध रहेंगी। मेला में आए युवक-युवतियों को कौशल एवं रोजगार, स्वरोजगार से संबंधित व अन्य विभागीय जानकारियां पावर प्रेजेंटेशन के माध्यम से दी जाएगी। यह प्रेजेंटेशन श्रम एवं कौशल, नियोजनालय, समाज कल्याण, आरसेटी, आएचएम, टूल रूम, जिला खेल कार्यालय, कृषि एवं सहकारिता, कल्याण विभाग, पशुपालन एवं गव्य विकास, मत्स्य, सहकारिता, नाबार्ड, उद्योग, आपूर्ति कार्यालय के द्वारा दी जाएगा। बैठक में उप विकास आयुक्त समीरा एस, अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, जिला सूचना जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला डीडीएम नाबार्ड, निदेशक आर सेटी समेत अन्य उपस्थित थे।

### साईकिल वितरण को लेकर डीसी ने बैठक की

**उपायुक्त** डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में बुधवार को वित्तीय वर्ष 2022-23 में वर्ग-8 में नामांकित छात्र-छात्राओं को निःशुल्क साईकिल वितरण और पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के लिए संस्थानों की मान्यता संबंधित बैठक हुई। बैठक में निःशुल्क साईकिल वितरण हेतु प्रखण्डों से प्राप्त कुल 7439 छात्र-छात्राओं की सूची को स्वीकृति प्रदान की गई। साथ ही, पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति योजना के लिए छात्र-छात्राओं के निबंधन के लिए जिला के मान्यता प्राप्त कुल 25 संस्थानों की अनुशंसा की गई।

# मनरेगा योजना में लाखों की अवैध निकासी, लाभुक परेशान

### पंचायत सचिव ने निकाला कूप निर्माण का एक लाख 73 हजार रुपये

**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**



भंडरा प्रखंड में मनरेगा के तहत चल रहे योजना में एक लाख 73 हजार रुपये की अवैध निकासी का मामला प्रकाश में आया है। यह मामला आकाशी पंचायत के कुम्हरिया गांव की है। कुम्हरिया के धनंजय कुमार साहू पिता बाली साहू ने इस मामले में लोहरदगा उपविकास आयुक्त को ज्ञापन दिया है। आवेदन में कहा है कि कूप निर्माण कार्य में पूर्ण निकासी होने के बावजूद पूर्ण मेट्रीयल नही दिया गया है उन्होंने कहा है कि उसे मनरेगा योजना के तहत 2021, 2022 में कूप दिया गया। यह योजना को पूर्ण करना था परंतु पंचायत सचिव सह बीपीआरओ रउफ अंसारी द्वारा पैसा का पूर्ण निकासी कर लिया गया है। इस पर भी मुझे कूप निर्माण कार्य के लिए मेट्रीयल नही दिया जा रहा और ना ही मजदूरों का भत्ता दिया जा रहा है। पीड़ित किसान धनंजय ने कहा है कि कूप निर्माण अभी अधूरा है मुझे अबतक 35 बोरा सीमेंट नव हजार ईटा, एक हजार पत्थर, दो ट्रैक्टर बालू और 51 किलो छड़ मिला है जिसकी लागत 91 हजार 740 रुपये होता है तथा अभीतक एक लाख 73 हजार 149.85 की निकासी कर लिया गया है। कहा है कि लेबर मिस्त्री का भुगतान नही हुआ है। इस सबंध में उपविकास आयुक्त से मामले को जांच कर कारवाई की मांग किया गया है।

### जलडेगा : इंटरफेस मीट कार्यक्रम का आयोजन

**जलडेगा।** कोनमेरला पंचायत भवन में लीड्स संस्था के तत्वाधान में ग्रामीणों की समस्या और उनके समाधान पर जानकारी देने हुए 'इंटरफेस मीट विथ गवर्मेंट ऑफिशियल्स टू कनवर्ज अल्ट्रा पूअर' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्रामीणों को होने वाली मनरेगा, पीएम आवास से सम्बंधित शिकायतों का समाधान किया गया, गंभीर मुद्दों पर परिचर्चा करते हुए उनका भी समाधान करने का आश्वासन दिया गया। वहीं ग्रामीणों को ग्राम सभा बैठक में भाग लेने और ग्राम सभा के माध्यम से ही योजनाओं को चयनित करने को कहा गया।

### आपसी प्रेम और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाए रामनवमी त्योहार



**कैरो।** रामनवमी और सरहुल पर्व को क्षेत्र में शांतिपूर्वक संपन्न कराने को लेकर थाना क्षेत्र में जोन स्तरीय शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बुधवार को थाना के पुलिस अवर निरीक्षक हरिऔध करमाली के अगुवाई मे ग्राम खरता हनहट, गितिलगढ़ और तोडांग गांव के प्रतिष्ठित, सामाजिक एवं जनप्रतिनिधियों के अलावे पहान-पुजारी के साथ मिलकर हनहट-सढ़ावे जोन स्तरीय शांति समिति की बैठक ग्राम हनहट गांव स्थित राजकीय बुनियादी विद्यालय प्रांगण में रखी गई। मौके पर हरिऔध ने कहा की पर्व त्योहार को आपसी प्रेम सौहार्दपूर्ण वातावरण में एक दूसरे के साथ मिलजुल कर आपसी गिले-शिकवे को भुलाकर एक दूसरे की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए त्योहार को आपसी प्रेम सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं। शांति व्यवस्था बनी रहे इसको लेकर पुलिस प्रशासन सदैव ही तत्पर है खासकर पर्व त्योहार के मौके पर सोशल मीडिया के द्वारा जो अफवाहें फैलाई जाती हैं उन अफवाहों से हमें बचने की जरूरत है अफवाह फैलाने वालों पर निश्चिंत कार्यवाई किया जायेगा।त्यौहार को शांतिपूर्ण ढंग से मनाएं तथा त्योहारों की गरिमा बनाए रखें जिससे त्यौहारों के दौरान कोई दिक्कत न आए। मौके पर मौजूद प्रखंड प्रमुख श्रीराम उरांव ने प्रखंड के लोगों को आपसी प्रेम भाईचारा का परिचय देते हुए त्यौहार मानाने का अपील किया। मौके पर ग्रामीण मौजूद थे।

### बक्सीडीपा जंगल में पर्यटको के लिए 65 डिसमिल में बनेगा रिसोर्ट भवन

**सेन्हा।** झारखंड सरकार के कला संस्कृति पर्यटक खेलकूद विभाग के संयुक्त सचिव जिले के आला अधिकारियों के साथ प्रखंड क्षेत्र के बक्सीडीपा जंगल पहुंचकर स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने कहा कि मुख्य सड़क के किनारे स्थित जंगल में रिसोर्ट सेंटर का निर्माण 65 डिसमिल भूमि में कराया जाएगा। पहला चरण में रिसोर्ट का कार्य किया जाएगा स्थान बेहतर है। यहां पर नेतरहाट,धरधरिया जलप्रपात नंदगांव, 27 नंबर पुल,आदि पर्यटक स्थल है। जिसे दूर दूर से देखने आने वाले पर्यटकों को ठहराव की व्यवस्था हो जाने से पर्यटकों को काफी लाभ मिलेगा। झारखंड सरकार खेलकूद एवं पर्यटन क्षेत्र में काफी रुचि लिए हुए हैं। इस योजना का डेढ़ साल पहले प्रस्ताव जिला से भेजा गया था। जिसके आलोक में आगे का कार्य किया जा रहा है। कहा कि प्रथम चरण में रिसोर्ट का निर्माण होगा पार्क बनने की बात पूछने पर कहा संबंधित योजना बाद में देखा जाएगा। उन्होंने स्थल के निरीक्षण के दौरान अधिकारियों के साथ मिलकर नक्शा का भी सत्यापन किया। मौके पर एसडीओ अरविंद कुमार लाल,जिला दंडाधिकारी अमित बेसरा एवं अन्य अधिकारी शामिल थे।

### सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम सह स्नेह मिलन समारोह आयोजित

**लोहरदगा।** सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर में सत्र 2022-23 का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इसके अलावा सेवानिवृत्त सरिता जायसवाल का स्नेह मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। मौके पर कक्षा अरुण से लेकर कक्षा पंचम तक के प्रथम द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले भैया बहनों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर सेवानिवृत्त आचार्या सरिता देवी ने विद्यालय में बिताए गए समय और शिक्षण कार्य को याद कर भाव विभोर हो गई। उन्होंने बताया कि हमने अपने जीवन का बहुमूल्य समय बच्चों के निर्माण के लिए प्रदान किया। मैंने यह लक्ष्य रखा था कि बच्चों का सर्वांगीण विकास किस प्रकार होगा। उसके लिए मैंने सतत प्रयास किया है। मैं इस विद्यालय के प्रति सदैव कृतज्ञ रहूंगी। प्रधानाचार्य सुरेशचंद्र पांडेय ने अपने अनुभव को व्यक्त करते हुए कहा कि सरिता देवी ने सदैव बड़ी बहन एक अध्यापिका के रूप में कार्य करते हुए सदैव एक अच्छे शिक्षक के रूप में सहयोग प्रदान किया। विद्यालय की सभी गतिविधियों में चाहे वह शैक्षणिक हो सांस्कृतिक हो योगिक एवं शारीरिक समस्त गतिविधियों में आपका कौशल विद्यालय के लिए सदैव याद रखेगा। मौके पर प्रबंध समिति के अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल समेत अन्य शिक्षक मौजूद थे।

## कुडू में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन, मुखिया हुई सम्मानित

**लोहरदगा।** डीडीसी के निर्देश पर ग्रामीण विकास विभाग झारखंड सरकार के पत्रांक (ठ) 340 (अनु) दिनांक 2/3/2023 के आलोक में प्रखंड कुरू के समीक्षा कक्ष अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी कुडू द्वारा की गई। इस कार्यक्रम में उपप्रमुख कूडू, बीपीओ मनरेगा अरविंद रौशन, लेखा सहायक सुमति कुमारी, सभी पंचायतों के महिला मुखिया, मेट, लाभुक, पंचायत कर्मी उपस्थित हुए। समारोह में उपस्थित सभी मुखिया को सम्मानित किया गया, महिला दीदी-बाड़ी योजना के 56 लाभुकों को योजना स्वीकृति पत्र का वितरण किया गया। समारोह में मनरेगा अंतर्गत योजना के क्रियान्वयन में उत्कृष्ट योगदान के लिए महिला मुखिया चंदलासो एवं ककरगढ़ को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। 100 दिन रोजगार दिवस प्राप्त परिवार के महिला सदस्य को भी सम्मानित किया गया, उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालीं महिला मेट को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुखिया, मेट द्वारा उनके प्रगति कार्य में आने वाले चुनौतियों एवम अनुभव साझा किए गए।

# शांतिपूर्ण तरीके से हुई परीक्षा

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**

झारखंड अविविद्य परिषद द्वारा आयोजित मैट्रिक की परीक्षा नन्दलाल प्लस 2 उच्च विद्यालय अरु तथा कन्या मध्य विद्यालय सेन्हा में हुआ। दोनों ही केंद्र में ही शांतिपूर्ण ढंग से कॉमर्स एवं गृह विज्ञान का परीक्षा हुआ। वही नन्दलाल प्लस 2 उच्च विद्यालय अरु में 96 छात्र-छात्राओं में से 95 परीक्षार्थी उपस्थित हुए 01 छात्र अनुपस्थित रहा। तथा कन्या मध्य विद्यालय सेन्हा में सभी 26 छात्र-छात्राएं उपस्थित हो परीक्षा दिया।




परीक्षा कदाचारमुक्त व शांतिपूर्ण तथा सुचारू ढंग से सम्पन्न हो जिसके लिये प्रखंड कृषि पदाधिकारी रघुनंदन वैद्य और प्रखंड पशुपालन पदादिकारी डॉ मनोज कुमार को दंडाधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया। जिनके द्वारा अपने दायित्व का निर्वाह्न करते हुए पुलिस प्रशासन का सहयोग से शांति व्यवस्था बहाल किया गया। केंद्राधीक्षक अभिषेक गौरव, सहायक मेराज आलम के अलावे शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा एएसआई आयता खेस, जमशेद खान दल बल के साथ परीक्षा केंद्र में मुस्तैद नजर आए। केंद्राधीक्षक सीमा नैन्सी लकड़ा और अभिषेक गौरव ने बताया कि मैट्रिक परीक्षा के दूसरे दिन भी सभी परीक्षार्थीयों ने शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षा दिया जिसे परीक्षा शांतिपूर्वक और कदाचार मुक्त सम्पन्न हुआ।

## पहचान — लोहरदगा के छात्र की लिखित पुस्तक का ऑस्ट्रेलिया में प्रकाशन

# बेस्ट बुक ऑफ द ईयर से सम्मानित हुए कल्याण

**नवीन मेल संवाददाता। कैरो**

प्रखंड क्षेत्र के उतका गांव निवासी पोस्टमास्टर जगदीश प्रसाद यादव के 17 वर्षीय पुत्र कल्याण कुमार की 10वीं पुस्तक बिग एंड बेटर का रिजल्ट 15 मार्च को ऑस्ट्रेलिया में प्रकाशित किया गया जिसमे कल्याण को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। साहित्य के क्षेत्र में ऑस्ट्रेलिया में बेस्ट बुक ऑफ ईयर और बेस्ट राईटर ऑफ द ईयर 2023 से सम्मानित हुए। कल्याण कुमार भारत के अलावे विदेशों में भी जिले का नाम रौशन किया है। कल्याण कुमार के द्वारा अबतक कुल 10 पुस्तके लिखी गई है। अंग्रेजी भाषा की पुस्तक पॉवर्टी इन इंडिया का पब्लिकेशन न्यूयार्क में हुआ। इसके अलावे उन्होंने मैजिक ऑफ वड्स, मेरी मंजिल, दी जर्नी टू फ्रीडम, दी आर्ट ऑफ पोएट्री, दी असेंड फीलिंग्स, एक हसीन सफर, दी रीयूनियन, फ्रेम ऑफ इमेजिनेशन व बिग एंड बेटर नामक पुस्तक लिखी गई है। बिग एंड बेटर पुस्तक बेस्ट बुक ऑफ द ईयर का अवार्ड के लिए आस्ट्रेलिया में नॉमिमेट किया गया था। कल्याण को भारत सरकार की ओर से शानदार प्रदर्शन के लिए साहित्य के सबसे बड़े रबिन्द्रनाथ टैगोर अवार्ड से सम्मानित किया जा चुका है। इसके अलावे कल्याण को और भी कई पुरस्कार व अवार्ड मिल चुके हैं।




### लॉकडाउन में शुरू किया पुस्तक लिखना

**कल्याण** बताते हैं कि जब पूरा देश कोरोना जैसे महामारी के दौर से जूझ रहा था स्कूल कॉलेज एवं सभी सार्वजनिक संस्थाने बन्द थी। तब कल्याण ने लॉकडाउन जैसी परिस्थिति में घर के अंदर समय बिताना काफी मुश्किल था। मन ही मन सोचा अपने अंदर की प्रतिभा को निखारने का सही समय आ गया। और लगभग 6 महीने की मेहनत रंग लाई। और अब कल्याण को पुस्तक लिखना मानो उसकी सबसे ज्यादा पसंदीदा शौक हो गया है।

कल्याण द्वारा लिखी गई पुस्तक हिमाचल प्रदेश के संत फ्रांसिसी स्कूल के सिलेबस में शामिल किया जा चुका है। वर्तमान समय में न्यूयॉर्क पब्लिशिंग एजेंसी के साथ काम करने वाले अकेले भारतीय लेखक कल्याण कुमार लोहरदगा जिला को विश्व में पहचान दिलाया। सफलता का श्रेय कल्याण अपने परिवार और दोस्तो को देते हैं। कल्याण फिलहाल रांची कपिलदेव स्कूल में 12वीं का छात्र है।

# रिलायंस-मेट्रो डील को कॉम्पिटिशन कमीशन की मंजूरी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कॉम्पिटिशन कमीशन ऑफ इंडिया ने रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड को फूड होलसेलर मेट्रो कैश एंड कैरी इंडिया के अधिग्रहण को मंजूरी दे दी है। दिसंबर 2022 में आरआरवीएल और मेट्रो कैश एंड कैरी इंडिया ने एग्रीमेंट साइन किया था। ये डील 2,850 करोड़ रुपए की है। मेट्रो जर्मनी की कंपनी है जिसने 2003 में भारत में अपने ऑपरेशन शुरू किए थे और कैश-एंड-कैरी बिजनेस फॉर्मेट पेश किया था। इस अधिग्रहण से रिलायंस रिटेल को दिल्ली, मुंबई,




बेंगलुरु, हैदराबाद, कोलकाता, अमृतसर, अहमदाबाद, सूरत, इंदौर, मेरठ, लखनऊ, नासिक, विशाखापट्टनम, गुंटूर, विजयवाड़ा, तुमकुरु, गाजियाबाद और हुबली में मेट्रो के प्राइम लोकेशन पर मौजूद स्टोर का एक्सेस मिल जाएगा। डील के हिस्से के रूप में रिलायंस रिटेल को रजिस्टर्ड किराना स्टोर, संस्थागत ग्राहकों और एक मजबूत सप्लायर नेटवर्क का बड़ा बेस भी मिलेगा। आरआरवीएल को मेट्रो के होरेका (होटल, रेस्तरां और कैटरर्स) ग्राहकों के नेटवर्क तक भी पहुंच मिलेगी। इस इंटरनेशनल फूड होलसेलर के देश के 21 शहरों में लगभग 3,500 एम्प्लॉइज के साथ 31 लार्ज फॉर्मेट स्टोर हैं। अभी तक एफवाई 22 में मेट्रो इंडिया ने 29.8 मिलियन यूरो की बिक्री की है। इस अधिग्रहण से रिलायंस रिटेल के फिजिकल स्टोर फुटप्रिंट को और मजबूती मिलेगी। रिलायंस रिटेल वेंचर्स की डायरेक्टर ईशा अंबानी ने कहा, 'मेट्रो इंडिया भारतीय बी2बी बाजार में अग्रणी और प्रमुख खिलाड़ी है और इसने मजबूत ग्राहक अनुभव देने के लिए एक ठोस मल्टी-चैनल प्लेटफॉर्म बनाया है। हमारा मानना है कि भारतीय व्यापारी/किराना इको-सिस्टम की हमारी गहरी समझ और मेट्रो इंडिया के हेल्दी एसेट भारत में छोटे व्यवसायों की मदद करेगा। मेट्रो कैश एंड कैरी इंडिया के अधिग्रहण से आरआरवीएल का नेटवर्क और भी बड़ा हो जाएगा। इसके पोर्टफोलियो में पहले से ही जियोमार्ट, आजियो, नेटमेड्स, और जिवामे जैसे अन्य ओमनीचैनल बिजनेस हैं।

## शेयर बाजार में गिरावट

**नई दिल्ली।** मजबूत ग्लोबल संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजार ने भी आज मजबूती के साथ कारोबार की शुरूआत की है। हालांकि पहले 1 घंटे के कारोबार में बाजार में लगातार उतार-चढ़ाव नजर आ रहा है, जिसकी वजह से अभी भी पूरे दिन के कारोबार को लेकर आशंका बनी हुई है। इसके पहले भी सोमवार और मंगलवार के कारोबार में शेयर बाजार ने शुरूआती मजबूती हासिल करने के बाद दिन के कारोबार में अपनी बढ़त गंवा कर लाल निशान में कारोबार का अंत किया था। आज भी जैसे जैसे समय बीत रहा है, वैसे वैसे बाजार में गिरावट का रुख बनता नजर आने लगा है। शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.57 प्रतिशत और निफ्टी 0.63 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे।


## कार्यालय नगर पंचायत मझिआँव

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 22/2022–23**

1. विज्ञापन दाता का नाम :– कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत मझिआँव।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय :– दिनांक 27.03.2023 अपराह्न 4:00 बजे तक।
3. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– कार्यालय नगर पंचायत मझिआँव।
4. निविदा प्राप्ति का स्थान, तिथि एवं समय :– कार्यालय नगर पंचायत मझिआँव में दिनांक 28.03.2023 को अपराह्न 2:00 बजे तक।
5. निविदा खोलने का स्थान, तिथि एवं समय :– कार्यालय नगर पंचायत मझिआँव में दिनांक 28.03.2023 को अपराह्न 02:30 बजे से।
6. कार्य विवरणी :–

| क्र0 सं0 | वार्ड सं0 | मद | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मुल्य | अग्रधन की राशि | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 04 | 15वें वित्त | वार्ड सं0 04 में भृगु राम के घर के पास सोलर आधारित जलमीनार का अधिष्ठापन। | 811094.00 | 5000.00 | 16250.00 | 45 दिन |

नोट :– विस्तृत सूचना एवं शर्तें अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय के सूचना पटट् पर कार्यालय अवधि में देखा जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत मझिआँव

PR 292629 Urban Development (22-23)_D


# बाजार में 10.13 लाख टन गेहूं बेचेगी सरकार

**आज होगा ई-ऑक्शन**



**एजेंसी। नई दिल्ली**

सार्वजनिक क्षेत्र के भारतीय खाद्य निगम ने गेहूं और आटा की कीमतों पर लगाम लगाने के सरकार के प्रयासों के तहत होने वाली ई-नीलामी के छठे दौर में थोक उपभोक्ताओं को 10.13 लाख टन गेहूं बेचने की योजना बनाई है। केंद्र ने कीमतों को नियंत्रित करने के लिए 50 लाख टन गेहूं खुले बाजार में बेचने की घोषणा की है। इसमें से 45 लाख टन आटा मिलों सहित थोक उपभोक्ताओं को बेचा जाना तय किया गया है। भारतीय खाद्य निगम ने अब तक आयोजित पांच दौर की ई-नीलामी में थोक उपभोक्ताओं को 28.85 लाख टन गेहूं बेचा है। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी के मुताबिक, एफसीआई 15 मार्च को होने वाली छठे दौर की ई-नीलामी में थोक उपभोक्ताओं को 10.13 लाख टन गेहूं बेचेगा। एफसीआई अपने 620 डिपो से गेहूं की बिक्री करेगा. पिछले दौर में एफसीआई ने ओपन मार्केट सेल्स स्कीम के तहत आटा मिलों सहित थोक उपभोक्ताओं को 5.39 लाख टन गेहूं बेचा था। अधिकारी ने कहा कि खुले बाजार में गेहूं की बिक्री से देश में गेहूं और आटे की कीमतों में कमी लाने में मदद मिली है। 1 मार्च को चौथी ई-नीलामी आयोजित की गई थी। इस दौरान, कुल 11.57 लाख मीट्रिक टन गेहूं की पेशकश की गई और 23 राज्यों में 1049 बोली लगाने वालों को 5.40 लाख मीट्रिक टन गेहूं बेचा गया। चौथी ई-नीलामी में प्राप्त अखिल भारतीय भारित औसत बिक्री मूल्य के मुकाबले 2193.82 रुपये/क्विंटल के भंडार को अखिल भारतीय भारित औसत आरक्षित मूल्य 2137.04 रुपये/क्विंटल के दाम पर बेचा गया। चौथी ई-नीलामी में 100 से 499 मीट्रिक टन गेहूं की अधिकतम मांग हुई थी, जिसके बाद 500-999 मीट्रिक टन की मात्रा और फिर 50-100 मीट्रिक टन की मांग की गई थी। कुछ बोलियां एक बार में 3000 मीट्रिक टन गेहूं की अधिकतम मात्रा के लिए भी लगाई गई थीं। पहली नीलामी 1 और 2 फरवरी 2023 को आयोजित हुई थी, जिसमें 9.13 लाख मीट्रिक टन गेहूं 1016 बोलीदाताओं को 2474 रुपये प्रति क्विंटल के औसत मूल्य पर बेचा गया था।


## कार्यालय कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार

पत्रांक–181 / दिनांक–15.03.2023

**निविदा स्थगन सूचना**

इस कार्यालय के ई0 निविदा आमंत्रण सूचना सं0–WRD/MID/LATEHAR F2-48/2022-23 विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित की गई थी जिसका PR No-292344 water resource(2022-23)#D है को अपरिहार्य कारण वश अगले आदेश तक स्थगित किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल,
लातेहार

PR 292694 Water Resource(22-23)#D



## कार्यालय नगर पंचायत मझिआँव

पत्रांक 197/ दिनांक– 14.03.2023

**अति–अल्पकालीन बंदोबस्ती आमंत्रण सूचना संख्या :– 21/2022–23**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय 2023–24 में दिनांक 01.04.2023 से 31.03.2024 तक (कुल 12 माह) के लिए निम्नलिखित सैरातों की बन्दोबस्ती खुली डाक द्वारा दिनांक 29.03.2023 को अपराह्न 02:00 बजे से नगर पंचायत मझिआँव के कार्यालय के सभागार में की जायेगी।

| क्र0 सं0 | सैरात का नाम | सरकारी डाक की राशि | प्रतिभूति की राशि |
|---|---|---|---|
| 01 | नगर पंचायत मझिआँव क्षेत्र का बस/407 /607/सभी मालवाहन/ जिप/टैक्सी/ठेला/फुटपाथ टॉल टैक्स संकलन | 813846.00 | 81385.00 |

बैठक में भाग लेने वाले व्यक्ति नगर पंचायत मझिआँव द्वारा आवेदन पत्र के साथ प्रतिभूति की राशि ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक के माध्यम से जमा करेंगे, जो कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत मझिआँव के पदनाम से देय होगा। आवेदन पत्र के साथ प्रतिभूति की राशि दिनांक 28.03.2023 को कार्यालय अवधि में जमा करना अनिवार्य होगा। आवेदन पत्र के साथ प्रतिभूति की राशि जमा करने वाले व्यक्ति को ही बंदोबस्ती में भाग लेने की अनुमति प्रदान किया जायेगा।

आवेदन पत्र एवं नियम शर्तों की विस्तृत जानकारी नगर पंचायत मझिआँव से दिनांक 27.03.2023 से 28.03.2023 तक कार्यालय अवधि में 1000.00 (एक हजार) रूपये का ड्राफ्ट जमा कर प्राप्त की जा सकती है, जो कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत मझिआँव के पदनाम से देय होगा। आवेदन शुल्क Non-refundable होगा।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत मझिआँव।

PR 292635 Urban Development(22-23)D



## झारखण्ड सरकार, कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग

**प्रेस विज्ञप्ति**

**सं०सं०–15/सा०अव०–03–01/2022**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वर्ष 2023 में सरहुल के अवसर पर दिनांक–23.04.2023 (रविवार) को घोषित अवकाश के स्थान पर कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड, राँची की अधिसूचना संख्या–1541 दिनांक– 15.03.2023 के द्वारा दिनांक–24.03.2023 (शुक्रवार) को एन०आई०एक्ट के तहत अवकाश घोषित किया गया है।

ह०/–
(ब्रज माधव)
सरकार के अवर सचिव

PR 292634 Personnel Administrative Reforms and Raj Bhasa(22-23).D



## झारखण्ड–सरकार
## श्रम, नियोजन, एवं प्रशिक्षण विभाग, औद्योगिक प्रशिक्षण सस्थान, गढ़वा
## प्राचार्य का कार्यालय

**प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेन्टिसशिप मेला**

RDSDE झारखण्ड रांची के माध्यम से **औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गढ़वा में दिनांक –20.03.2023 (दिन सोमवार)** को प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेन्टिसशिप मेला 10:00 बजे पूर्वाह्न में आयोजित किया गया है, जिसमें राज्य के निबंधित MSME / Manufacturing Sector / Service Sector एवं अन्य प्रतिष्ठान/उपक्रम, तकनीकी प्रशिक्षणार्थियों (आई0टी0आई0/ डिप्लोमा/ इंजीनियरिंग/ Short Term Skill etc.) एवं गैर तकनीकी छात्रों (5वीं से स्नात्तक आदि) का **अप्रेन्टिसशिप पोर्टल https://www.apprenticeshipindia.gov.in** पर पंजीयन कराया जाएगा एवं आवश्यकतानुसार प्रतिष्ठानों द्वारा अप्रेन्टिसशिपों का चयन किया जायेगा।

उक्त अप्रेन्टिसशिप मेला में अभ्यर्थी अपने सभी **शैक्षणिक योग्यता, तकनीकी योग्यता, आधार कार्ड, जाति प्रमाण–पत्र, बैंक पासबुक एवं पासपोर्ट साईज फोटो के साथ पहुँचकर पंजीयन करा सकते है।**

अतः गढ़वा जिला अंतर्गत 18 वर्ष से अधिक के सभी बेरोजगार अभ्यर्थी इस सुनहरे अवसर का लाभ उठायें एवं अपने भविष्य को सँवारें एवं रोजगार एवं स्वरोजगार की दिशा में अहम कदम बढ़ायें।

इस हेतु कोई भी मार्ग व्यय/भत्ता देय नहीं होगा।

नोटः–अप्रेन्टिसशिप मेला की विस्तृत जानकारी हेतु औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गढ़वा एवं जिला नियोजन कार्यालय, गढ़वा से प्राप्त की जा सकती है।

प्रभारी प्राचार्य
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान,
गढ़वा।

PR 292602 (Labour Employment and Traning) 22-23 (D)


# स्टेट बैंक ने कर्ज पर ब्याज दर 0.70 फीसदी बढ़ाया




**नई दरें लागू**

**एजेंसी। नई दिल्ली**

देश का सबसे बड़ा सार्वजनिक ऋणदाता बैंक भारतीय स्टेट बैंक ने 15 मार्च से अपनी बेंचमार्क प्राइम लेंडिंग रेट को 70 बेसिस पॉइंट या 0.7 प्रतिशत बढ़ाकर 14.85 प्रतिशत कर दी है। वर्तमान बीपीएलआर 14.15 प्रतिशत है। बैंक ने बेस रेट को भी मौजूदा 9.40 प्रतिशत से 70 बीपीएस बढ़ाकर 10.10 प्रतिशत कर दिया है। एसबीआइ ने इससे पहले 15 दिसंबर, 2022 को अपनी बेंचमार्क प्राइम लेंडिंग रेट और बेस रेट को संशोधित किया था। बेस रेट और बीपीएलआर में बढ़ोतरी का सीधा असर पुराने ग्राहकों की जेब पर पड़ेगा। इससे कर्ज महंगा हो जाएगा। यानी उनके लोन की किस्त बढ़ जाएगी। हालांकि, बैंक ने धन आधारित उधार दरों की सीमांत लागत को अपरिवर्तित रखने का फैसला किया। इसका तात्पर्य यह है कि 2016 के बाद लोन लेने वाले ग्राहकों की लोन की दर प्रभावित नहीं होगी। एमसीएलआर वह दर है जिस पर बैंक ग्राहकों को कर्ज देता है। आरबीआई साल 2010 में बेस रेट लाया था। बेस रेट वह न्यूनतम ब्याज दर होती है जिस पर बैंक लोन देते हैं। अप्रैल 2016 में आरबीआई ने बेस रेट की जगह मार्जिनल कॉस्ट ऑफ फंड्स बेस्ड पेश किया था। वहीं नए लोन एक्सटर्नल बेंचमार्क बेस्ड लैंडिंग रेट या रेपो रेट लिंक्ड रेट के आधार पर दिए जाते हैं।


## झारखण्ड सरकार
## श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
## जिला नियोजनालय, लातेहार

भर्ती कैम्प दिनांक : 21.03.2023

**सूचना**

जिला नियोजनालय, लातेहार के द्वारा दिनांक 21.03.2023 को जिला खेल स्टेडियम, लातेहार में पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराहन 03:00 बजे तक भर्ती कैम्प का आयोजन किया जाना है। जिसमें Indigo Security Force, Latehar के प्रतिष्ठान ने उपस्थित रहने की सहमति जताई है, जो निम्नवत है :–

| Name of Company | Name of Post | Qualification | Gender | Pay Scale | No. of Post | Age | Others Benefits |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| Indigo Security Force, Latehar . | Security Guard | 8th Pass and above | Male | 7000-10000 | 10 | 18-40 | & |

योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो पूर्व से निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा www. rojgar. jharkhand.gov.in पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त भर्ती कैम्प में नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों, आधार कार्ड, रोजगार निबंधन कार्ड एवं उसकी एक छायाप्रति तथा बायोडाटा (02 कॉपी), दो पासपोर्ट साईज फोटो के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो। जो उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है, उन्हें पुनः निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं है। चूँकि रिक्ति निजी क्षेत्र (Private Sector) की है, अतः चयन प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं होगा। कोविड–19 हेतु निर्गत दिशा निर्देशों/SOP का दृढतापूर्वक अनुपालन किया जाना आवश्यक है अतः सामाजिक दूरी का पालन, फेस मास्क, सेनिटाइजर एवं ग्लब्स इत्यादि का उपयोग करेंगें।

नियोजन पदाधिकारी
जिला नियोजनालय, लातेहार

PR 292710 Labour Employment and Traning (22-23)_D



## वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची



नाम–सुरज मछुवा, उम्र–16 वर्ष, रंग– साँवला, ऊँचाई–05 फीट 5 ईंच, पहनावा–हरा रंग का शर्ट और नीला रंग का जीन्स पैन्ट पहना हुआ है।

उपरोक्त लापता लड़का सुरज मछुवा, पे0–विशेवर मछुवा, सा0–लुँगटु, थाना–तमाड़, जिला–राँची है, जो दिनांक –21.02.2023 को घर से बिना बताए कहीं निकला जो आजतक अपने घर वापस नहीं आया जिसके संबंध में तमाड़ थाना, सनहा संख्या–12/23, दिनांक–26.02.2023, दर्ज कर खोजबिन की जा रही है। इनकी खोजबीन हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है। उपरोक्त सूचना की सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता लड़का कहीं मिलता हैं तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक, बुण्डू राँची। –9431706144
थाना प्रभारी, तमाड़, राँची। –9431706193

वरीय पुलिस अधीक्षक,
राँची।

PR.NO.292712 Police(22-23):D


## ब्लैकबेरी ने भारत में नया 'आईओटी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' लॉन्च किया

**नई दिल्ली।** ब्लैकबेरी ने बुधवार को हैदराबाद में अपने नए 'आईओटी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, इंजीनियरिंग एंड इनोवेशन' की घोषणा की, जो देश के सर्वश्रेष्ठ-एम्बेडेड सॉफ्टवेयर इंजीनियरों की अगली पीढ़ी के सॉफ्टवेयर-परिभाषित वाहनों (एसडीवी) के निर्माण में मदद और अन्य इंटरनेट ऑफ थिंग्स उद्योगों में अग्रिम नवाचार करेगा। 2023 के अंत तक, कंपनी ने कहा कि हैदराबाद सुविधा, जो कनाडा के बाद ब्लैकबेरी के आईओटी डिवीजन के लिए दुनिया में दूसरी सबसे बड़ी होने की उम्मीद है, वरिष्ठ प्रबंधन, तकनीकी परियोजना प्रबंधन, प्रोडक्ट इंजीनियरिंग, क्लाउड सॉफ्टवेयर विकास, एकीकरण और सेवा वितरण सहित विभिन्न प्रकार के तकनीकी पदों और कौशल सेटों में 100 से अधिक सॉफ्टवेयर इंजीनियरों के रहने की उम्मीद है।


## GOVT. OF JHARKHAND
## WATER RESOURCES DEPTT.
## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, WATER WAYS DIVISION, MEDININAGAR

**Tender inviting Very Short Re-Tender Re-Procurement Notice (2nd Call)**

**Very Short Re-Tender Reference No.-WRD-Water Ways Division, Medininagar-$F_2$-05/2022-23Dated :-11.03.2023**

| Sl. No | Block | Name of Work | Sanction BOQ Amount | Earnest Money (In Rs.) | Cost of Tender Paper | Last date/Time for receipt of e-Tender upto | Date of Publication of e - Tender on website | Date & Time of Opening Bid | Name & Address of Office inviting tender | Contact No. of E.E. Procurement officer | Help line number of e-Procurement Cell | Last date of received of hard copy, cost of bid document & EMD. | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| 01. | Mohammadganj | Renovation of BanbighaAhar Bandh, Plot No-489 Mohammadganj Block. | 8349773.02 | 167000.00 | 10000.00 (Non Refundable) | 22.03.2023 (05:00 P.M.) | 16.03.2023 (Till 02:00 P.M.) | 27.03.2023 (2:00 P.M.) | Executive Engineer, Water Ways Division, Medininagar | 9430195390 | 06562-240841 | 24.03.2023 (05:00 P.M.) | 90 Days |

Note :-Only e-Tenders will be accepted.
Further details can be seen on website http://Jharkhandtenders.gov.in
Mentioning of you GSTIN number is essential.

Executive Engineer,
Water Ways Division,Medininagar

PR 292703 Water Resource(22-23).D



## झारखण्ड सरकार
## श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
## श्रम अधीक्षक का कार्यालय,गढ़वा

**शुद्धि पत्र**

श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड सरकार के अन्तर्गत झारखण्ड भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड, राँची के आदेशानुसार योजनाओं के व्यापक प्रचार–प्रसार हेतु जिला मुख्यालय में 02 एवं सभी प्रखण्ड कार्यालय में 01–01 (कुल–21) होर्डिंग 20'x10' size का लगाया जाना है। जिला स्तर पर निर्धारित IPRD दर एवं तकनीकी मानकों का अनुपालन करते हुए लगाया जाना है।

उक्त के आलोक में इच्छुक व्यक्ति को सूचित किया जाता है कि दिनांक 19.03.2023 को PR No-292541 के माध्यम से टेंडर प्रकाशित किया गया था को पुनः उसे संशोधित करते हुए दिनांक 20.03.2023 को किया जाता है (पूर्वाह्न 01:00 बजे) तक श्रम अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा में इच्छा की अभिव्यक्ति जमा करना सुनिश्चित करेंगे। दिनांकः–20.03.2023 को 01.30 बजे अपराह्न में समिति के या उसके प्राधिकृत व्यक्ति के उपस्थिति में खोला जायेगा।

इच्छा की अभिव्यक्ति के तकनीकी, वित्तीय, एवं अन्य शर्तें हेतु कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

श्रम अधीक्षक,
गढ़वा

PR 292664 Labour Employment and Traning(22-23).D

कृष्ण मुस्कुराते हुए बोले: मेरे पास बलिष्ठ गोपों की एक विशाल सेना है , जिसके सेनापति मेरे बड़े भाई बलराम हैं । वह सेना एक ओर रहेगी । उसमें मैं और बलराम भैया सम्मिलित नहीं हैं । दूसरी ओर मैं रहूंगा । अकेला मैं। किंतु मैं युद्ध नहीं करूंगा । शस्त्र ग्रहण नहीं करूंगा । अर्जुन! चुनाव का अधिकार तुम्हारा है । सोच समझकर निर्णय करो। तुम्हें क्या चाहिए कृष्ण या सेना ? निःशस्त्र कृष्ण अथवा बलिष्ठ गोपों की सशस्त्र नारायणी सेना? जो चाहिए, चुन लो। *- ठाकुरजी*

# शाबाश संजय..

***किसी*** भी समस्या का समाधान बंदूक की गोली नहीं हो सकती है। झारखंड के कई जिले आज भी नक्सलवाद की चपेट में हैं। चाईबासा के कोल्हान जंगल क्षेत्र में आईईडी बम पिस्फोट का डर बना हुआ है। यहां की कच्ची सड़कों पर बम लगाने की सूचना के बाद शिक्षक और बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे हैं। यह दुखद घटना है। हालांकि नक्सल सफाये की बात की जा रही है। लेकिन इसकी धमक कई जगहों पर देखी जा रही है। यह दुखद है कि शिक्षक को अपने अधिकारियों को पत्र लिख कर जानकारी दे रहे हैं कि वहां जाना खतरे से खाली नहीं है। ऐसे में नक्सल उन्मूलन की बात करने वाले पुलिस अधिकारियों के सामने यह यक्ष प्रश्न बनकर उभरा है। बहरहाल कुछ सकारात्मक खबरें भी हैं। पुलिस की लगातार दबिश से जहां उग्रवादी और नक्सली संगठनों के पैर उखड़ने लगे हैं, तो वहीं सरकार की आत्मसमर्पण नीति से भी प्रभावित होकर कई उग्रवादी अब हथियार डाल रहे हैं। लातेहार में भी कई उग्रवादी और नक्सली हथियार डाल आत्मसमर्पण कर चुके हैं। लेकिन आज हम बात कर रहे हैं प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन जेजेएमपी के सबजोनल कमांडर संजय प्रजापति की। दरअसल, हमारी इस सूचना के विलन और हीरो का नाम संजय प्रजापति है। सबसे पहले यह जानना जरूरी है कि संजय प्रजापति आखिर है कौन? संजय 2016 में प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन जेजेएमपी का सक्रिय सदस्य था। बाद में वह सबजोनल कमांडर बना दिया गया। उसका कार्य क्षेत्र लातेहार जिले के गारू एवं महुआडांड़ इलाके में था। उस पर दो लाख रुपये का इनाम घोषित था। कुछ दिनों के बाद उसे यह महसूस हुआ कि वह गलत जगह फंस गया है। यहां तो बस लेवी और लोगों की गाढ़ी कमाई लुटी जा रही है। उसे यह महसूस हुआ कि हथियार से किसी भी समस्या का समाधान नहीं किया जा सकता है। लिहाजा उसने संगठन छोड़कर पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस के द्वारा उसके ऊपर घोषित इनाम की राशि समेत अन्य लाभ उसे मिल गया है। जेल से निकलने के बाद उसने अपना कैरियर पत्रकारिता से शुरू कर दी है। संजय ने हथियार छोड़कर समाज हित में काम करने के लिए कलम उठायी है। ऐसे में संजय के आत्मसमर्पण के बाद जंगलों में भटक रहे युवाओं के लिए यह एक सीख है। आशा है देर से ही सही लेकिन संजय को यह बात समझ में आई, यह बहुत अच्छी बात है। समाज हित में कार्य करने और सरकार से सवाल पूछने के लिए संजय ने जो रास्ते चुने हैं,वह काफी काबिले तारीफ हैं। निश्चित तौर पर आने वाले समय में संजय की जो सोच है उससे समाज में बदलाव आयेगा। साथ ही भटके युवक मुख्यधारा में शामिल होगें। अन्य नक्सली और उग्रवादी संगठन के सदस्य सरकार की आत्मसमर्पण नीति का लाभ लेते हुए पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण करेंगे। ऐसी उम्मीद हम कर सकते हैं।

**पुलिस की लगातार दबिश से जहां उग्रवादी और नक्सली संगठनों के पैर उखड़ने लगे हैं, तो वहीं सरकार की आत्मसमर्पण नीति से भी प्रभावित होकर कई उग्रवादी अब हथियार डाल रहे हैं।**

# दूसरे देश के नागरिक बनने के गहरे अर्थ



प्रह्लाद सबनानी



***केंद्र*** सरकार ने पिछले साल नौ दिसम्बर को संसद को सूचित किया था कि वर्ष 2011 से 31 अक्टूबर 2022 तक 16 लाख भारतीयों ने अन्य देशों, विशेष रूप से विकसित देशों की नागरिकता प्राप्त कर ली है। वर्ष 2022 में 225,000 भारतीयों द्वारा अन्य देशों की नागरिकता ली गई है। इसी प्रकार, मोर्गन स्टैन्ली ने वर्ष 2018 में एक अखबार में छपे प्रतिवेदन में बताया कि वर्ष 2014 से वर्ष 2018 के बीच भारत से डॉलर मिलिनायर की श्रेणी के 23,000 भारतीयों ने अन्य देशों में नागरिकता प्राप्त की। डॉलर मिलिनायर उस व्यक्ति को कहा जाता है जिसकी सम्पत्ति 10 लाख अमेरिकी डॉलर से अधिक होती है। ग्लोबल वेल्थ मायग्रेशन रिव्यू आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2020 में डॉलर मिलिनायर की श्रेणी के 7,000 भारतीयों ने अन्य देशों की नागरिकता प्राप्त की। यह संख्या भारत में डॉलर मिलिनायर की कुल संख्या का 2.1 प्रतिशत है। सबसे अधिक संख्या में चीन से डॉलर मिलिनायर श्रेणी के 16,000 नागरिकों ने अन्य देशों में नागरिकता प्राप्त की है। इस सूची में चीन के बाद भारत एवं रूस का स्थान है। हेनली प्राइवेट वेल्थ मायग्रेशन डेशबोर्ड ने सम्भावना व्यक्त की है कि पूरे विश्व से वर्ष 2022 में सबसे अधिक 4000 डॉलर मिलिनायर ने यूएई की नागरिकता प्राप्त की है। आस्ट्रेलिया में 3500 डॉलर मिलिनायर, सिंगापुर में 2800 डॉलर मिलिनायर, इजरायल में 2500 डॉलर मिलिनायर, स्विट्जरलैंड में 2200 डॉलर मिलिनायर एवं अमेरिका में 1500 डॉलर मिलिनायर ने नागरिकता प्राप्त की है। इस प्रकार विश्व के कई देशों से डॉलर मिलिनायर विकसित देशों की नागरिकता ले रहे हैं। भारतीय किन कारणों के चलते अन्य देशों में नागरिकता प्राप्त कर रहे हैं, इस विषय पर विचार करने पर ध्यान में आता है कि इसके पीछे दरअसल आर्थिक कारण ही जिम्मेदार हैं। सबसे पहले तो भारत में लगातार तेजी से हो रहे आर्थिक विकास के चलते कई भारतीय अन्य देशों में अपना व्यवसाय फैला रहे हैं। इस व्यवसाय की देखभाल करने के उद्देश्य से कई भारतीय परिवार अपने कुछ सदस्यों को अन्य देशों विशेष रूप से विकसित देशों में नागरिकता प्रदान करवा रहे हैं। क्योंकि वर्तमान में जारी नियमों के अनुसार कोई भी व्यक्ति केवल एक देश की नागरिकता प्राप्त कर सकता है। दूसरे, विशेष रूप से सूचना प्रौद्योगिकी जैसे तकनीकी क्षेत्र में उच्च शिक्षा प्राप्त भारतीय नौजवानों को रोजगार के अधिकतम अवसर विकसित देशों में ही उपलब्ध हो रहे हैं, और इन देशों में वेतन भी भारत की तुलना में बहुत अधिक प्राप्त होता है। आज अमेरिका में भारतीय मूल के नागरिक जो उच्च शिक्षा एवं उच्च कौशल वाले क्षेत्रों में कार्यरत हैं उनका औसत वेतन प्रतिवर्ष 125,000 डॉलर से अधिक है जबकि अमेरिका में निवास कर रहे नागरिकों का औसत वेतन प्रतिवर्ष लगभग 70,000 डॉलर के आसपास है। एक तो नौकरियों की अधिक उपलब्धता दूसरे बहुत अधिक वेतन, ये बहुत महत्वपूर्ण कारक हैं जो उच्च शिक्षा प्राप्त भारतीयों को अन्य देशों में रोजगार प्राप्त करने हेतु आकर्षित कर रहे हैं। तीसरे, कई विकसित देशों ने अन्य देशों के नागरिकों को शीघ्रता से नागरिकता प्रदान करने के उद्देश्य से विशेष निवेश योजनाएं चला रखी हैं। इन योजनाओं के अंतर्गत यदि कोई विदेशी नागरिक इन देशों में एक पूर्व निर्धारित राशि का निवेश करता है एवं पूर्व निर्धारित संख्या में रोजगार के नये अवसर उस देश में निर्मित करता है तो उसे उस देश की नागरिकता 'गोल्डन वीजा रूट' के अंतर्गत शीघ्रता से प्रदान कर दी जाती है। इसी कारण के चलते भी कई भारतीय इन देशों में अपनी बहुत बड़ी राशि का निवेश कर रहे हैं एवं इस चैनल के माध्यम से इन विकसित देशों की नागरिकता प्राप्त कर रहे हैं। अब तो इस प्रकार की योजनाएं यूरोपीय देश, पुर्तगाल, माल्टा, ग्रीस, आस्ट्रेलिया, अमेरिका, कनाडा, इंग्लैंड, सिंगापुर, यूएई, आदि भी लागू कर भारतीयों को अपने अपने देशों में आकर्षित करने का प्रयास कर रहे हैं। इन प्रयासों में उन्हें सफलता भी मिल रही है क्योंकि इन देशों में व्यापार करने हेतु बहुत आसान नियम लागू किये गये हैं। इन देशों में बहुत अधिक मात्रा में जमीन उपलब्ध है एवं पर्यावरण की दृष्टि से भी ये देश तुलनात्मक रूप से सुरक्षित महसूस किये जाते हैं। इन देशों में शिक्षा एवं स्वास्थ्य की सुविधाएं भी बहुत उच्च मानदंडों के आधार पर उपलब्ध हैं। यह समस्त देश विकसित देशों की श्रेणी में आते हैं अतः हर प्रकार की सुविधा यहां उचित मात्रा में उपलब्ध है। व्यवसाय को बढ़ाने हेतु उचित वातावरण है, नागरिकों के रहने का स्तर भी बहुत ऊंचा है। देश में तेज गति से हो रहे आर्थिक विकास के चलते कई भारतीयों की आर्थिक स्थिति में इतना अधिक सुधार हुआ है कि वे सपरिवार कई विकसित देशों की, पर्यटन की दृष्टि से, यात्रा पर जाने लगे हैं। वर्ष 2019 में 252,71,965 भारतीयों ने अन्य देशों की यात्रा की है। कोरोना महामारी के चलते यह संख्या वर्ष 2020 में 66,25,080 एवं वर्ष 2021 में 77,24,864 पर आकर कम हो गई थी परंतु वर्ष 2022 में (31 अक्टूबर तक) पुनः तेजी से बढ़कर 183,12,602 हो गई है।

**आस्ट्रेलिया में 3500 डॉलर मिलिनायर, सिंगापुर में 2800 डॉलर मिलिनायर, इजरायल में 2500 डॉलर मिलिनायर, स्विट्जरलैंड में 2200 डॉलर मिलिनायर एवं अमेरिका में 1500 डॉलर मिलिनायर ने नागरिकता प्राप्त की है।**

## इन दिनों

## बोधि वृक्ष

### *आईए सुनें देवी मां की कथा*

***चोरी*** करने के कारण तुम दोनों को सिपाहियों ने पकड़ लिया और ले जाकर जेलखाने में कैद कर दिया। उन लोगों ने तुझको और तेरे पति को भोजन भी नहीं दिया। इस प्रकार नवरात्र के दिनों में तुमने न तो कुछ खाया और न जल ही पिया इस प्रकार नौ दिन तक नवरात्र का व्रत हो गया। हे ब्राह्मणी! उन दिनों में जो व्रत हुआ, इस व्रत के प्रभाव से प्रसन्न होकर मैं तुझे मनोवांछित वर देती हूं, तुम्हारी जो इच्छा हो सो मांगो। इस प्रकार दुर्गा के वचन सुन ब्राह्मणी बोली अगर आप मुझ पर प्रसन्न हैं तो हे दुर्गे। मैं आपको प्रणाम करती हूं कृपा करके मेरे पति का कोढ़ दूर करो। देवी ने कहा- उन दिनों तुमने जो व्रत किया था उस व्रत का एक दिन का पुण्य पति का कोढ़ दूर करने के लिए अर्पण करो, उस पुण्य के प्रभाव से तेरा पति कोढ़ से मुक्त हो जायेगा। ब्रह्मा जी बोले- इस प्रकार देवी के वचन सुन वह ब्राह्मणी बहुत प्रसन्न हुई और पति को निरोग करने की इच्छा से जब उसने तथास्तु ऐसा वचन कहा, तब उसके पति का शरीर भगवती दुर्गा की कृपा से कुष्ट रोग से रहित हो अति कान्तिवान हो गया। वह ब्राह्मणी पति की मनोहर देह को देख देवी की स्तुति करने लगी- हे दुर्गे! आप दुर्गति को दूर करने वाली, तीनों लोकों का सन्ताप हरने वाली, समस्त दुःखों को दूर करने वाली, रोगी मनुष्य को निरोग करने वाली, प्रसन्न हो मनोवांछित वर देने वाली और दुष्टों का नाश करने वाली जगत की माता हो। हे अम्बे! मुझ निरपराध अबला को मेरे पिता ने कुष्टी मनुष्य के साथ विवाह कर घर से निकाल दिया।

*(क्रमशः)*

# नेमप्लेट से क्यों दूर है अब तक आधी दुनिया?



आर.के. सिन्हा

***पिछली*** आठ मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। महिलाओं को घर और घर से बाहर, उनके जायज हक देने को लेकर तमाम वादे किये गये और अनेक बातें भी हुईं। यह तो हर साल ही इस तारीख को होता है। इसमें कुछ भी नया नहीं है। यह सब आगे भी होता ही रहेगा। पर अफसोस कि घरों के बाहर लगी नेमप्लेट में मां, बेटी और बहू के लिए अबतक कोई जगह नहीं है। हालांकि अब घर बनाने के लिए आमतौर पर पति-पत्नी मिलकर ही मेहनत करते हैं और फिर होम लोन भी मिलकर ही लेने लगे हैं। कहने को भले ही कहा जाता रहे कि हर सफल इंसान के पीछे किसी महिला की प्रेरणा होती है। यह बात अपने आप में सौ फीसद सही भी है। इस बारे में कोई बहस या विवाद नहीं हो सकता। सफल इंसान को जीवन में सफलता दिलाने में मां, बहन, पत्नी वगैरह किसी न किसी मातृशक्ति का रोल रहता है। पर, उन्हें घरों के बाहर लगी नेमप्लेट में थोड़ी सी जगह देने के बारे में सोचने वाले लोग अबतक बहुत कम ही लोग हैं। एक प्रकार से मान लिया गया है कि नेमप्लेट में तो घर के पुरुष सदस्य का ही नाम होगा। कोई माने या ना माने, पर नेम प्लेट में आधी दुनिया के लिए जगह नहीं है। मुझे हाल ही में एक अध्ययन के निष्कर्ष मिले। इसमें घरों के बाहर लगी नेमप्लेट में आधी दुनिया की स्थिति का गहराई से अध्ययन किया गया था। इस रोचक अध्ययन के दौरान राजधानी दिल्ली के राजौरी गार्डन, विवेक विहार, आई.पी.एक्सटेंशन और न्यू राजेन्द्र नगर के 160 घरों और फ्लैटों के बाहर लगी नेम प्लेट को देखा गया। इस अभियान के दौरान कई चौंकाने वाले, तो कुछ नये तथ्य सामने आए। इन सभी कालोनियों में खाते-पीते और पढ़े-लिखे लोग रहते हैं। इन 160 घरों में सिर्फ 23 घरों के बाहर लगी नेमप्लेट में महिलाओं के नाम मिले। इनमें भी 11 नेमप्लेट में महिलाओं के नाम घर के पुरुष सदस्यों के नामों के साथ थे। इन्हीं 11 में से पांच महिलाओं के नामों के आगे डॉ. लिखा था। यानी कि वह मेडिकल पेशे से संबंध रखती हैं। हो सकता है कि किसी ने अन्य विषय में पीएचडी की डिग्री ली हो। तो माना जाए कि जिन लोगों ने अपने घर की महिला सदस्यों के नाम डॉक्टर न होने के बावजूद नेमप्लेट में रखे, वे वास्तव में अलग तरह के लोग हैं। ये आदरणीय हैं। इसके साथ ही वकालत के पेशे से जुड़ी महिलाओं के नाम भी नेमप्लेट में जगह पा जाते हैं। आप मुंबई, पटना, रांची, चंडीगढ़ या देश के किसी भी छोटे-बड़े शहर में चले जाइये। वहां के किसी आवासीय इलाके में घूमिये। आपको कमोबेश वही स्थिति मिलेगी जो दिल्ली में है। सब जगह आधी दुनिया अन्याय का शिकार हो रही है। उन्हें घर के भीतर न्याय मिलने का फिलहाल तो इंतजार है। मालूम नहीं कि उन्हें कब उनका जायज हक मिलेगा। यह सोचने वाला मसला है। मैंने हिंदी की दो प्रख्यात लेखिकाओं के घरों के बाहर लगी नेमप्लेट में भी उनका नाम नहीं देखा। वहां पर उनके क्रमशः कारोबारी तथा सरकारी अफसर पतियों के नाम ही नेमप्लेट पर चमक रहे थे। यह भी विडंबना ही है कि ये दोनों महिलाएं आधी दुनिया के पक्ष में निरंतर लिखती रही हैं। जो समाज नारी को देवी के रूप में पूज्यनीय मानता है वहां पर औरतों को उनके अपने घरों की नेम प्लेट तक से दूर रखा जाता है। यह एक शर्मनाक स्थिति है। अगर बात घर से बाहर की हो तो भी महिलाओं की मेरिट की अनदेखी होना सामान्य सी बात है। यह कोई बहुत पुरानी बात नहीं है जब हमारे यहां प्राइवेट कंपनियों के प्रमोटर अपनी पत्नियों, बेटियों, बहुओं वगैरह को ही बोर्ड रूम में रख कर सोचते थे कि उन्होंने बहुत बड़ी क्रांति कर दी है। इतना भर करके उन्हें लगता था कि उन्होंने नारी मुक्ति आंदोलन को गति दे दी। हालांकि अब स्थितियां बहुत सकारात्मक हो चुकी हैं। आधी दुनिया को कॉरपोरेट जगत में हरेक पद मिल रहा है। ये उन पदों पर रहते हुए श्रेष्ठ काम करके दिखा रही हैं। बहरहाल, जैसे-जैसे हमारे यहां महिलाएं आंत्रप्यूनर बनेंगी तो बोर्ड रूम में उनकी संख्या में भी बढ़ोतरी होती रहेगी। जैसा कि पहले कहा जा चुका है कि महिला दिवस पर आधी दुनिया के हक में तमाम संकल्प लिए जाते हैं। पर अब ये सब रस्म अदायगी ही लगने लगा है। अब भी कितने परिवार या पिता अपनी बेटियों को अपनी चल और अचल संपत्ति में पुत्रों के बराबर का हिस्सा देते है? बुरा न मानें, आपको दस फीसद परिवार भी नहीं मिलेंगे, जहां पर पुत्री को पिता या परिवार की अचल संपत्ति में हक मिला हो। भारतीय कानून पिता की पुश्तैनी संपत्ति में बेटी को भी बराबर हिस्से का अधिकार देता है। हिंदू उत्तराधिकार कानून 1956 में बेटी के लिए पिता की संपत्ति में किसी तरह के कानूनी अधिकार की बात नहीं कही गई थी।

**जीवन में सफलता दिलाने में मां, बहन, पत्नी वगैरह किसी न किसी मातृशक्ति का रोल रहता है। पर, उन्हें घरों के बाहर लगी नेमप्लेट में थोड़ी सी जगह देने के बारे में सोचने वाले लोग अबतक बहुत कम ही लोग हैं।**

## देश-दुनिया

## फोटो की दुनिया



## ट्वीट-ट्वीट

रीतेश शुक्ला
@ritesh_shukla1

सभी किसान भाइयों से निवेदन है
लगाई गई फसलें अगले 15 से 20 दिन में पक कर तैयार हो जाएंगी।
इसलिए अपने-अपने खेतों पर लगे ट्रांसफार्मर के आसपास लगभग 10X10 फिट तक सफाई कर दें ताकि इलेक्ट्रिसिटी फॉल्ट होने पर तारों से निकलने वाली चिंगारी से फसल को कोई नुकसान ना पहुंचे।🌾🌾🙏🙏

## फेसबुक वॉल से

Junior Diamond
3 h ·

फेसबुक फिर 10 हजार कर्मियों की छंटनी करने जा रहा है। चार महीने पहले 11 हजार एम्प्लॉयी की छंटनी कर चुका है। फिर भी उसके मुनाफे में कोई कमी नहीं है।
AI कितनों की नौकरी खाएगा कहना मुश्किल है

# संसद सदस्यता आखिर क्यों नहीं समाप्त की जानी चाहिए?



नीरज कुमार दुबे

***सदन*** नियमों और आसन के निर्देशानुसार चलेगा या राहुल गांधी की मर्जी से? दिक्कत यह है कि कांग्रेस में जितने भी वरिष्ठ नेता हैं या संसदीय राजनीति का लंबा अनुभव रखते हैं, आज वह किनारे किये जा चुके हैं इसलिए राहुल गांधी को पार्टी में सही राह दिखाने वाला कोई नहीं है। कोई भी सामान्य नागरिक यदि किसी दूसरे संस्थान में जाकर अपने शिक्षण संस्थान या अपने ऑफिस की बुराई करेगा तो क्या होगा? उसका संस्थान उससे स्पष्टीकरण मांगेगा, यदि जवाब संतोषजनक नहीं हुआ तो कार्रवाई भी की जायेगी। यह बात जब देश के आम आदमी पर लागू होती है तो जनप्रतिनिधियों पर क्यों नहीं लागू हो सकती? राहुल गांधी विदेशी मंच से भारतीय संसद के बारे में कुछ भी कहें और यहां उनसे जवाब मांगा जाये तो उनकी पार्टी कांग्रेस हल्ला करने लगे, क्या यह जायज है? आपातकाल के दौरान सुब्रह्मण्यम स्वामी पर देश विरोधी साजिशों में शामिल होने और भारतीय संसद और देश के महत्वपूर्ण संस्थानों को बदनाम करने का आरोप लगाकर 15 नवंबर 1976 को राज्यसभा से निष्कासित कर दिया गया था। ऐसे में सवाल उठता है कि विदेशी मंच से भारतीय संसद के बारे में अनर्गल बातें कहने पर क्यों नहीं राहुल गांधी की संसद सदस्यता समाप्त की जानी चाहिए? बात सिर्फ एक मामले की ही नहीं है। राहुल गांधी पर आरोप है कि वह लगातार संसदीय नियमों की अनदेखी करते हैं। संसद के इसी बजट सत्र के पहले चरण में राहुल गांधी ने अडाणी मुद्दे पर कुछ ऐसी बातें कहीं थीं जो संसदीय नियमों के विरुद्ध थीं इसलिए लोकसभा अध्यक्ष ने उनकी टिप्पणी को सदन की कार्यवाही से हटवा दिया था। लेकिन इसके बावजूद राहुल गांधी की वह टिप्पणी उनके और कांग्रेस के आधिकारिक यू-ट्यूब चैनलों पर उपलब्ध है। इसलिए उन्हें आदतन अपराधी बताते हुए यह मामला विशेषाधिकार संबंधी संसदीय समिति को भी भेजा गया है। देखा जाये तो राहुल गांधी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला बोलते हुए कई बार अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर निकल जाते हैं। हम आपको याद दिला दें कि अडाणी मामले की तरह ही उन्होंने पिछली लोकसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को घेरने के लिए जब राफेल विमान खरीद में घोटाले का आरोप लगाते हुए फ्रांस के हवाले से संसद के भीतर कुछ दावे किये थे तब फ्रांस की सरकार ने बयान जारी कर राहुल गांधी के दावों का खंडन कर दिया था। ऐसे कई और मामले भी मिल जायेंगे जब राहुल गांधी संसदीय नियमों की अवहेलना करते दिखे। कभी वह सदन में बैठे हुए आंख मारते दिखे तो कभी प्रधानमंत्री की सीट पर जाकर उन्हें जबरन गले लगाते दिखे। राहुल गांधी ने फिर कर दिया भारत के सदन का अपमान, बयान में कही विवादास्पद बातें सवाल फिर से वही है कि सदन नियमों और आसन के निर्देशानुसार चलेगा या राहुल गांधी की मर्जी से? दिक्कत यह है कि कांग्रेस में जितने भी वरिष्ठ नेता हैं या संसदीय राजनीति का लंबा अनुभव रखते हैं, आज वह किनारे किये जा चुके हैं इसलिए राहुल गांधी को पार्टी में सही राह दिखाने वाला कोई नहीं है। आज जो लोग उनके इर्दगिर्द मौजूद हैं उन्होंने ऐसे मायाजाल बनाया हुआ है कि वह उनके वीडियो और फोटो पर आने वाले लाइक कमेंट को दिखाकर ही राहुल गांधी को यह अहसास कराते रहते हैं कि वह बड़े नेता बनते जा रहे हैं। ऐसे नेता यह समझने को तैयार नहीं हैं कि सत्ता का फैसला सोशल मीडिया पर नहीं बल्कि चुनावी मैदान में होगा। हाल ही में तीन राज्यों के चुनाव संपन्न हुए। कांग्रेस ने पूर्वोत्तर के इन राज्यों को छोटा प्रदेश मानते हुए इन चुनावों को गंभीरता से नहीं लिया। ऐसे में सवाल तो उठेगा ही कि छोटे राज्यों को कांग्रेस गंभीरता से नहीं लेती और बड़े राज्यों में वह बची नहीं है तो कांग्रेस आखिर है कहां? विदेशी धरती से कांग्रेस नेता राहुल गांधी के दिये गये भाषणों की अन्य बड़ी बातों पर गौर करें तो उन्होंने आरोप लगाया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकतंत्र को खत्म कर रहे हैं। उन्होंने पेगासस मुद्दा उठाते हुए अपना पुराना आरोप दोहराते हुए कहा है कि उनकी जासूसी की जा रही थी। सवाल उठता है कि राहुल गांधी विदेशी विश्वविद्यालय में व्याख्यान देने गये थे या अपने ऊपर हो रहे कथित अत्याचारों का वर्णन करने गये थे?

**इन तथाकथित हिंदू धर्म की शाखाओं में चाहे जितना भी परस्पर सैद्धांतिक विरोध हो, उन सब को एक ही छत्र के नीचे स्वीकार किया जाता है। हिंदू-अहिंदू तय करने के लिए किसी सिद्धांत की जरूरत नहीं है।**

## राजनीति

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पब्लिकेशन डिवीजन रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नयी दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्प्लेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

# दुर्घटना होने पर सरकारी प्रावधान के तहत मिलेगा मुआवजा : सीओ

**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ** थाना क्षेत्र अंतर्गत देखा जा रहा है कि दुर्घटना होने पर आम ग्रामीण सड़क पर उतर कर सड़क जाम कर परिवहन सेवा पूरी तरह बाधित कर रहे हैं। जिससे राहगीरों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। जिस पर उच्च न्यायालय के निदेर्शानुसार किसी भी स्थिति में सड़क बाधित ना हो । जिसके लिए अंचलाधिकारी ने ग्रामीण जनता से स्पष्ट बताया है कि सड़क दुर्घटना राहत लाभ अंतर्गत एक लाख रुपये (पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं थाना में प्राथमिकी दर्ज के बाद) एवं हिट एंड रन मामले में दो लाख राशि परिवहन विभाग द्वारा और प्रखंड स्तर से दुर्घटना में मृतक के परिजन को बिस हजार का पारिवारिक लाभ नियमानुसार पीड़ित परिवार के खाते में दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त अन्य किसी प्रकार का वैध लाभ देय नहीं है। यदि किसी अधिकारी द्वारा प्रधानमंत्री आवास, अंबेडकर आवास, पेंशन, राशन उपलब्ध कराया या अन्य लाभ देने हेतु आश्वासन देते हैं तो यह मामला पदाधिकारी का व्यक्तिगत प्रयास है। इसे मृतक का पारिवार के सदस्य या अन्य व्यक्ति वैधानिक अधिकार नहीं समझें, प्रशासन दुर्घटना की स्थिति में पीड़ित परिवार को हर संभव सहयोग करेगी। परंतु परिवहन सेवा बाधित किया जाना उचित नहीं है। इस सम्बंध में अंचलाधिकारी ने प्रखंड क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि को सूचिना प्रेषित की है ।

### सड़क जाम होने पर करें प्राथमिकी दर्ज

थाना क्षेत्र के पुलिस अधिकारियों को पत्र जारी करते हुए अंचलाधिकारी ने निर्देशित किया की दुर्घटना की स्थिति में परिवहन सेवा बाधित ना हो। इसके लिए ग्रामीण जनता को जागरूक करें। तथा स्थानीय जनप्रतिनिधि को बताएं यदि भविष्य में परिवहन सेवा बाधित होती है तो बाधित करने वाले व्यक्ति को चिन्हित करते हुए यथाशिघ्र प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई करें। प्रशासन किसी भी स्थिति पर सड़क जाम बर्दाश्त नहीं



## सुदूरवर्ती क्षेत्र में हाथियों का आतंक जारी

# डर से घर छोड़ रहे ग्रामीण



**नवीन मेल। मुबारक आलम**

**चंदवा।** प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र महुआमिलान के फुलटांड़ जंगल से घिरा हुआ छोटा सा गांव है यह क्षेत्र अति पिछड़ा हुआ है। फूलटाँड़ में आधुनिक सुख सुविधा तो दूर पानी बिजली सड़क समेत बुनियादी विद्यालय के पहुंच से भी कोसो दूर है। यहां के वासिन्दे जंगल में भौतिक सुख से दूर रहने के आदि हो गए हैं। इस बस्ती में अगर कोई आम व्यक्ति जाना चाहे तो उसे बहुत ही कठिनाई का सामना करते हुए पैदल पहुंचना पड़ेगा। यह क्षेत्र जंगल क्षेत्र से घिरा होने के कारण बराबर जंगली जानवरों का डर बना रहता है। गांव के सबसे उम्रदराज लगभग नब्बे वर्षीय व्यक्ति शुकरा गंझू बताते हैं यहां आज तक कोई बड़े सरकारी अधिकारी नहीं पहुंच पाए हैं। यहां अक्सर जंगली हाथी आ धमकते रहते हैं, हाथी के डर से चामू गंझू और नन्दू गंझू पूरे परिवार के साथ घर छोड़ कर चंदवा में किराये के मकान में रहने को मजबूर। महिनों पूर्व घर छोड़कर चंदवा शहर में रहकर अपना जीवन यापन कर रहे हैं। ग्रामीण कहते हैं क्षेत्र में हाथी का आतंक बरकरार है पर सरकार के किसी महकमें के लोग हाल लेने नहीं पहुंचते हैं। वन विभाग की बात करें तो लगभग एक वर्ष पूर्व हाथी के दहशत में रात गुजरने वाले गांव में एक सोलर लाइट लगवाए थे और जंगली जानवर समेत हाथी से बचाव के लिए किसी तरह का कोई उपकरण नहीं उपलब्ध करवाई गई है। इस बाबत वन क्षेत्र पदाधिकारी राकेश कुमार के द्वारा फोन पर पूछे जाने पर कहा गया कि इस वर्ष के प्रपोजल में हैं इस बार पूरे गांव में सोलर लाइट लगवा दिये जाएंगे और टॉर्च के साथ धुंआ रहित चूल्हे का वितरण भी ग्रामीणों के बीच किया जायगा।

- चंदवा में किराये के मकान में रहने को मजबूर
- रात गुजारने वाले गांव में मात्र एक सोलर लाइट
- आज तक गांव में कोई अधिकारी नहीं आए

### हाथियों ने दो घरों को किया ध्वस्त





**महुआडांड़।** वन प्रक्षेत्र के अंतर्गत नेतरहाट सिरसी गांव में मंगलवार की रात्रि लगभग 11 बजे अचानक चार हाथियों की झुंड पहुंचा एवं हाथियों ने जमकर उत्पात मचाया। इस दौरान गांव की महिलाओं और बच्चे घर छोड़कर पेड़ के नीचे व खुले मैदान में रतजगा किये, इस दौरान सिरसी गांव के रतिया किसान का घर हाथियों ने ध्वस्त कर दिया, घर में रखे अनाज धान, मकई को चट करके बर्बाद कर दिया। फिर हाथी द्वारा बलराम बिरिजिया के घर पर हामला करके घर ध्वस्त करके, घर पर रखे धान चट कर दिया. रात्रि को ग्रामीणों के द्वारा इसकी सूचना वन विभाग को दी गई, सूचना मिलते वन कर्मी व वन टेकर पटाखा और तेल लेकर सिरसी गांव पहुंचे, ग्रामीणों ने कहा कि सुबह 4 बजे तक हाथियों ने उत्पात मचाया, जिसे खदेड़ने में गांव के लोग और वन कर्मी रात भर परेशान रहे। रेंजर वृदा पाण्डेय ने कहा हाथियों को जंगल की ओर खदेड़ दिया गया है, नुकसान का आकलन करके पीड़ित को उचित मुआवजा दिया जाएगा।

# डीडीसी ने की समीक्षा बैठक, दिये कई निर्देश




**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार** अमृत सरोवर के तहत हो रहे कार्यों की उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप की अध्यक्षता में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक आहूत की गई। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त ने कहा कि मिशन अमृत सरोवर के तहत कार्य जल्द पूरा हो इसके लिए यह बहुत जरूरी है कि कार्यों को गंभीरता से लिया जाए। मौके पर उप विकास आयुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों से अब तक किये गए कार्यों की जानकारी ली ,वही उन्होंने जल्द से जल्द अन्य तालाबों के निर्माण व जीर्णोद्धार के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। समीक्षा के क्रम में उन्होंने वैसे सभी तालाब जिनका निर्माण एवं जीर्णोद्धार कराया जाना है से संबंधित कार्यों का नियमित निरीक्षण कर ससमय कार्य पूर्ण कराने का निर्देश दिए। समीक्षा के क्रम में उप विकास आयुक्त द्वारा सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों व संबंधित पदाधिकारी को नियमित रूप से क्षेत्र भ्रमण करते हुए कार्यों की समीक्षा करने, जांच प्रतिवेदन उपलब्ध कराने, जियो टैगिंग कराने संबंधित कई आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी,अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## अपराधी गिरफ्तार, भेजा जेल

**चतरा।** शहर में बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में लगे अपराधी अशोक राणा को पुलिस टीम ने सदर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया। एसपी राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर एसडीपीओ अविनाश कुमार के नेतृत्व में गठित पुलिस की स्पेशल टीम ने शहर से सटे सदर थाना क्षेत्र के डाढ़ा गांव स्थित घर से अपराधी को गिरफ्तार किया। घटना को लेकर घर में छिपाकर रखा एक देशी पिस्टल, एक देशी कट्टा, 9 एमएम का एफ लिखा हुआ एक जिंदा गोली व एक स्मार्टफोन भी बरामद किया गया। गिरफ्तार अपराधी को न्यायालय में प्रस्तुत करने के बाद जेल भेज दिया गया।

## मनिका में चला वाहन चेकिंग अभियान

**मनिका।** लातेहार जिला के पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के निदेर्शानुसार दिन बुधवार को सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत,थाना प्रभारी मनिका राणा भानु प्रताप सिंह के नेतृत्व में वाहन जांच अभियान चलाया गया। जहां पर दो पहिया वाहन में हेलमेट, ट्रिपल लोडिंग, इंश्योरेंस, ड्राइविंग लाइसेंस, आरसी बुक और चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट, आपत्तिजनक पदार्थ समेत इत्यादि कागजातों के जांच किए गए। वहीं जांच के उपरांत कमी पाए जाने पर लगभग दर्जनों से अधिक वाहनों को पुलिस ने पकड़ा। मौके पर जानकारी देते हुए थाना प्रभारी मनिका राणा भानु प्रताप सिंह ने बताया कि पकड़े गए सभी वाहनों के चालान काटे जाएंगे जिसके बाद वाहनों को छोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि थाना क्षेत्र में लगातार हो रही सड़क दुर्घटना जैसी घटनाओं पर रोक लगाने हेतु पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार वाहनों के जांच किए जा रहे हैं और सभी वाहन चालकों को हमेशा सीट बेल्ट का प्रयोग करना,यातायात के नियमों का पालन करना,शराब पीकर वाहन नहीं चलाना,हेलमेट पहनकर बाइक चलाना,समेत इत्यादि नियमों का पालन करने हेतु सख्त हिदायत दी जा रही है। मौके पर थाना प्रभारी व पुलिस बल के कई जवान उपस्थित थे।

## दुमका ने पलामू को 30 रन से हराया

**लातेहार।** रंधीर वर्मा ट्रॉफी क्रिकेट लीग का तीसरा मैच दुमका तथा पलामू के बीच खेला गया । जहां दुमका ने पलामू को 30 रन से हराया । दुमका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 49 वे ओवरों में सभी विकेट के खोकर 224 रन ही बनाए । जिसमे लक्ष्मण कुमार 83, शुभांशु वर्मा ने 43 रन का योगदान दिया । पलामू की ओर से अटल बिहारी पांडेय 4 , अभिनव कुमार ने 2विकेट चटकाए । लक्ष्य की पीछा करने उतरी पलामू ने 194 रन पर पूरी टीम ढेर हो गई । जिसमे रोहित कुमार 41, विनीत विशाल 34, स्पर्श राज 50 , अजहर रजाक ने 36 रन का योगदान दिया । दुमका की ओर से समीर कुमार पंडित 4 तथा विनय कुमार ने 4 विकेट चटकाए । मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दुमका के विनय कुमार को संघ के उपाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह के द्वारा दिया गया । मैच के अंपायर रमेश कुमार सिंह तथा हेमंत कुमार ठाकुर थे जबकि स्कोरिंग गजेंद्र कुमार ने किया । मौके पर संघ के सचिव अमलेश कुमार सिंह, मैच पर्यवेक्षक अनवर मुस्तफा समेत लाल आशीष नाथ शहदेव, मो कमानुल, शैलेश कुमार दिलीप कुमार समेत कई खेल प्रेमी उपस्थित थे ।

## महुआडांड़ में चला वाहन जांच अभियान

**महुआडांड़।** लातेहार पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर बुधवार को महुआडांड़ थाना प्रभारी आशुतोष यादव के नेतृत्व में बिरसा चौक एवं शास्त्री चौक में संघन मोटरसाइकिल वाहन जांच अभियान चलाया गया, यातायात के सुरक्षा को लेकर बिना हेलमेट के चल रहे हैं, चालकों को पकड़ा गया, बिना हेलमेट के पकड़े गए मोटरसाइकिल को थाना लाया गया, इस संबंध में थाना प्रभारी आशुतोष यादव ने कहा कि वाहन जांच अभियान प्रतिदिन लगातार चलता रहेगा, मोटरसाइकिल चालकों से निवेदन है कि हेलमेट लगाकर चले, यातायात के नियमों का पालन करें, क्योकि पकड़े जाने पर नियमित कार्रवाई की जायेगी, इस जांच अभियान में पुआनि रंतन टुडू एवं जिला बल के जवान मौजूद थे।

## कई माह से चापानल व जलमीनार खराब रहने के कारण ग्रामीणों की पेजल में हो रही है समस्या



**बारियातू।** प्रखंड अंतर्गत टोंटी पंचायत के टुण्डाहुटु ग्राम स्थित कुसुम टोला में चापानल व जलमीनार कई माह से खराब रहने से ग्रामीणों की हो रही है परेशानी।ग्रामीण सुमन देवी,उजरेन कच्छप, करूणा कच्छप, अनिशा कच्छप, मगडाली कच्छप, ज्योति, निराशो, सतन, गुडिया, पवन, विजय, लवकुश सहित कई ग्रामीणों ने बताया कि कुसुम टोला में लगा चापानल कई महीनों से खराब होकर पढ़ा हुआ है। वहीं लगा जलमीनार भी खराब है।जिस कारण हम सभी ग्रामीणों के बीच पेयजल की बहुत काफी कठिनाई हो रही है और आस पास में नजदीकी पेयजल की सुविधा नहीं है । जिसके कारण पेयजल सुविधा तथा अन्य दैनिक कार्य के लिए दूर से पानी की व्यवस्था करना पड़ता है।ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते खराब पड़े जलमीनार और चापानल को ठीक नहीं किया गया तो भीषण गर्मी में पानी की समस्या और बढ़ जाएगी।ग्रामीणों ने विभाग से खराब पड़े जलमीनार व चापानल को अविलंब मरम्मत करवाने की मांग की है।

## लेखापाल ने किया रक्तदान




**लातेहार।** कहते हैं कि विद्यालय परिवार होता है, विद्यालय के छात्र व शिक्षक हमेशा एक-दूसरे के सुख-दुख में साथ रहते हैं। लेकिन जब विद्यालय आवासीय हो तो जिम्मेवारी और भी बढ़ जाती है। ऐसा ही वाक्या लातेहार में देखने को मिला है। कस्तूरबा आवासीय विद्यालय, मनिका की आदिम जनजाति समुदाय की छात्रा फूलो कुमारी इस वर्ष मैट्रिक परीक्षा दे रही है। अचानक वह बीमार हो गई. इलाज के क्रम में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, मनिका में जांच में पाया गया कि उसे टाइफाइड है और उस कारण उसका ब्लड मात्र 6.7 ग्राम है। चिकित्सकों ने उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लातेहार रेफर कर दिया. यहां चिकित्सकों ने एक यूनिट रक्त की नितांत आवश्यकता बताई। इसके बाद इसी विद्यालय लेखापाल उमेश कुमार भारतेंदु ने एक यूनिट रक्तदान छात्रा के लिए किया। उमेश ने कहा कि पूरा विद्यालय एक परिवार है और हम साथ में एक परिवार की तरह रहते हैं।

# मैट्रिक व इंटर की परीक्षा दूसरा दिन शांतिपूर्ण रहा



**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह** जैक द्वारा आयोजित मैट्रिक व दूसरी पाली में इंटर की परीक्षा शांतिपूर्ण रही। प्रखंड के 5 परीक्षा केंद्रों में बुधवार को प्रखंड के सभी परीक्षा केंद्रों में प्रथम पाली में होने वाली परीक्षा पूरी तरह शांतिपूर्ण रही उसी प्रकार दूसरी पाली में इंटर की परीक्षा भी शांतिपूर्ण रही। प्रखंड के 10 प्लस टू राजकीय उच्च विद्यालय बरवाडीह में दूसरी पाली में इंटर परीक्षार्थियों की अनिवार्य विषय की परीक्षा ली गई। जिसमें केंद्र अधीक्षक सुनीता खलखो, स्टेंडडिंग दंडाधिकारी कनीय अभियंता राज किशोर पासवान ,पुलिस पदाधिकारी सुंदर उरांव व पुलिस बल की उपस्थिति में शांतिपूर्ण परीक्षा आयोजित किया गया। इसी प्रकार प्रखंड के परियोजना बालिका उच्च विद्यालय बरवाडीह ,परियोजना उच्च विद्यालय छिपादोहर, संत मरियम मध्य विद्यालय छिपादोहर एवं सरईडीह उच्च विद्यालय में मैट्रिक व इंटर के परीक्षा केंद्र अधीक्षक, दंडाधिकारी, पुलिस बल की उपस्थिति मेंआयोजित किया गया. प्रखंड में संचालित सभी परीक्षा केंद्रों का प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय ने बुधवार को बारी-बारी से औचक निरीक्षण किया।

# सीसीएल ट्रांसपोर्ट और ट्रक ऑनर की बैठक



**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ** बालूमाथ प्रखंड अंतर्गत चमातू पहाड़ी मंदिर परिसर में निर्धारित कार्यक्रम के तहत सीसीएल ट्रांसपोर्ट के साथ सीसीएल विस्थापित ट्रक मालिकों का एक बैठक उपप्रमुख कामेश्वर राम के अगुवाई में संपन्न हुई।बैठक में तेतरिया खाड़ के तर्ज पर भाड़ा विस्थापित ओनरों का सीसीएल और ट्रांसपोर्टर हुई। इससे पूर्व भी विस्थापित ट्रक ओनरों ने भाड़ा वृद्धि की मांग को लेकर बैठक और पत्राचार किया था । जिसके बाद पुनः बैठक में उपस्थित सीसीएल के अधिकारी ट्रांसपोर्टर ट्रक ओनर के आपसी सहमति के साथ तेतरिया माइंस के तर्ज पर भाड़ा देने की सहमति बनी। बैठक में यह भी तय हुआ कि जो ट्रांसपोर्टर संशोधित भाड़ा पर परिवहन कार्य करने से मना करते हैं तो सीसीएल उसे ब्लैक लिस्ट करने का विस्थापितों को आश्वासन दी गई। बैठक में उपप्रमुख कामेश्वर राम ,दयाशंकर ओझा डिस्पैच ऑफिसर मगध, ट्रांसपोर्टर मनीष सिंह ,मो. करीम मियां आदि के अलावे विस्थापित ऑनर विजय कुमार, मुकेश राम, आशीष कुमार, मिथुन साव, मो.जुबेर, मो. अफरोज, मो. अलीम के अलावे सैंकड़ो विस्थापित ट्रक ऑनर मौजूद रहे।

# जंयती पर याद किये गये जयवर्धन सिंह



**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह** प्रखंड के निवासी भाजपा नेता स्वर्गीय जयवर्धन सिंह की बुधवार को भाजपा मंडल कमेटी जयंती मनाई गई। प्रखंड मुख्यालय स्थित पार्टी के मंडल कार्यालय में पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने स्वर्गीय जयवर्धन सिंह की जयंती मनाते हुए जयवर्धन सिंह के तस्वीर पर पुष्पांजलि और माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उन्हें याद किया। मौके पर उपस्थित पार्टी के नेता और कार्यकर्ताओं ने जयवर्धन सिंह के भारतीय जनता पार्टी को प्रखंड के साथ-साथ पूरे जिले में मजबूत बनाने को लेकर दिए गए योगदान और क्षेत्र की जनसमस्याओं को लेकर संघर्ष को याद किया और अपने विचारों को व्यक्त किया। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, मनरेगा के सांसद प्रतिनिधि दिलीप सिंह यादव, मनोज प्रसाद, प्रदीप सिंह, सुनील सिंह, कतरू प्रजापति, राजीव कुमार सिंह राजू, मनोज प्रसाद, पंचायत समिति सदस्य प्रवीण कुमार, पारस जायसवाल, दीपक तिवारी, नंनदेव सिंह समेत कई लोग मौजूद थे।

**महत्वपूर्ण** संत जेवियर महाविद्यालय में चला सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान

# यातायात नियमों के प्रति जागरूक करें : एसडीओ



**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार** जिला के महुआडांड़ थाना व बारेसॉढ थाना पुलिस ने सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाकर सड़क सुरक्षा के नियम संत जेवियर कॉलेज महुआडांड़ विद्यार्थियों व वाहन चालकों के बीच सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता अभियान चलाया गया। अनुमंडल पदाधिकारी नीत निखिल सुरीन ने कहा कि यातायात नियमों का पालन सभी के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि सड़क दुर्घटनाएं किसी व्यक्ति विशेष कि नहीं, सड़क दुर्घटना किसी के साथ हो सकती है। जिसके कारण परिवार को बहुत बड़ी क्षति पहुंचती है। आए दिन हो रहे सड़क दुर्घटना को देखते हुए अपने परिवार जनों को सड़क सुरक्षा के लिए जागरूक करें।जिससे सड़क दुर्घटना में कमी लाई जा सकती हैं। महुआडांड़ मजिस्ट्रेट जितेन्द्र कुमार ने कहा कि हेलमेट, सीट बेल्ट आदि की महत्ता के बारे में वाहन चालकों को समझाया कि हेलमेट सिर की भारी चोटों को 70 प्रतिशत तक घटाता है एवं सीट बेल्ट का प्रयोग दुर्घटना में होने वाली मौत की संभावना को 60 प्रतिशत तक घटाता है। महुआडांड़ थाना प्रभारी आशुतोश ने सड़क सुरक्षा के यातायात नियम, हेलमेट, सीटबेल्ट का उपयोग, इमरजेंसी सेवाए, साइनेज, ट्रैफिक लाइट, हैंड साइन, इमरजेंसी सेवा, तथा अन्य संबंधित तथ्यों के संबंध में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। बारेसाढ थाना प्रभारी रंजीत यादव बताया कि देश तथा राज्य में यातायात नियमों के पालन नहीं करने वाले हजारों लोग सड़क दुर्घटना का शिकार होते हैं, जिसमें काफी लोगों की मृत्यु हो जाती है। ऐसे में हम सब की नैतिक जिम्मेदारी है कि सड़क दुर्घटना के नियंत्रण हेतु सड़क सुरक्षा से संबंधित नियमों का पालन करें तथा अपने घर परिवार के सदस्यो, मित्रों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करें। इस दौरान कॉलेज के प्राचार्य डॉ फादर एमके जोश, महुआडांड़ चिकित्सालय के डॉ सुनील कन्डुलना सिस्टर कैशलीन जूलियट प्रो कीर्ति मिंज प्रो नेहा मिंज, फा समीर टोप्पो फादर राजीप तिर्की प्रो सुभास सामंत प्रो जाफर इकबाल प्रो दिव्य शोभा प्रो मैक्स प्रो प्यारी कुजूर सभी प्राध्यापकगण व विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

## 25 लोगों का कटा बिजली कनेक्शन

**मयूरहंड(चतरा)।** चतरा जिले के मयूरहंड प्रखंड क्षेत्र में लंबे समय से बिजली बिल बकाया रखने वाले उपभोक्ताओं की अब खैर नही। बिजली विभाग अब बिजली कनेक्शन काटने के साथ कार्रवाई शुरू कर दी है। बुधवार को प्रखंड के पेटादेरी में अभियान चलाकर बिजली विभाग द्वारा लगभग पच्चीस बकाया बिजली बिल भुगतान नहीं करने वाले उपभोक्ताओं का बिजली कनेक्शन काटा गया। उक्त सभी उपभोक्ताओं के खिलाफ लगभग चौदह लाख तिरासी हजार चार सौ पंद्रह रुपये बिजली बकाया है। विभाग के कनिय अभियंता तरुण कुमार ने बताया कि बकाया बिजली बिल भुगतान करने को लेकर उपभोक्ताओं को बिजली बिल सूद माफी योजना के साथ किस्त में जमा करवाने का अवसर दिया गया।

# चार लोहा चोर लदे टेंपो सहित गिरफ्तार , जेल

**अभिजीत पावर प्लांट से चोरी की लोहा, दो गैस सिलेंडर सहित टेंपो जब्त**

**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ** थाना पुलिस ने अवैध चोरी के लोहे के साथ 4 चोर को पकड़ने में सफलता पाई है ।जिसके बारे में जानकारी देते हुए बालूमाथ थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि अभिजीत पावर प्लांट की ओर से चोरी का लोहे लगा टेम्पू बालूमाथ की ओर आ रही है। जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एएसआई संजय चौधरी एवं पेट्रोलिंग पुलिस की एक टीम गठित कर रेलवे ओवर ब्रिज के मिशन स्कूल के समीप वाहन जांच अभियान चलाया गया जहां से लोहे का पोल लदा टेंपो को जब्त किया गया ।इसके साथ में चार लोहा चोर को रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। टैंपू में लोहे का लगभग 10 पोल और दो गैस सिलेंडर है। गिरफ्तार लोहा चोरों में से मो. असगर आलम, उर्फ निहाल (30वर्ष) मो. शकील (32 वर्ष) इश्तियाक अहमद (42 वर्ष) सभी धाधु थाना बालूमाथ जिला लातेहार के रहने वाले हैं। जिन्हें गिरफ्तार कर बालूमाथ थाना कांड संख्या 45/2023 दर्ज कर विभिन्न सुसंगत धाराओं के साथ लातेहार कारा भेज दिया गया है ।जब्त लोहा अभिजीत पावर प्लांट की बताई जा रही है ।लोहे चोरी के खिलाफ पुलिसिया कार्रवाई से लोहा चोरों पर हड़कंप व्याप्त है । इस छापामारी अभियान में थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद के अलावे एएसआई संजय चौधरी एवं थाना पेट्रोलिंग पुलिस दस्ता शामिल रहे।





# लोकसभा में तीसरे दिन भी हंगामा, कार्यवाही स्थगित



**एजेंसी। नई दिल्ली**

राहुल गांधी के लंदन में दिए गए बयान को लेकर लगातार तीसरे दिन भी संसद में हंगामा जारी रहा। सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच जारी टकराव के कारण संसद के बजट सत्र के दूसरे चरण में अभी तक एक दिन भी सुचारू ढंग से लोक सभा की कार्यवाही नहीं चल पाई है। हंगामे के कारण बुधवार को सुबह 11 बजे पहले लोक सभा की कार्यवाही दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित की गई और 2 बजे भी हंगामा जारी रहने पर सदन की कार्यवाही को दिन भर के लिए स्थगित कर दिया गया।

दोपहर बाद 2 बजे जब लोक सभा की कार्यवाही शुरू हुई तो एक बार फिर हंगामेदार दृश्य ही सदन में नजर आया। भाजपा सांसद लगातार राहुल गांधी से सदन में आकर माफी मांगने की मांग कर रहे थे, वहीं विपक्षी सांसद सदन में तख्तियां (प्लेकार्ड) लहराकर नारेबाजी कर रहे थे। हंगामे और नारेबाजी के बीच केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी ने खड़े होकर लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला के स्पष्ट निर्देश का हवाला देते हुए कहा कि सदन में प्लेकार्ड लहराना गलत है और ऐसा करने वाले सांसदों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए।

उन्होंने एक बार फिर राहुल गांधी पर सदन, लोक सभा अध्यक्ष और देश का अपमान करने का आरोप लगाते हुए कहा कि राहुल गांधी विदेश में जाकर झूठ बोल रहे हैं और माफी मांगने की बजाय ये सदन में आकर तख्तियां लहरा रहे हैं। पीठासीन सभापति भर्तृहरि महताब ने बार-बार सदन में प्लेकार्ड लहराने को नियमों के खिलाफ बताते हुए हंगामा कर रहे सांसदों से अपनी-अपनी सीट पर जाकर सदन चलने देने का अनुरोध किया। लेकिन इसके बाजवूद सदन में हंगामा जारी रहा। इस हंगामे और नारेबाजी के बीच पीठासीन सभापति भर्तृहरि महताब ने जरूरी कागज सदन के पटल पर रखवा कर और आवश्यक विधायी कार्य करवाने के बाद सदन की कार्यवाही को गुरुवार, सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया।

## अब तक 54 आतंकी और 44 आतंकवादी संगठन हुए बैन

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने फरवरी 2023 तक यूएपीए की चौथी अनुसूची और प्रथम अनुसूची के अंतर्गत 54 आतंकवादियों और 44 आतंकवादी संगठनों को सूचीबद्ध कर बैन किया है। वहीं, इस साल 2023 में अब तक 4 आतंकी संगठन बैन किए जा चुके हैं। राज्यसभा में गृह मंत्रालय की तरफ से बुधवार को यह जानकारी दी गई। राज्यसभा में एक लिखित सवाल के जवाब में केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने बताया कि विधिविरुद्ध क्रियाकलाप निवारण अधिनियम (यूएपीए) के तहत वर्ष 2023 में अब तक चार संगठनों को आतंकवादी संगठनों के रूप में अधिसूचित किया गया है और उनके नामों को उक्त अधिनियम की प्रथम सूची में जोड़ा गया है। ये संगठन आतंकवाद में संलिप्त रहे हैं।

## तीन सालों में केंद्रीय बलों के 436 कर्मियों ने की आत्महत्या

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ), असम राइफल्स और एनएसजी के 436 कर्मियों ने पिछले तीन वर्षों में आत्महत्या की है। बुधवार को राज्यसभा में गृह मंत्रालय द्वारा इस बात की जानकारी दी गई है। सरकार का कहना है कि इसे रोकने के लिए विभिन्न स्तर पर कदम उठाए जा रहे हैं। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने एक सवाल के जवाब में बताया कि सीएपीएफ, असम राइफल्स और राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार, पिछले 3 वर्षों के दौरान 436 कर्मियों ने आत्महत्या की है। आंकड़ों के मुताबिक साल 2022 में 135, 2021 में 157 और 2020 में 144 कर्मियों ने आत्महत्या की है।

## NEWS इन ब्रीफ

### तेलंगाना सीएम के बेटी के पूर्व ऑडिटर से ईडी की पूछताछ

